हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 13 मई 2026

केदारनाथ धाम पर जमकर बरस रहा धन

34%आय बढ़ी, 71.06 करोड़ पहुंची

देहरादून। भक्तों की आस्था से केदारनाथ मंदिर की आय एक साल में 18 करोड़ रुपए बढ़ गई है। केदारनाथ मंदिर की वित्त वर्ष 2024-25 में चढ़ावे, दान और विभिन्न सेवाओं से कुल 71.06 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34.32% ज्यादा है।

दोबारा होगी परीक्षा, एक सप्ताह के भीतर तारीखों का होगा ऐलान, एनटीए ने माना- हम जिम्मेदार हैं, सवाल का बिना जवाब दिए निकले शिक्षा मंत्री प्रधान

नीट का पेपर लीक

300 में से 150 सवाल हूबहू निकले, परीक्षा रद्द, जांच सीबीआई को सौंपी गई

23 लाख परीक्षार्थियों की मेहनत हुई 'तबाह'

किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे, लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और हासिल हुआ- पेपर लीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेपर लीक के आरोपों के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द कर दी। यह परीक्षा 3 मई को हुई थी। 22.79 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। लीक प्रश्न बैंक में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से ज्यादा सवाल थे। इसमें से 150 सवाल हूबहू नीट के पेपर में आए। पेपर में कुल 180 सवाल हल करने होते हैं और प्रत्येक सवाल 4 अंक का होता है। यानी 720 में से 600 नंबर के सवाल सीधे प्रश्न बैंक से आए।

एनटीए के डीजी अभिषेक सिंह ने कहा कि इस गड़बड़ी के लिए हम जिम्मेदार हैं। परीक्षा दोबारा कराई जाएगी, 6-8 दिन में नई तारीख का ऐलान होगा। उधर, केंद्र सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। एजेंसी ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। एनटीए ने बताया कि भारत सरकार की मंजूरी मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया। वहीं, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से दिल्ली में इस मामले में मीडिया ने सवाल पूछा तो वह बिना कुछ बोले निकल गए। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।

पेपर प्रश्न बैंक के जरिए लीक किया गया। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से ज्यादा सवाल थे। ये सभी हाथ से लिखे गए और इनकी हैंडराइटिंग भी एक ही थी

3 मई को परीक्षा देने जाते छात्र

जांच एजेंसी पता लगा रही हैं कि आखिर यह पेपर लीक कहां से हुआ?

हालांकि, इसका खुलासा राजस्थान के सीकर से हुआ

सबसे पहले चुरु से सीकर भेजा गया था प्रश्न बैंक

पेपर प्रश्न बैंक के जरिए लीक किया गया। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से ज्यादा सवाल थे। ये सभी हाथ से लिखे गए और इनकी हैंडराइटिंग भी एक ही थी। जांच एजेंसी पता लगा रही हैं कि आखिर यह पेपर लीक कहां से हुआ। हालांकि, इसका खुलासा राजस्थान के सीकर से हुआ। केरलम के कॉलेज में एमबीबीएस कर रहे चुरु के एक लड़के ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

केरलम, राजस्थान व महाराष्ट्र तक जुड़ रहे पेपर लीक के तार

एनटीए ने पुष्टि की कि उसे परीक्षा के 4 दिन बाद, यानी 7 मई को कथित गड़बड़ियों से जुड़े इनपुट मिले थे। एजेंसी ने बताया कि यह मामला राजस्थान और उत्तराखंड से सामने आया। राजस्थान पुलिस स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कहा कि उसने नीट पेपर लीक मामले की जांच शुरू कर दी है। 12 मई तक सीकर और आसपास के ▶▶ शेष पेज 4 पर

9 साल में 25 परीक्षाएं रद्द

जुलाई 2024 में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के अनुसार 2018 से 2024 तक एजेंसी ने कम से कम 16 एग्जाम रद्द किए। कई एग्जाम कोरोना महामारी के कारण रद्द हुए तो कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

बोले राहुल गांधी

इसे अमृतकाल कहें या विषकाल?

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा - करीब 23 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट व्यवस्था ने कुचल दिया। उन्होंने दावा किया कि यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। इसे अमृतकाल कहें या विषकाल।

नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को हटाती पुलिस

परीक्षा से पहले कई जगह शेयर हो गया था प्रश्न बैंक

- **1 मई:** केरलम से राजस्थान भेजा प्रश्न बैंक
- **2 मई:** राजस्थान में पेपर शेयर हुआ
- **3 मई:** पीजी संचालक ने पुलिस में शिकायत की
- **6-7 मई:** पेपर से जुड़ी ऑनलाइन चैट वायरल
- **7 मई:** एनटीए ने गड़बड़ी की बात कही
- **8 मई:** एनटीए ने जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंपी
- **10 मई:** अब तक 13 लोग अरेस्ट

सीकर के राकेश मंडावरिया ने शेयर किया था पेपर!

पता चला है कि 'गेस पेपर' कथित तौर पर सीकर के रहने वाले राकेश मंडावरिया ने शेयर किया था, जो देहरादून में था। शुरुआती जांच में पता चला है कि 'गेस पेपर' देहरादून से राजस्थान के चुरु के एक एमबीबीएस स्टूडेंट के साथ शेयर किया गया था, जो केरलम में रहकर पढ़ाई कर रहा है।

खबर संक्षेप

राज्य अधिवक्ता परिषद के लिए मतदान संपन्न

भोपाल। मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव के लिए मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर में

मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चली वोटिंग के दौरान अदालती परिसर में चुनावी हलचल बनी रही। प्रदेश की 25 सीटों (18 पुरुष, 7 महिला) के लिए मैदान में उतरे 122 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला प्रदेशभर के लगभग 88 हजार अधिवक्ताओं ने किया।

▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

• Only 29 Years as an Institute • 24 Years as a Deemed to be University

THE World University Rankings 2026 Asia — 1st in Eastern India — 169th in Asia

THE World University Rankings 2026 — 5th Among All Universities in India — 501+ Cohort Globally

KIIT Accomplishes QS Rated Excellent & Platinum QS I-Gauge
Only University in Eastern India with QS 5-Star & Platinum Ratings

QS World University Rankings 2026 — 1st in Odisha & 8th in India among pvt. universities

• Best Campus — Outstanding infrastructure & world-class facilities
• Best Placement — Excellent Opportunities & Career Outcomes
• Best Environment & Ambience — Supportive learning environment with a vibrant campus atmosphere
• Student Friendly Campus — Student-centric approach with comprehensive support services
• Parent-Friendly Institution — Transparent communication & parent engagement

ADMISSION OPEN
KIITEE 2026 PHASE - 2
APPLY NOW through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)
Scan to Apply
Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024
admission@kiit.ac.in kiitee.ac.in 8080 735 735

Key Rankings & Achievements
A++ Grade Accredited by NAAC
nirf 2025 17th Among Indian Universities
NBA Tier 1 Re-accredited by NBA
ABET (US) Accreditation
IET Accredited Programme The Institute of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
Partnership with UN VOLUNTEERS

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

जबलपुर हाईकोर्ट में बरगी क्रूज हादसे पर राज्य सरकार ने दिया जवाब

क्रूज और बोट क्लब संचालन पर रोक, रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में हाई लेवल कमेटी गठित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर के बरगी क्रूज हादसे को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर मंगलवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश करते हुए बताया गया कि मामले की जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया गया है, जो पूरे घटनाक्रम की जांच कर रहा है।

सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि पूरे प्रदेश में फिलहाल क्रूज और बोट क्लब संचालन पर रोक लगा दी गई है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तीनों याचिकाओं का निराकरण कर दिया। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने हादसे पर गहरा दुख जताया। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि कोई आम नागरिक भी जांच समिति के समक्ष अपनी बात रखना चाहता है, तो वह अपनी जानकारी और पक्ष समिति के सामने प्रस्तुत कर सकता है। गौर हो कि जबलपुर के बरगी डैम में 30 अप्रैल को क्रूज डूबने से 13 लोगों की जान चली गई थी। इनमें 8 महिलाएं, 4 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। करीब 60 घंटे के रेस्क्यू के बाद पानी से सभी शव निकाले जा सके थे।

इस मामले में कुल तीन याचिकाएं लगी थीं, सबका निराकरण

फाइल फोटो

अब तक सरकार ने ये लिया एक्शन

हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर पहुंचकर दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया था। मृतकों के परिवार से भी मुलाकात की थी। सीएम के दौरे के बाद सरकार ने मामले में एक्शन लिया था। जिसमें क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई थीं। वहीं, होटल मैकल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया था। रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच शुरू की गई है।

जांच कमेटी 3 महीने में देगी रिपोर्ट

याचिकाकर्ता समाजसेवी पुष्पा तिवारी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता गोपेश यश तिवारी ने बताया कि इस मामले में कुल तीन याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनमें प्रमुख याचिका पुष्पा तिवारी की थी। उन्होंने बताया कि सरकार को एडवांस कॉपी भेजने का उद्देश्य यह था कि बरगी क्रूज हादसे की तत्काल और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके। अधिवक्ता तिवारी ने कहा कि हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान सरकार ने जानकारी दी कि मामले की जांच के लिए न्यायिक समिति गठित कर दी गई है। यह समिति तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि जांच समिति यह भी देखेगी कि एमपी टूरिज्म और अन्य संबंधित अधिकारियों से कहां-कहां चूक हुई और किन कारणों से इतना बड़ा हादसा हुआ।

कुशीनगर एक्सप्रेस में वृद्ध महिला से मारपीट के आरोप में टीसी पर हुआ था केस

टीसी की शिकायत पर तीन महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में कुशीनगर एक्सप्रेस में वृद्ध महिला से मारपीट के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। छह दिन पहले जिस मामले में रेलवे टीसी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था, उसी मामले में अब टीसी की शिकायत पर पुलिस ने तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है। घटना रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर हुई थी।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद नईम खान ने आवेदन देकर बताया कि वे झांसी निवासी हैं और रेलवे में डिप्टी चीफ टीसी के पद पर पदस्थ हैं। घटना के दिन वे 22538 कुशीनगर एक्सप्रेस में टिकट जांच कर रहे थे। इसी दौरान बी-3 कोच के एसी थर्ड में एक महिला बिना टिकट मिली। जब उनसे टिकट बनवाने के लिए कहा गया तो महिला के साथ मौजूद दो अन्य महिलाओं ने उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी। टीसी का आरोप है कि महिलाओं ने उन्हें नोंचा, धक्का-मुक्की की और उनके पास मौजूद रेलवे के दस्तावेज छीनकर फाड़ दिए। आरोपियों में शामिल महिला खुद को रेलवे टीसी की मां बताते हुए दबाव बना रही थी और अपने बेटे को भी रेलवे में पदस्थ बताकर रौब दिखा रही थी। टीसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो होने का दावा भी किया है। पुलिस ने मोहम्मद नईम खान के बयान के आधार पर सोमवार को तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रानी कमलापति जीआरपी थाने में 75 वर्षीय सुशीला देवी त्रिवेदी ने टीसी मोहम्मद नईम खान के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया था। सुशीला देवी का आरोप था कि वे नर्मदापुरम से ट्रेन में सवार हुई थीं और अधिक उम्र होने के कारण धीरे-धीरे स्लीपर कोच की ओर जा रही थीं। इसी दौरान टीसी ने उन्हें रोककर उनके मुंह पर मुक्का मार दिया, जिससे उनका एक दांत टूट गया था। अब दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

सांसद आलोक के प्रयासों से श्रीनगर, चेन्नई के लिए शुरू हो सकती हैं उड़ानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भोपाल के सांसद आलोक शर्मा द्वारा अन्य कई शहरों के लिए फ़्लाइट शुरू करने के प्रयास सफल होते दिखाई दे रहे हैं। एयरपोर्ट अर्थारिटी ने विभिन्न विमान कंपनियों से उड़ान शुरू करने के प्रपोजल मांगे हैं। मालूम हो कि गत दिनों विमानतल समिति की बैठक में सांसद आलोक शर्मा ने कई शहरों के लिए शुरू करने की बात की थी इसी तारतम्य में राजाभोज एयरपोर्ट से लखनऊ, श्रीनगर, चेन्नई, केरल, देहरादून, कोलकाता, जयपुर, चंडीगढ़ के लिए उड़ानें शुरू हो सकती है।

आरआईटीएस में 7 दिवसीय कार्यशाला 16 मई तक चलेगी

जावा एवं ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग कार्यशाला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आरआईटीएस) के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बी.टेक. सीएसई द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 'थिंक लाइक अ डेवलपर : जावा एवं ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग कार्यशाला' का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 16 मई तक चलेगी।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग की मजबूत आधारभूत समझ प्रदान करना तथा उनमें सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए आवश्यक तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच विकसित करना है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को जावा प्रोग्रामिंग, ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग की औद्योगिक समझ, तार्किक क्षमता विकास तथा प्रायोगिक कोडिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला के सत्र टैप अकादमी के टेक्निकल ट्रेनर एवं सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर मोहम्मद सादिक द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को हैंड्स-ऑन कोडिंग के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जा रहा है।

कार्यशला में प्रशिक्षण प्राप्त करते विद्यार्थी।

राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी उद्योग तेजी से बदल रहा है और विद्यार्थियों के लिए आधुनिक प्रोग्रामिंग भाषाओं एवं सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कौशल में दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। आरजीआई एमडी डॉ. जितेंद्र सक्सेना ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखने के लिए प्रेरित किया। आरआईटीएस के निदेशक डॉ. अजय सिंह एवं कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. चेतन अग्रवाल ने लाभ उठाने का आह्वान किया।

उज्जैन जाने का रास्ता पूछकर वारदात को दिया अंजाम

झांसा देकर वृद्धा से उतरवाए जेवर, दो जालसाज फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग इलाके में दो जालसाजों ने एक वृद्ध महिला को झांसे में लेकर उसके जेवर उतरवा लिए और फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस के अनुसार दशमेश नगर निवासी 60 वर्षीय लक्ष्मी बाथम ने शिकायत दर्ज कराई है। रविवार सुबह उनकी बेटी नम्रता बाथम उन्हें प्रभात चौराहे पर छोड़कर गई थी। वहां से वे पैदल काली मंदिर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान एक युवक ने उनसे उज्जैन जाने वाली बस के बारे में पूछा। जब उन्होंने जानकारी नहीं होने की बात कही तो युवक ने खुद को भूखा बताते हुए नाश्ता कराने का आग्रह किया। कुछ देर बाद उसका दूसरा साथी वहां पहुंचा और बातचीत करते हुए महिला के साथ चलने लगा। दोनों ने महिला को डराया कि इलाके में लूटपाट होती रहती है, इसलिए जेवर उतारकर सुरक्षित रख लें। बदमाशों की बातों में आकर वृद्धा ने कान के सोने के कुंडल और सोने के मोतियों की माला उतारकर एक पीली पन्नी में रख ली। बाद में जालसाजों ने चालाकी से वह पन्नी अपने पास रख ली और दूसरी पन्नी महिला को थमा दी। मंदिर पहुंचने से पहले दोनों युवक नाश्ता लेने का बहाना बनाकर फरार हो गए। जब महिला ने पन्नी खोली तो उसमें केवल कागज और दूसरी पन्नियां भरी मिलीं। घटना के बाद वृद्धा ने बेटी को बुलाया और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

श्रमदान सप्ताह के तीसरे दिन सभी पुराने चैक डैम की पूरी हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

झिरी स्थित उद्गम स्थल पर श्रमदान करता दल।

बेतवा नदी के सूखे उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए 10 मई को शुरू हुए श्रमदान सप्ताह के तीसरे दिन भी लगभग डेढ़ दर्जन श्रमदानी सुबह आठ बजे झिरी स्थित उद्गम स्थल पहुंचे। दोपहर 12 बजे तक श्रमदान से पिछले साल बने सभी चैक डैम की मरम्मत पूरी हो गई। आजाद सिंह डबास, परीक्षित सिंह, अरविंद द्विवेदी, हेमंत नागर राम स्वरुप, एनके भार्गव, आरके पालीवाल और मंदिर के पुजारी शामिल हुए। श्रमदान के लिए झिरी और कठोतिया की वन रक्षक समिति के दस सदस्यों ने वन रक्षक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में उत्साह से भागीदारी की। हालांकि कुछ असामाजिक तत्व श्रमदानियों के लिए आया भोजन प्रसाद चुरा कर ले गए। 16 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक श्रमदान किया जाएगा।

भोपाल
बुधवार, 13 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -11
वर्ष : 13, अंक : 41
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 42
न्यून. 30

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 खेल गतिविधियों के साथ फिटनेस...

विचार
06 नाजुक वक्त में काबिले गौर है...

खबर संक्षेप

अप्रैल में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48% पहुंची

नई दिल्ली। अप्रैल 2026 में देश की खुदरा महंगाई दर 3.48 प्रतिशत दर्ज की गई है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में यह दर 3.40 प्रतिशत थी। वहीं खाद्य महंगाई दर अप्रैल में बढ़कर 4.20 प्रतिशत हो गई, जो मार्च में 3.87 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई 3.74 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 3.16 प्रतिशत रही।

सीएम विजय ने ज्योतिषी को बनाया अपना ओएसडी

चेन्नई। तमिलनाडु में थलपति विजय की अगुवाई वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार ने एक महत्वपूर्ण राजनीतिक नियुक्ति करते हुए अपने करीबी सहयोगी, ज्योतिषी और पार्टी प्रवक्ता रिकी राधन पंडित वेट्रिवेल को मुख्यमंत्री का विशेष राजनीतिक अधिकारी नियुक्त किया है। सरकार के प्रधान सचिव की ओर से मंगलवार को जारी एक सरकारी आदेश के माध्यम से इस नियुक्ति की आधिकारिक पुष्टि की गई।

मेटा में एआई के कारण आठ हजार कर्मचारियों की छंटनी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव चरम पर है। वहीं, दूसरी ओर दुनिया के टेक जगत में एआई के कारण लोगों की नौकरियां जाने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा 20 मई को 8,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी ने केवल उन कर्मचारियों को रखना चाहती है, जो अकेले ही बड़े प्रोजेक्ट्स को संभालने की क्षमता रखते हैं।

वैभव सूर्यवंशी का रोटी बनाते वीडियो वायरल

नई दिल्ली। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से गेंदबाजों के छक्के छुड़ाने वाले वैभव सूर्यवंशी इन दिनों अपने मजाकिया अंदाज के लिए सुर्खियों में हैं। आईपीएल के मौजूदा सीजन में राजस्थान रॉयल्स के इस युवा सितारे का एक नया रूप सामने आया है। मंगलवार को फ्रेंचाइजी ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें 15 वर्षीय वैभव मास्टर शेफ बनकर रोटियां बेलते नजर आ रहे हैं।

निवेश, नवाचार और सतत विकास के साझा विजन पर केंद्रित रहा इंडो-फ्रेंच कॉन्क्लेव

मप्र व फ्रांस का सहयोग औद्योगिक विकास वैश्विक निवेश के 'नए अवसर' तैयार करेगा

उद्योग जगत के 150 प्रतिनिधि कॉन्क्लेव में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि स्पेस टेक्नोलॉजी, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग और उभरते औद्योगिक क्षेत्रों में मप्र तेजी से नई संभावनाएं विकसित कर रहा है। सिंचाई क्षमता में हुए विस्तार से कृषि आधारित उद्योगों और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को विशेष गति मिली है।

मंत्री काश्यप ने कहा कि फ्रांस सहित यूरोपीय देशों के साथ मप्र की औद्योगिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। मंत्री काश्यप ने यह बात कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ फ्रांस के भारत स्थित राजदूत थिएरी माथू सहित इंडो फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव में आए प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री निवास में भेंट की

फ्रांस के राजदूत माथू बोले

भारत से साझेदारी हो रही है मजबूत

भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथू ने कहा कि इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव भारत और फ्रांस के बीच मजबूत होते आर्थिक एवं रणनीतिक संबंधों का महत्वपूर्ण मंच है।

माथू का स्वागत करते सीएम

उन्होंने कहा कि मप्र ने अपनी उद्योग अनुकूल नीतियों और निवेश समर्थक वातावरण के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए नई संभावनाएं निर्मित की ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्य सचिव ने कहा

त्वरित निर्णय पारदर्शिता और तेज क्रियान्वयन की कार्य संस्कृति

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मप्र निवेश आधारित औद्योगिक विकास को गति देने के लिए उच्च संभावनाओं वाले क्षेत्रों पर रणनीतिक रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने बाबई औद्योगिक क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वीकृति मिलने के तुरंत बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

प्रधानमंत्री मोदी की नसीहत का असर : प्रदेश के शीर्षस्थ लोगों ने उदाहरण बनाने शुरू किए

ऊर्जा मंत्री ई स्कूटी.. भूषण ई रिक्शा से पहुंचे जस्टिस डीडी बंसल साइकिल से हाईकोर्ट गए

लेकिन, यहां असर नहीं...

खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश सिंह काफिले के साथ आए

दूसरी तरफ खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन पर नसीहत का कोई असर नहीं दिखा। वे वाहनों के काफिले के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचे और कार्यभार ग्रहण किया। वाहनों के काफिले के कारण जाम लग गया। जादौन ने बाद में गजब की सफाई दी। उन्होंने कहा कि मैं घर से तो अकेला ही चला था। पर, रास्ते में समर्थक जुटते गए और काफिला बन गया। इसमें मेरा कोई कसूर नहीं है। सोमवार को पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर ने भी शक्ति प्रदर्शन कर कार्यभार ग्रहण किया था। उन्होंने सैकड़ों वाहन लाकर ताकत दिखाई थी। इसे लेकर भाजपा प्रदेश हाईकमान ने गंभीरता से लिया।

मंत्रियों व विधायकों के लिए भी जारी हुई गाइडलाइन

पेट्रोल-डीजल की खपत कम करें कार्यकर्ता व नागरिक: हेमंत

भाजपा कार्यालय के सामने जाम

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

सत्येंद्र भूषण

नेता और कार्यकर्ता सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें: हेमंत

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री की अपील का असर जरूर होगा। आज हमारे नेताओं ने ई-रिक्शा से जाकर इसकी शुरुआत की है। हालांकि, कुछ समर्थक जरूर गाड़ियों से आ गए थे। हम अपील करेंगे कि आने वाले समय में सभी कार्यकर्ता और नागरिक पेट्रोल-डीजल की खपत कम करें। सामान्य परिवहन का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि हमारा इंपोर्ट कम हो और ▶▶ शेष पेज 4 पर

हेमंत खंडेलवाल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील का असर देखने को मिलने लगा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। इसलिए आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। उन्होंने कहा था कि भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, क्योंकि हमारे पास तेल के बड़े कुए नहीं हैं। आज ▶▶ शेष पेज 4 पर

जहां तक संभव होगा ई स्कूटी का उपयोग करूंगा : ऊर्जा मंत्री

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भोपाल स्थित अपने सरकारी आवास से ई-स्कूटी के जरिए पंचानन भवन पहुंचे और लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण के पदभार ग्रहण में शामिल हुए। इसके बाद वे ई स्कूटी से ही मंत्रालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमें वर्तमान के साथ आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण भी ठीक रखना है। मैं बाहर जिलों के दौरे पर जाऊंगा तो ट्रेन या कार का उपयोग करूंगा। लेकिन, सामान्यतः स्कूटी का उपयोग करूंगा। भोपाल, ग्वालियर में ▶▶ शेष पेज 4 पर

हाईकोर्ट जज भी चला सकते हैं साइकिल

साइकिल चला कर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट पहुंचे जस्टिस डीडी बंसल ने कहा कि यह सोच गलत है कि हाई कोर्ट के जज साइकिल से नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो, सभी लोगों को साइकिल चलाकर पेट्रोल-डीजल की बचत करना चाहिए। उन्होंने इसे पर्यावरण और देशहित से जुड़ा विषय बताया। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर

जस्टिस बंसल

एआई इमेज

पेट्रोल डीजल की बचत पर सीएम डॉ. मोहन यादव का ऐलान

13 से घटकर 8 वाहनों का हुआ सीएम का कारकेड फिजूलखर्ची पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचत की अपील के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य में नई कार्य संस्कृति अपनाने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि अब उनके कारकेड में सुरक्षा की दृष्टि से केवल न्यूनतम आवश्यक वाहन ही शामिल होंगे और किसी भी प्रकार की वाहन रैली या अनावश्यक काफिला नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मप्र राष्ट्रहित में पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने बताया कि आने वाले आदेश तक उनके सभी सरकारी और आधिकारिक दौरों में सीमित वाहनों ▶▶ शेष पेज 4 पर

मंत्रियों को भी दिए काफिला घटाने के निर्देश

शासन-प्रशासन में सादगी और अनुशासन को प्राथमिकता

पहले सीएम काफिले की ये थी व्यवस्था

पूर्व व्यवस्था के अनुसार मुख्यमंत्री के काफिले में विभिन्न सुरक्षा और प्रशासनिक जरूरतों को देखते हुए 13 वाहन शामिल रहते थे, जिनमें वार्नर, पायलट वाहन, मीडिया कार, सुरक्षा एस्कोर्ट ई-3 वाहन, काउंटर ऐसविट व्हीकल, एस्कोर्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

भोजशाला मामले में सुनवाई पूरी

भोजशाला मंदिर या मस्जिद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

> एएसआई ने 98 दिन तक सर्वे कर 2 हजार से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट पेश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

धार भोजशाला मामले में हाईकोर्ट में 6 अप्रैल से चल रही सुनवाई अब पूरी हो गई है। कोर्ट ने सभी पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया है।

मंगलवार को हाईकोर्ट में इस केस की अंतिम बहस थी। भोजशाला के मालिकाना हक को लेकर वर्ष 2022 में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की तरफ से इंदौर हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई थी। विवादित परिसर भोजशाला है या कमाल मौला मस्जिद, इसे तय करने के लिए हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ▶▶ शेष पेज 4 पर

फाइल फोटो

संघ के सह सरकार्यवाह होसबाले का बड़ा बयान

पाकिस्तान से बातचीत का रास्ता बंद नहीं करना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> एजेंडे के तहत हिंदू लड़कियों को निशाना बनाना सामान्य प्रेम संबंध नहीं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत-पाकिस्तान संबंधों और आंतरिक सुरक्षा के मुद्दों पर संघ का दृष्टिकोण स्पष्ट किया है। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि भारत को पाकिस्तान के साथ संवाद की संभावनाएं पूरी तरह खत्म नहीं करनी चाहिए और बातचीत का रास्ता हमेशा खुला रखना चाहिए। हालांकि, उन्होंने कड़े शब्दों में यह भी स्पष्ट किया कि देश की सुरक्षा और राष्ट्रीय स्वाभिमान सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की आतंकी गतिविधि या सीमा पार से होने वाले उकसावे का जवाब पूरी सख्ती के ▶▶ शेष पेज 4 पर

दत्तात्रेय होसबाले

हिमंता बिस्वा लगातार दूसरी बार बने असम के सीएम

मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव समेत कई राज्यों के सीएम मौजूद रहे

एक महिला समेत 4 नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ

गुवाहाटी। असम में नई सरकार के गठन के बाद मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। हिमंता बिस्वा ने लगातार दूसरी बार असम के सीएम के रूप में शपथ ली। साथ ही एक महिला नेता समेत 4 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री ▶▶ शेष पेज 4 पर
▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

कूनो नेशनल पार्क से आई बुरी खबर

4 चीता शावकों की हुई मौत 11 अप्रैल को हुआ था जन्म

मांद के पास उनके आंशिक रूप से खाए हुए शव मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क से बुरी खबर सामने आई है। यहां पार्क के जंगल में जन्मी मादा चीता केजीपी 12 के चारों शावक मृत पाए गए हैं। मंगलवार की सुबह जब मॉनिटरिंग टीम श्योपुर टेरिटोरियल डिवीजन पहुंची,तब उन्हें डेन साइट (मांद) के पास शावकों के शव मिले। कूनो प्रबंधन के अनुसार शावकों के शव आंशिक रूप से खाए हुए पाए गए हैं। इन शावकों का जन्म 11 अप्रैल ▶▶ शेष पेज 4 पर

शिकार किए जाने की आशंका अब कुल 50 चीते बाकी

मादा चीता के साथ शावकों की तस्वीर...एक महीने पहले की

कूनो प्रबंधन सकते में

पिछले 2 दिन से कूनो नेशनल पार्क में प्रोजेक्ट चीता को लेकर उत्साह का वातावरण था। 10 मई को मदर्स डे पर मादा चीता और शावकों की शॉर्ट फिल्म जारी की गई थी, फिर 11 मई को सीएम डॉ. मोहन यादव ने बोत्सवाना से लाई गई दो मादा चीताओ को बाड़े से खुले जंगल मे रिलीज किया था, लेकिन इसके अगले ही 4 शावकों की मौत की खबर ने कूनो प्रबंधन को सकते में ला दिया है।

देश में तीसरे नंबर पर सबसे गर्म रहे जैसलमेर के बराबर रतलाम का तापमान, तपने में ये शहर चौथे नंबर पर रहा

भोपाल में पिछले साल से ज्यादा गर्मी

बरसे शोले... रतलाम में गर्मी का ऑल टाइम रिकॉर्ड ध्वस्त, पारा 46.5 डिग्री

- भोपाल में पारा 42.6 डिग्री, यह पिछले साल से अधिक गर्म रहा
- तीन दिन और बढ़ेगी गर्मी, 15 को नए डब्ल्यूडी से बदल सकता है मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी का पारा मंगलवार को तेजी से बढ़ा। धूप के साथ आसमान से ऐसी आग बरसी कि रतलाम में पारा 46.5 डिग्री रहा, जो 76 साल का सबसे अधिक तापमान होने के साथ ही ऑल टाइम रिकॉर्ड भी है। रतलाम में वर्ष 1951 के बाद यह सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार ▶▶ शेष पेज 4 पर

राजधानी के एमपी नगर ज्योति टॉकीज के सामने दोपहर 2:10 बजे का दृश्य

यह जिले सबसे गर्म

मंगलवार को 5 जिलों में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहा। इनमें धार, श्योपुर, उज्जैन, इंदौर और खरगौन जिले शामिल हैं। यहां भीषण गर्मी रही। दतिया, गुना, नर्मदापुरम, भोपाल, खंडवा, रायसेन, दमोह, मंडला, नौगांव, सागर आदि जिलों में पारा करीब 43 से 44 डिग्री के बीच रहने से भीषण गर्मी महसूस की गई है।

इसलिए बढ़ रही गर्मी

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी राजस्थान में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। दक्षिण पश्चिमी मप्र में भी एक सकुर्लेशन है। एक ट्रफ अब दक्षिणी मप्र, छत्तीसगढ़, झारखंड से होते हुए गुजर रही है। इससे प्रदेश में राजस्थान की गर्म हवाएं असर कर रही हैं। अगले दो से तीन दिन गर्मी और बढ़ेगी। 15 मई को नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिससे मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है।

खबर संक्षेप

पीएचई विभाग के संविलयन का विरोध

भोपाल। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के तत्वावधान में मंगलवार को संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री सचिवालय में अपर मुख्यसचिव नीरज मंडलोई से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संबोधित ज्ञापन सौंपकर प्रदेश की ग्रामीण पेयजल व्यवस्था पीएचई विभाग को बंद कर पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग को सौंपकर संविलयन किए जाने का विरोध किया। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग द्वारा मंत्रिपरिषद को प्रेषित प्रस्ताव पर रोक लगाए जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में शील प्रताप सिंह पुंढीर, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री डॉ. देवीसिंह सनोडिया, व्यासमुनि चौबे, सचिव कृष्णकांत मिश्रा, प्रणव खरे आदि उपस्थित रहे।

मितव्ययिता बरतने के निर्देश अविलंब जारी हों

भोपाल। मध्य प्रदेश निगम मंडल अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रांत अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव नीलू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से यह मांग की है कि वर्तमान में प्रदेश निगम मंडलों में अध्यक्ष उपाध्यक्ष अन्य पदों पर राजनीतिक नियुक्तियां की गई है। उनके अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अन्य पदाधिकारी को खास तौर से वाहनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतने की निर्देश/आदेश अविलम्ब जारी होना चाहिए। ताकि देश के प्रधानमंत्री जहां एक और सभी से पेट्रोल डीजल कम से कम खर्च करने की बात कर रहे हैं, कम से कम गाड़ियों का उपयोग करने की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि जो निगम मंडल हानि में चल रहे हैं, वहां पर नए अध्यक्षों या उपाध्यक्ष आदि अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं होना चाहिए। संबंधित मंत्री या विभागीय एसीएस या पीएस को अध्यक्ष बनाया जाए। महासंघ के पदाधिकारी संयोजक अनिल बाजपेई, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण वर्मा हेमंत कपूर, महामंत्री गजेंद्र सिंह कोठारी, बलवंत सिंह रघुवंशी, श्याम सुंदर शर्मा आदि ने मुख्यमंत्री से प्रदेश स्तर पर आदेश प्रसारित करने का की मांग की है।

मुख्यमंत्री आज मुंगवानी में लाड़ली बहनों को देंगे 1835 करोड़ रुपए से अधिक राशि

1.25 करोड़ बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मिलेगी 36वीं किश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 13 मई को नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 36वीं किश्त जारी करेंगे। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मविश्वास और सम्मान का आधार बन चुकी है। नियमित आर्थिक सहायता से महिलाओं की परिवार के निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है, पोषण एवं स्वास्थ्य स्तर में सुधार हुआ है और ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

प्रत्येक नागरिक की जिंदगी हर कीमत पर बचाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः सीएम डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक का जीवन अनमोल है और उनकी जिंदगी को किसी भी कीमत पर बचाने के लिए राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मंगलवार को उज्जैन के असनोरिया क्षेत्र में निवासरत परिवार के 5 माह के बालक यथार्थ सिंह को 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' के माध्यम से बेहतर इलाज के लिए बेंगलुरु के नारायणा अस्पताल भेजा गया है। बच्चा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अति मुश्किल परिस्थितियों में राज्य सरकार सभी जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ी है। बालक यथार्थ का उपचार आयुष्मान निरामय योजना के अंतर्गत निःशुल्क कराया जाएगा।

मप्र देश के 'नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब' के रूप में हो रहा स्थापित

डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र उभरते आईटी राज्य से आगे बढ़ते हुए 'नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब' के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। मप्र आने वाले समय में देश की डिजिटल और तकनीकी अर्थव्यवस्था के प्रमुख ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य करेगा। राज्य सरकार की ओर से जीसीसी, एआई, सेमीकंडक्टर, ड्रोन, स्पेसटेक तथा एवीजीसी-एक्सआर जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में लागू की गई नीतियां प्रदेश को देश की नई तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित कर रही हैं। इन नीतियों से प्रदेश में वैश्विक निवेश को प्रोत्साहन मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार, नवाचार एवं कौशल विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित विकास मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

18 हजार करोड़ के तकनीकी प्रस्ताव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार वैश्विक निवेशकों और तकनीकी कंपनियों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित कर रही है। एमपीएसईडीसी को नोडल एजेंसी बनाया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 35 से अधिक बड़े तकनीकी निवेश प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं, जिनकी अनुमानित लागत 18 हजार करोड़ रुपए से अधिक है।

जीसीसी नीति लागू करने वाला मप्र

डॉ. यादव ने बताया कि मप्र देश का पहला राज्य है जिसने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी-2025 लागू की है। इस नीति से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को टेक्नोलॉजी, अनुसंधान, एनालिटिक्स और साझा सेवाओं के केंद्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पूंजीगत सब्सिडी, भूमि रियायत जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

17 को मंत्रियों के साथ वन-टू-वन, 21 से विभागवार समीक्षा बैठकें भी करेंगे

मुख्यमंत्री कल 20 विभागों के 45 अहम मुद्दों पर करेंगे समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 मई गुरूवार को मंत्रालय में राज्य सरकार के 45 महत्वपूर्ण मुद्दों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। यह 45 मुद्दे 20 विभागों से जुड़े हैं। यह बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। जो मंत्री मंत्रालय में मौजूद नहीं रहेंगे वे वर्चुअल माध्यम से जुड़कर शामिल होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, गृह, ग्रामीण और शहरी विकास, पेयजल, धार्मिक पर्यटन, औद्योगिक विकास समेत प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।

मुख्यमंत्री जिन प्रमुख मुद्दों की समीक्षा करेंगे, उनमें ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि की मुफ्त रजिस्ट्री अभियान, ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था, नर्मदा समग्र मिशन, राम वन पथगमन और कृष्ण पाथेय परियोजना, महाकाल मंदिर की तर्ज पर अन्य मंदिरों में होमगार्ड व्यवस्था, प्रदेश में नए एयरपोर्ट विस्तार, अग्निवीरों को आरक्षण और मंत्रालय में बायोमीट्रिक उपस्थिति जैसे विषय शामिल हैं। इसके अलावा पीएम मित्र पार्क और औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास आईटीआई संस्थानों को रोजगार से जोड़ने पर भी चर्चा की जाएगी। सरकार का फोकस योजनाओं की प्रगति और जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति जानने पर रहेगा।

नई एवं पुरानी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी

फाइल फोटो

विभागों को प्रस्तुति के लिए पर्याप्त समय मिलेगा

डॉ. यादव 17 मई को मंत्रियों के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। इसके बाद 21 मई से विभागवार समीक्षा बैठकें भी करेंगे। इन बैठकों में संबंधित मंत्री, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक के दौरान महत्वपूर्ण मुद्दों व विभागों को अपनी प्रस्तुति के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, ताकि योजनाओं की स्थिति और नई प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा हो सके। इन बैठकों में विभागों की नई योजनाओं, पुरानी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी। सरकार का उद्देश्य विभागों की कार्यक्षमता बढ़ाने और लंबित मामलों में तेजी लाना बताया जा रहा है।

कैबिनेट विस्तार और बदलाव की अटकलें भी तेज

उधर, मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठकों के साथ मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक सरकार कुछ मंत्रियों के कामकाज और उनके क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर रही है। राजनीतिक स्तर पर यह भी चर्चा है कि आने वाले समय में मंत्रिमंडल में नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। जबकि विवाद में रहने वाले मंत्रियों को हटाया जा सकता है। हालांकि सरकार या संगठन की ओर से अभी तक किसी संभावित फेरबदल को लेकर आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। राजनीतिक हलकों में इसे लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। बताते हैं कि अधीकृत तौर पर एक मंत्री ने पहले ही लिखित रूप से दिया है कि वे मंत्री पद पर बने नहीं रहना चाहते। इसी तरह के कयास एक और मंत्री को लेकर भी है। सरकार में अभी 4 मंत्रियों के लिए जगह है। किंतु कुछ मंत्रियों से उनके परफारमेंस के आधार पर इस्तीफा लेने व कुछ नए विधायकों को मंत्री बनाने की तैयारी पर काम चल रहा है।

खंडेलवाल ने ली भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की बैठक

भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की घोषणा, समय पर काम पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भवन निर्माण एवं संदृढ़ीकरण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर जिन जिला कार्यालयों के भवनों का भूमिपूजन व निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, उन्हें तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर पुराने जिला कार्यालयों को भी कार्यकर्ताओं की सुविधा के अनुरूप और व्यवस्थित किया जाए।

खंडेलवाल ने बैठक में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की भी घोषणा की है। खंडेलवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता को भवन निर्माण एवं संदृढ़ीकरण समिति का संयोजक बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, सीए अखिलेश जैन, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती एवं आर्किटेक्ट गौरव गर्ग को समिति का सदस्य बनाया गया है। उपरोक्त समिति कार्यालय निर्माण एवं उनके सुदृढ़ीकरण जैसे कार्यों के साथ कार्यालय में आवश्यक सुविधाओं का कार्य भी देखेंगे। समिति के सदस्य प्रभार वाले संभागों में नियमित प्रवास कर निर्माण कार्यों का अवलोकन करेंगे।

भाजपा के निर्माणाधीन जिला कार्यालयों के कार्यों को लेकर भी हुई चर्चा

बैठक में चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी।

समिति के पदाधिकारियों को सौंपा संभाग का प्रभार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भवन निर्माण एवं संदृढ़ीकरण समिति के संयोजक व सदस्यों को संबंधित कार्यों के लिए संभाग प्रभारी की भी जिम्मेदारी सौंपी है। समिति के संयोजक उमाशंकर गुप्ता को रीवा एवं शहडोल संभाग, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ को सागर व ग्वालियर संभाग, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी को भोपाल व नर्मदापुरम संभाग, प्रदेश कोषाध्यक्ष, सीए अखिलेश जैन को जबलपुर व छिंदवाड़ा एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती को इंदौर एवं उज्जैन संभाग का प्रभारी बनाया गया है।

3 दिन में समितियों का करें गठनः डीजीपी

अब पुलिस कर्मियों को 15 दिन में मिलेगा कार्यवाहक उच्च पद प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस महकमे में उच्च पद का कार्यवाहक प्रभार देने के लिए पुलिस मुख्यालय ने 15 दिन में कार्रवाई पूरी करने को कहा है। पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस इकाइयों से कहा है कि तीन दिन में इससे संबंधित समितियों का गठन कर कार्यवाहक प्रभार देने के निर्देश जारी किए हैं और सभी से कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी है।

कैलाश मकवाणा

पुलिस मुख्यालय ने पुलिस विभाग में रिक्त पदों पर कार्यवाहक पद का उच्च प्रभार देने की कार्रवाई तेज करने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी विशेष पुलिस महानिदेशकों, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों, पुलिस आयुक्त इंदौर-भोपाल तथा सभी इकाई प्रमुखों को इस मामले में कार्रवाई करने को कहा गया है। पीएचक्यू के ताजा निर्देशों के अनुसार डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा है कि आरक्षक से निरीक्षक स्तर तक तथा लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों को उच्च पद का कार्यवाहक प्रभार प्रदान करने की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूरी की जाएगी। इसके लिए जिला एवं रेंज स्तर पर समितियों का गठन तीन दिवस के भीतर करने तथा 15 दिनों के अंदर कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समयमान वेतनमान, गोपनीय चरित्रावली तथा सेवा विवरण की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी कर जानकारी मुख्यालय को दें।

जनसमस्याओं का किया त्वरित समाधान

कैबिनेट मंत्री पटेल ने कार्यालय में किया कार्यकर्ताओं से संवाद

पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मंत्री पटेल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद पटेल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

मंत्री प्रह्लाद पटेल ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

जनगणना 2027 का कार्य तेजी से जारी

अब तक एक करोड़ 84 लाख से ज्यादा मकानों की हुई गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार निरंतर प्रगति पर है। प्रदेश में एक मई 2026 से शुरू हुआ। यह फील्ड कार्य 30 मई तक संचालित किया जाएगा।

इस अभियान में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणकों की ओर से घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है। गृह विभाग की सचिव व जनगणना की नोडल अधिकारी जनगणना शिल्पा गुप्ता ने बताया कि राज्य में जनगणना कार्य के लिए एक लाख 37 हजार से अधिक मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। इनमें प्रगणकों की ओर से व्यवस्थित रूप से जानकारी एकत्रित की जा रही है। 12 मई तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में एक करोड़ 84 लाख 92 हजार 860 मकानों की गणना पूर्ण की जा चुकी है। रायसेन जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रदेश में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया संचालित की गई थी। इसमें प्रदेशवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवधि में कुल 7 लाख 46 हजार 158 परिवारों द्वारा स्व-गणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई, जिससे जनगणना कार्य को गति एवं व्यापक सहयोग प्राप्त हुआ। प्रगणकों की ओर से मोबाइल एप्लिकेशन से जानकारी दर्ज की जा रही है। कार्य की निगरानी भी डिजिटल प्रणाली से की जा रही है।

40% अनुदान वाले 20 लोगों के प्रकरण मंजूर

उद्योगों की जरूरत से बनेंगे नए कोर्स, आईटीआई से होगा एमओयू

बैठक में उद्योगपतियों से चर्चा करते कलेक्टर प्रियंक मिश्रा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उद्योगों में नई मशीनें और नए काम को लेकर अब नए कुशल कारीगरों की जरूरत है। ऐसे में उद्योग जरूरत के हिसाब से पाठ्यक्रम बता सकते हैं, जिसे आईटीआई की मदद से फ्लेक्सी एमओयू किया जाएगा। ऐसे में युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, वहीं उद्योगों को भी कुशल कर्मचारी आसानी से मिल जाएंगे।

यह बात मंगलवार को गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सभाकक्ष में जिला स्तरीय सहायता समिति एवं जिला निर्यात समिति की बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान उद्योग और नई तकनीक के बीच मौजूद टेक्नोलॉजी गैप को चिन्हित करने की बात कही। बैठक में प्रोत्साहन योजना के तहत 20 प्रकरणों को मंजूरी दी गई। योजना के तहत उद्यमियों को 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। बैठक में गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, बगरोदा और आचारपुरा इंडस्ट्री एसोसिएशन के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ढोढन बांध क्षेत्र में आंदोलनरत विस्थापित आदिवासी और किसान परिवारों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं

सरकार परियोजना प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और सम्मानजनक पुनर्वास देने में विफलः जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीतू पटवारी मंगलवार को केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत बनने वाले ढोढन बांध क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने आंदोलनरत विस्थापित आदिवासी और किसान परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार और प्रशासन पर आदिवासियों की आवाज दबाने तथा विपक्ष को रोकने के आरोप लगाए। पटवारी भारी पुलिस बंदोबस्त और प्रशासनिक रोक-टोक के बीच कांग्रेस नेताओं के साथ प्रभावित गांवों तक पहुंचे। प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर उनके काफिले को रोकने की कोशिश की।

वन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें जंगल क्षेत्र में जाने से रोकते हुए तर्क दिया कि उनके प्रवेश से वन्यजीव प्रभावित हो सकते हैं। इस पर पटवारी ने कहा कि जहां बड़े पैमाने पर मशीनें, निर्माण कार्य और सैकड़ों मजदूर लगातार काम कर रहे हैं, वहां विपक्षी नेताओं को पीड़ित आदिवासियों से मिलने से रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक रवैया है।

केन-बेतवा परियोजनाः विस्थापित आदिवासियों से मिलने पहुंचे पटवारी

निर्माण कार्यों पर सवाल

पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार के निर्देश पर उन्हें प्रभावित परिवारों से मिलने से रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। उन्होंने प्रशासन द्वारा दिए गए इस तर्क पर भी सवाल उठाया कि उनके दौरे से बाघ, चीते और हाथी परेशान होंगे। उन्होंने कहा कि यदि जंगल और वन्यजीवों की इतनी चिंता है तो फिर बड़े स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों को क्यों नहीं रोका जा रहा।

आंदोलन कर रहे लोगों से चर्चा करते पटवारी।

यह जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और सम्मान की लड़ाईः पटवारी

पटवारी ने कहा कि यह लड़ाई केवल जमीन अधिग्रहण की नहीं, बल्कि आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और सम्मान की लड़ाई है। पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार परियोजना प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और सम्मानजनक पुनर्वास देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि केवल कागजी मुआवजा देकर आदिवासी परिवारों का भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। संविधान और प्राकृतिक न्याय की भावना कहती है कि जिन परिवारों की जमीन और जंगल छीने जाएं, उन्हें जमीन के बदले जमीन और सम्मानजनक पुनर्वास मिलना चाहिए।

सागर में मृतक युवकों के परिवारों से मिलकर पटवारी ने जताई शोक संवेदनाएं

पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते पटवारी।

भोपाल। प्रदेश में शराब माफिया ने सागर में दो युवाओं, सूरज अहिरवार एवं नीरज प्रजापति की निर्मम हत्या कर दी। मंगलवार को जीतू पटवारी सागर में उनके निवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इसके साथ ही दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं दुख की इस घड़ी में परिवार को संबल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भाजपा राज नहीं, जंगलराज चल रहा है। अपराधियों और माफिया के हौसले बुलंद हैं और सरकार की नाकामी निर्दोष लोगों की जान ले रही है।

मृतक युवक को श्रद्धांजलि देते पटवारी।

7 पारिवारिक विवाद के चलते पिता ने अपने ही बेटे...

8 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पहुंचीं निगमायुक्त कचरा ...

अर्जुन नगर के 38 परिवारों ने डाला कलेक्टोरेट में डेरा

कान्हासैया का कहकर कंकाली मंदिर लालपुरा जंगल में भेजा, झुग्गीवासी भड़के, जाने से किया साफ इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या बाइपास से एयरपोर्ट तक दस लेन सड़क का काम जारी है। जिसकी हद में आने वाले अवैध कब्जे और निर्माणों को हटाया जा रहा है। पिछले दिनों गोविंदपुरा एसडीएम भुवन गुप्ता ने नगर निगम की टीम के साथ मिलकर अर्जुन नगर में रहने वाले 38 परिवारों को बेदखल कर दिया था। इन परिवारों को कान्हासैया में विस्थापन किया जाना था, लेकिन ऐन मौके पर इन्हें 30 किमी दूर कंकाली मंदिर के पास लालपुरा में शिफ्ट होने की बात कही गई। परिवार के लोग जब यहां पहुंचे तो यहां सड़क, बिजली, पानी और रोजगार के साधन नहीं थे, जिसके बाद महिलाएं मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मिलने पहुंचीं, लेकिन कलेक्टर शाम छह बजे तक कलेक्टर दफ्तर नहीं आए, जिसके बाद रहवासी वापस आ गए। अब बुधवार को भी यह लोग कलेक्टोरेट जाएंगे।

बीते दिनों अर्जुन नगर से 38 परिवारों को बेदखल कर किया गया था लालपुरा शिफ्ट

जब झुग्गीवासी लालपुरा पहुंचे तो नहीं थे बिजली पानी और रोजगार के साधन

लालपुरा शहर से 30 किमी दूर, ऐसे में गरीब परिवारों का पूरी तरह से छिन जाएगा रोजगार

कलेक्टोरेट में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के इंतजार में बैठीं महिलाएं।

झुग्गीवासी लक्ष्मी ने बताया कि अर्जुन नगर में 38 परिवारों की करीब सौ से अधिक आबादी को बेघर किया गया है। पिछले दो दिन से हम लोग भरी दोपहरी में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। लालपुरा शहर से 30 किलोमीटर दूर है, ऐसे में वहां जाने से गरीब परिवारों का रोजगार पूरी तरह से छिन जाएगा। स्थानीय निवासी आरती शर्मा ने बताया कि पिछड़ा वर्ग मंत्री और गोविंदपुरा विधायक कृष्णा गौर ने भी कान्हासैंया में शिफ्ट करने की बात कही थी, लेकिन वहां शिफ्ट नहीं किया जा रहा है।

न्यायालय परिसर में बने मतदान केंद्र की कतार में लगे अधिवक्ता।

मप्र अधिवक्ता परिषद का मतदान संपन्न

भोपाल में 63.3% अधिवक्ताओं ने पसंदीदा प्रत्याशी को डाले वोट

कड़ी धूप में वोट डालने पहुंचे अधिवक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वाचन के लिए मंगलवार को भोपाल के अधिवक्ताओं ने जिला न्यायालय में बनाए गए मतदान केंद्रों में मतदान किया। 6288 सदस्यों में से 3921 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 63.3 प्रतिशत मतदान किया। मतदान मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया।

मतदान के चलते जिला न्यायालय के आस-पास वाहनों की पार्किंग के कारण काफी भीड़ भाड़ रही। इस निर्वाचन में संपूर्ण मध्य प्रदेश से 122 एवं भोपाल से 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। इन 122 प्रत्याशियों में से 18 पुरुष और 7 महिला सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। भोपाल से मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वतमान को-चेयरमैन विजय चौधरी, पूर्व को -चेयरमैन और मानद सचिव मो. महबूब अंसारी, पूर्व को -चेयरमैन राजेश व्यास, जिला अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष पीसी कोठारी, रचना सिंह चौहान, चन्द्रकुमार वलेजा, अपूर्वा सिंह ,लक्ष्मी मीना, सुहाग सिंह सोलंकी, कपिल मेहरा, प्रशांत हर्णे, देवेंद्र प्रकाश मिश्रा, प्रतापभानु सिंह राजपूत, शेखर शर्मा, अनिल पाटिल, राजेश नेमा, राजकुमारी शर्मा , साधना गौर, राजश्री पाण्डेय एवं महेश मौर्य चुनाव मैदान में उतरे थे। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा इस चुनाव के लिए अपर जिला न्यायाधीश मनोहर लाल पाटीदार को मतदान अधिकारी बनाया था। उनके नेतृत्व में अन्य न्यायाधीश, अधिवक्ता तथा न्यायिक कर्मचारियों ने मतदान की व्यवस्था में सहयोग किया।

यहां आयुर्वेद चिकित्सा पाठ्यक्रम का छात्र रह चुका है आरोपी, खुलासे के बाद हड़कंप

सीहोर से जुड़े नीट प्रश्नपत्र लीक के तार, श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी का पूर्व छात्र रहा है आरोपी शुभम खैरनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर में भी अब कथित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले के तार जुड़ते नजर आ रहे हैं। राजस्थान पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी डॉ. शुभम खैरनार का संबंध सीहोर स्थित श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज से सामने आया है। आरोपी यहां आयुर्वेद चिकित्सा पाठ्यक्रम का छात्र रह चुका है।

मामले के खुलासे के बाद शिक्षा जगत और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। जानकारी के अनुसार, 3 मई 2026 को आयोजित नीट परीक्षा में कथित धांधली और प्रश्नपत्र लीक की जांच कर रही राजस्थान पुलिस की विशेष अभियान शाखा ने नाशिक निवासी डॉ. शुभम खैरनार को हिरासत में लिया है। उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में उसके संपर्क कई राज्यों तक होने की बात सामने आ रही है।

राजस्थान पुलिस ने लिया हिरासत में, लगातार चल रही पूछताछ

प्रारंभिक जांच में शुभम के कई राज्यों से पता चले हैं संपर्क

2021 में श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी में बीएएमएस पाठ्यक्रम में लिया था प्रवेश

एनएसयूआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री और एनटीए अध्यक्ष का पुतला फूंका। इनसेट में शुभम।

सूत्रों के अनुसार, शुभम खैरनार ने वर्ष 2021 में श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी में बीएएमएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था। इसके बाद वह लंबे समय तक विश्वविद्यालय नहीं पहुंचा। हालांकि उसके नाम और यूनिवर्सिटी कनेक्शन के सामने आने के बाद जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि कहीं प्रश्नपत्र लीक नेटवर्क का कोई सिरा सीहोर से तो नहीं जुड़ा है।

एनएसयूआई ने नीट परीक्षा रद्द होने पर फूंका केंद्रीय शिक्षा मंत्री और एनटीए अध्यक्ष का पुतला

नीट परीक्षा रद्द होने के विरोध में एनएसयूआई ने प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और एनटीए अध्यक्ष प्रदीप जोशी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि देशभर में हर वर्ष करीब 30 लाख छात्र-छात्राएं नीट की तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। छात्रों ने आरोप लगाया कि लगातार हो रही गड़बड़ियों से परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। परमार ने कहा, मेडिकल क्षेत्र की प्रतिष्ठित परीक्षा नीट में हर वर्ष पेपर लीक की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे लाखों छात्र परेशान होते हैं। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में गठित समिति से कराई जाए, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके। वहीं एनएसयूआई के भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने आरोप लगाया कि शिक्षा माफिया अमीरों को लाभ पहुंचाने परीक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय का इस मामले से कोई संबंध नहीं: तिवारी

विश्वविद्यालय प्रबंधन ने आरोपी से किसी भी प्रकार का सक्रिय संबंध होने से इनकार किया है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु मुकेश तिवारी ने स्पष्ट किया कि शुभम ने केवल प्रवेश लिया था, लेकिन उसने कभी नियमित पढ़ाई नहीं की और न ही किसी परीक्षा या अन्य गतिविधि में भाग लिया। कुलगुरु तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय का इस मामले से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि छात्र का रिकॉर्ड विश्वविद्यालय में मौजूद जरूर है, लेकिन वह प्रवेश के बाद लगभग निष्क्रिय रहा। देशभर में नीट परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक और गड़बड़ियों को लेकर पहले से विवाद बना हुआ है। इससे पहले भी कई राज्यों में मेडिकल छात्रों और अभ्यर्थियों पर कार्रवाई हो चुकी है। अब राजस्थान पुलिस की जांच में सीहोर कनेक्शन सामने आने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

कुछ के बदले रूट, 19 मई तक रहेगा असर

भोपाल से गुजरने वाली कई ट्रेनें 18 तक रहेंगी निरस्त

फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य रेलवे के पुणे मंडल में दौंड-मनमाड़ रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के तहत 16 से 18 मई 2026 तक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इसके चलते भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी, जबकि कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। जानकारी के अनुसार पुणे-गोरखपुर, गोरखपुर-हडपसर, पुणे-दानापुर, दानापुर-हडपसर, झांसी-हडपसर और जबलपुर-पुणे समेत कई स्पेशल ट्रेनें 14 मई से 19 मई के बीच अलग-अलग तारीखों में रद्द रहेंगी। इससे लंबी दूरी के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

यह ट्रेनें रहेंगी निरस्त

- गाड़ी संख्या 01415 पुणे-गोरखपुर स्पेशल 14 से 18 मई तक निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर-हडपसर स्पेशल 15 से 19 मई तक निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 01449 पुणे-दानापुर स्पेशल 16 से 17 मई तक निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 01450 दानापुर-हडपसर स्पेशल 16 से 17 मई तक निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 01924 वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई झांसी-हडपसर स्पेशल 16 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 01923 हडपसर-वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई झांसी स्पेशल 17 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 02132 जबलपुर-पुणे स्पेशल 17 मई को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 02131 पुण-जबलपुर स्पेशल 17 मई को निरस्त रहेगी।

नॉन इंटरलॉकिंग कार्य का असर

नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर एक्सप्रेस, बेंगलुरु-नई दिल्ली एक्सप्रेस, जम्मूतवी-पुणे एक्सप्रेस, हुबली-बनारस एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। कुछ ट्रेनों को मनमाड़-नाशिक-इगतपुरी-कल्याण-पनवेल होकर चलाया जाएगा, जबकि कुछ ट्रेनें सूरत-लातूर रोड-परभानी-छत्रपति संभाजीनगर मार्ग से गुजरेंगी। रेलवे ने बताया कि हडपसर-बनारस और बनारस-हडपसर एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाने के दौरान पनवेल, कल्याण और नाशिक स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा।

बगैर सूचना यातायात होता है प्रभावित

भोपाल में धरना-प्रदर्शन, रैलियों के लिए पूर्व सूचना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल नगरीय क्षेत्र में विभिन्न समुदायों, संगठनों, राजनीतिक दलों, समितियों, प्रतिनिधि मंडलों एवं आयोजकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर, त्योहारों एवं सामाजिक कार्यक्रमों के अवसर पर धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, जुलूस, रैली, आमसभा, पुतला दहन, पदयात्रा, रथयात्रा, कार्यालय/निवास एवं शासकीय भवनों का घेराव, ज्ञापन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उक्त कार्यक्रम प्रायः सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होने के कारण कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक हो जाता है, ताकि आम नागरिकों के सामान्य जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े तथा किसी भी प्रकार की हिंसक गतिविधि अथवा सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचने की संभावना को रोका जा सके। ऐसे कार्यक्रमों की पूर्व सूचना पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु समय रहते समुचित पुलिस एवं यातायात प्रबंध किए जा सकें।

राहुल गांधी के खिलाफ समन निरस्त करने से हाईकोर्ट का इंकार

भोपाल की विशेष अदालत में लंबित मानहानि प्रकरण के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मंगलवार को मप्र हाईकोर्ट में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भोपाल की विशेष अदालत में लंबित मानहानि प्रकरण के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान की ओर से जवाब पेश करने मोलहत मांगी गई। जस्टिस पीके अग्रवाल की सिंगल बेंच ने दो दिन की मोहलत देते हुए मामले को अंतिम सुनवाई के लिए 14 मई को नियत किया है। कोर्ट ने फिलहाल ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। दरअसल, भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के परिवाद पर एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा राहुल गांधी को समन जारी किया गया था। समन व परिवाद को निरस्त कराने हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। राहुल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा एवं अजय गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने आरोपों को नकारते हुए परिवाद को बेबुनियाद बताया।

2018 की झाबुआ में हुई कांग्रेस की सभा का है मामला

राहुल गांधी ने याचिका में भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि केस को चुनौती दी है। कार्तिकेय सिंह ने एमपीएमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दायर कर कहा है कि 2018 में राहुल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उस समय झाबुआ में हुई चुनावी सभा में राहुल गांधी ने एक भाषण के दौरान कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय का नाम लिया था। राहुल गांधी ने तुलना करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ पर कार्रवाई हुई, लेकिन मप्र में ऐसा नहीं हुआ। इस बयान को लेकर कार्तिकेय सिंह चौहान ने इसे अपनी छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताते हुए मुकदमा दायर किया है। इसी मामले में राहुल गांधी को समन जारी किया गया है।

हाई कोर्ट जबलपुर (फाइल फोटो)

निगम के अमले ने हटाए विश्वकर्मा नगर, कोलार, सूरज नगर में अवैध कब्जे

भारत टॉकीज क्षेत्र में मेट्रो प्रोजेक्ट के दायरे में आ रहीं 12 दुकानों पर चली जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भारत टॉकीज क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर मेट्रो प्रोजेक्ट के दायरे में आ रही 12 दुकानों पर जेसीबी चली। निगम का अमला यहां कार्रवाई करने सुबह 11 बजे पहुंच गया था। तीन घंटे से ज्यादा समय तक चली कार्रवाई के दौरान जेसीबी से दुकानों को तोड़ा गया और सामग्री जप्त की गई। इसी तरह शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में हुई कार्रवाई के तहत विश्वकर्मा नगर व कोलार रोड क्षेत्र में अवैध रूप से बने चबूतरे, मंदाकनी क्षेत्र में पक्का जीना, सूरज नगर क्षेत्र में कच्चा निर्माण व मकान के चारों ओर लगी जालियों को भी हटाया गया। भारत टॉकीज क्षेत्र में मेट्रो के रूट के चलते कई अतिक्रमण पूर्व में ही चिन्हित किए गए थे, जिन्हें हटाया जाना था। उक्त रूट पर अब निर्माण कार्य तेज हो गया है। यह अतिक्रमण उसमें बाधक थे, जिसे हटाया गया।

इसी तरह शहर के अन्य क्षेत्रों कोलार बीमा कुंज, मंदाकिनी रूद्राक्ष हास्पिटल, प्रियंका नगर, गरीब नगर, सूरज नगर गौरागांव, सूरज नगर चौराहा, माता मंदिर सांई मंदिर, कमला नगर थाना, पुराना कमला नगर, भारत माता चौराहा, कमला पार्क, रायसेन रोड अप्सरा टाकीज, कबाड़खाना, ईदगाह हिल्स, बैरसिया रोड, डीआईजी बंगला, हमीदिया रोड, बावडियां कलां, शाहपुरा थाना, भारत टाकीज, काली जी का मंदिर से लिली टाकीज आदि क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

भारत टॉकीज के पास कार्रवाई करती निगम की जेसीबी।

आज भी होगी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया व नासिर खान ने बताया कि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बुधवार को अतिकमण हटाने की कार्रवाई होगी। शहर के मुख्य बाजारों को जोड़ने वाली सडकों और सार्वजनिक स्थलों से रात में भी अतिकमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

मप्र मेट्रो में छंटनी शुरू, इंजीनियरों को हटाया, कुछ कर्मचारियों को मूल विभाग में भेजे जाने की तैयारी

मप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन में कर्मचारियों की छंटनी शुरू हो गई है। जबकि कई को उनके मूल विभाग भेजने की भी तैयारी है। जनवरी में 9 कर्मचारियों को बिना कारण हटाने और 6 को वापस दिल्ली मेट्रो कॉरपोरेशन में यानि उनके मूल विभाग भेजने के बाद हाल में कई इंजीनियरों की छुट्टी कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार मेट्रो में कई इंजीनियर ठीक से अपने दायित्व नहीं निभा रहे थे। हालांकि इसकी पुष्टि मेट्रो प्रशासन ने नहीं की है। इस संबंध में जानकारी के लिए मप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक एस. कृष्णा चैतन्य से मोबाइल पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने कॉल अटैंड नहीं किया। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में छंटनी किए गए कर्मचारी ऑपरेशन, मेंटनेंस और डिजाइन सेक्शन के बताए गए थे, जिन्हें बिना कारण बताए हटा दिया गया था।

अधिकांश स्टेशन वीरान कर्मियों को काम नहीं

मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर में मेट्रो का संचालन भले ही हो रहा हो, लेकिन इन दिनों मेट्रो के आठों स्टेशन वीरान हैं। क्योंकि मेट्रो को यात्री नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में स्टेशनों पर तैनात कर्मचारियों के पास कोई काम ही नहीं है। उन्हें केवल बैठे रहने का वेतन देने से बचने मेट्रो प्रशासन ने छंटनी करना शुरू कर दी है। कुछ स्टेशन तो ऐसे भी बताए जा रहे हैं जहां बीते कई दिनों से एक भी पैसेंजर नहीं आया।

जैकेट का शेष....

सबसे पहले चुरु से ...

प्रश्न बैंक सीकर में अपने दोस्त को भेजा। दोस्त ने सीकर के एक पीजी संचालक को दिया। उसने पीजी में रहने वाले स्टूडेंट्स को इसे शेयर कर दिया। इसी तरह दूसरे छात्रों और करियर काउंसलर्स तक पहुंचा। इसी तरह बंटता चला गया। परीक्षा होने के बाद सीकर के एक पीजी संचालक ने उद्योग नगर थाने और एनटीए को यह शिकायत दी थी कि एक कथित प्रश्न बैंक बड़ी संख्या में छात्रों को मिला है। आंसर-की और परीक्षा से जुड़ी चर्चाएं ऑनलाइन सामने आने के बाद छात्रों और कोचिंग सेंटर्स में एक कथित बैंक को लेकर चर्चा शुरू हुई, जो कथित तौर पर असली परीक्षा से काफी मिलता-जुलता था।

केरलम, राजस्थान व ...

इलाकों से 13 लोगों को अरेस्ट किया। इस मामले के तार केरलम, राजस्थान, महाराष्ट्र तक जुड़ रहे हैं। नासिक पुलिस ने बताया कि नीट पेपर लीक मामले में यहां युवक को हिरासत में लिया गया है। राजस्थान पुलिस की एक टीम यहां पहुंचने वाली है। आरोपी फिलहाल बीएएमएस की पढ़ाई कर रहा है। इसके अलावा, पता चला है कि वह एक मेडिकल काउंसलिंग एजेंसी भी चलाता है।

9 साल में 25 ...

प्रशासनिक या तकनीकी कारणों से स्थगित करने पड़े। इस तरह बीते 9 सालों में करीब 25 परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं। पेपर लीक होने और अनियमितताओं की वजह से एग्जाम रद्द होने के मामले चर्चा में रहे। वहीं 2024 तक 240 से अधिक एग्जाम कराए, जिनमें 5.4 करोड़ से ज्यादा छात्र शामिल हुए।

पेज एक का शेष....

मप्र व फ्रांस ...

कन्वेंशन सेंटर में इंडो-फ्रेंच कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मप्र और फ्रांस के बीच यह सहयोग आने वाले समय में और अधिक सशक्त होगा तथा यह साझेदारी औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति के नए अवसर तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप निवेशक-अनुकूल नीतियां विकसित की हैं, जिससे उद्योगों के लिए भरोसेमंद और सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि मप्र देश के हृदय स्थल पर स्थित होने के कारण भारत के प्रमुख बाजारों तक सहज और संतुलित पहुंच प्रदान करता है, जिससे लॉजिस्टिक्स और सप्लाई नेटवर्क अत्यंत सुगम एवं किफायती बनता है।

मजबूत अधोसंरचना और निवेश अनुकूल वातावरणः प्रमुख सचिव सिंहः औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मप्र अपनी केंद्रीय भौगोलिक स्थिति के कारण देश के लगभग 50 प्रतिशत उपभोक्ता बाजार तक सहज पहुंच प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि मजबूत औद्योगिक अधोसंरचना, 31 गीगावाट विद्युत क्षमता, प्रचुर जल उपलब्धता, 8 एयरपोर्ट, 5 आर्थिक कॉरिडोर, विस्तृत सड़क नेटवर्क और एक लाख एकड़ से अधिक औद्योगिक भूमि मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस के साथ फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, नवीकरणीय ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग, एयरोस्पेस और मेडिकल डिवाइसेस जैसे क्षेत्रों में व्यापक संभावनाएं हैं। इंडो-फ्रेंच चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महानिदेशक सुश्री पायल एस. कंवर ने कहा कि मप्र फ्रांसीसी निवेश के लिए तेजी से उभरता हुआ विकास केंद्र है और यह कॉन्क्लेव व्यापार, नवाचार और सतत विकास के नए अवसरों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारत से साझेदारी ...

हैं। फ्रांस और भारत के बीच दीर्घकालिक एवं भरोसेमंद साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि भारत में 700 से अधिक फ्रांसीसी कंपनियां कार्यरत हैं, जो रोजगार सृजन, नवाचार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

त्वरित निर्णय, पारदर्शिता ...

परियोजना पर कार्य शुरू हुआ और अल्प समय में ही पूरे औद्योगिक क्षेत्र का आवंटन कर 11 इकाइयों का भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि वस्त्र उद्योग सहित कई क्षेत्रों में तेजी से निवेश और विस्तार हो रहा है तथा उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए 18 नई क्षेत्रीय नीतियां लागू की गई हैं।

ऊर्जा मंत्री ई ....

हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। जिन शहरों में मेट्रो है, वहां लोग मेट्रो का इस्तेमाल करें। प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के इस आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का नसीहत का नतीजा था कि मंगलवार को जहां सत्येंद्र भूषण ने ई रिक्शा से जाकर लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ई- स्कूटी से वल्लभ भवन पहुंचे। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल 3 किमी तक साइकल चला कर कोर्ट गए।

जहां तक संभव ....

यदि अतिआवश्यक कार्य से जाना है तो कार का उपयोग करूंगा। प्रधानमंत्री की अपील का असर भोपाल दक्षिण-पश्चिम से भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी पर भी रहा। वे सोमवार को ई-रिक्शा से सफर करते नजर आए। सबनानी लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पंकज जोशी, उपाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन और कुश समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाह के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने ई-रिक्शा से उनके दफ्तर पहुंचे।

हाईकोर्ट जज भी...

कहा कि वे मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा से प्रेरित होकर साइकिल चला रहे हैं।

नेता-कार्यकर्ता सार्वजनिक ...

डीजल-पेट्रोल का उपयोग सीमित रहे, इसके लिए सभी को मिल कर प्रयास करना होगा।

13 से घटकर ...

का ही उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी मंत्री अपने भ्रमण के दौरान समय और संसाधनों का समुचित उपयोग करें तथा अनावश्यक वाहनों के उपयोग से बचें। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन में सादगी और अनुशासन को प्राथमिकता दी जाएगी। आगामी आदेश तक मेरे कारकेड में सुरक्षा की दृष्टि से न्यूनतम वाहन होंगे और भ्रमण के दौरान कोई वाहन रैली नहीं होगी। सीएम के भोपाल में स्थानीय भ्रमण के दौरान आगामी आदेश तक सुरक्षा काफिले में 13 वाहनों के स्थान पर केवल 8 वाहन शामिल किए जाएंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय प्रशासनिक पारदर्शिता, संसाधनों के बेहतर उपयोग और सरकारी खर्च में मितव्ययिता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

निगम और मंडल के पदाधिकारियों को नसीहतः मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य में हाल ही में नियुक्त किए गए निगम और मंडल के पदाधिकारी भी सादगी के साथ अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। इससे सरकारी कार्यक्रमों में अनावश्यक दिखावे को कम करने और संसाधनों के बेहतर उपयोग का संदेश जाएगा। सीएम ने प्रदेशवासियों से भी अपील की है कि वे सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे न केवल ईंधन की बचत होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। सीएम ने अंत में लिखा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि हैं।

पहले सीएम काफिले ...

-ई-1, वीआईपी/ बीआर कार, एस्कोर्ट ई-2, एस्कोर्ट ई-4, स्पेयर वाहन, पार्टी कार प्ल्स-2, एंबुलेंस और टेल कार समेत अन्य सुरक्षा इकाइयों के वाहन शामिल थे। नए आदेश के अनुसार मुख्यमंत्री के काफिले में अब निम्न 8 वाहन शामिल होंगे। इसमें पायलट वाहन, मीडिया कार, एस्कोर्ट वाहन-1 (ई-1), व्हीआईपी, एस्कोर्ट वाहन-2 (ई-2), स्पेयर वाहन (बी.आर. कार), एंबुलेंस और टेल कार शामिल है।

भोजशाला मंदिर या...

सर्वे करने के लिए कहा था। एएसआई ने 98 दिनों तक सर्वे कर दो हजार से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट पेश की, जिसमें बताया गया कि भोजशाला एक मंदिर था और उसे 12वीं शताब्दी में बनाया गया था, जबकि मुस्लिम पक्ष ने इस सर्वे पर आपत्ति दर्ज कराई थी और सर्वे की वीडियोग्राफी भी मुहैया कराने की मांग की थी। सुनवाई में हिंदू पक्ष की ओर मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने भोजशाला के मंदिर होने के तर्क रखे थे। उनका कहना था कि हिंदू समाज को भोजशाला में अनुच्छेद 25 के अनुसार पूजा का अधिकार मिले तथा मुस्लिम समाज को भोजशाला परिसर में किसी भी धार्मिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। वहीं ब्रिटिश म्यूजियम में रखी मां वाग्देवी की प्रतिमा को फिर भोजशाला में लाकर स्थापित करने की बात कही गई। सुनवाई के दौरान एएसआई ने भी अपना पक्ष रखा और कहा था कि वर्तमान ढांचा पहले के मंदिरों के हिस्सों से बनाया गया था। उधर, मुस्लिम पक्ष की तरफ से कहा गया कि जमीन का मालिकाना हक तय करने के लिए जो खसरे और ऋण पुस्तिका होती हैं, उसमें भोजशाला का उल्लेख है और जब देश स्वतंत्र हुआ था, तब परिसर में मस्जिद थी और वहां नमाज भी होती थी। मुस्लिम पक्ष ने इस केस को सिविल मामला भी बताया है।

पाकिस्तान से बातचीत ...

साथ दिया जाना चाहिए। होसबाले ने अतीत का हवाला देते हुए बताया कि भारत ने हमेशा शांति की पहल की है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की लाहौर बस यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तानी नेतृत्व को आमंत्रित करने जैसे प्रयासों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इन तमाम सद्भावनाओं के बदले में भारत को पुलवामा जैसे आतंकी हमले मिले, जिससे यह साफ होता है कि पाकिस्तान लगातार तनाव पैदा करने की कोशिश करता रहा है। उनके अनुसार, राजनयिक संबंध और वीजा जैसी व्यवस्थाएं इसलिए बनी रहनी चाहिए ताकि भविष्य में सुधार की कोई खिड़की खुली रहे, लेकिन पड़ोसी देश की सुई चुभाने वाली हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मुस्लिम नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इस समुदाय में राष्ट्रवादी नेतृत्व का उभरना फिलहाल कठिन नजर आता है, क्योंकि अक्सर वहां अलगाववादी सोच को समर्थन मिलता है। वहीं 'लव जिहाद' के मुद्दे पर उन्होंने इसे एक सुनियोजित साजिश करार दिया। होसबाले ने कहा कि यदि किसी विशेष एजेंडे के तहत हिंदू लड़कियों को निशाना बनाया जाता है, तो उसे सामान्य प्रेम संबंध नहीं माना जा सकता और प्रशासन को ऐसे मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेना चाहिए।

एक महिला समेत....

अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सीएम डॉ. मोहन यादव समेत कई राज्यों के सीएम मौजूद रहे। असम में तीसरी एनडीए सरकार बनी है और सरमा राज्य में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री बन गए हैं।

4 चीता शावकों ...

2026 को हुआ था और वे महज एक महीने के थे। मॉनिटरिंग टीम ने 11 मई की शाम को इन्हें अंतिम बार जीवित देखा था। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी अन्य जंगली जानवर ने इनका शिकार किया है, हालांकि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम के बाद ही सामने आएगी। राहत की बात यह है कि मादा चीता केजीपी 12 पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है। इस घटना के बाद कूनो नेशनल पार्क में अब कुल 50 चीते बाकी बचे हैं। इनमें से 33 चीते वे हैं जिनका जन्म भारत में ही हुआ है। इसके अलावा, गांधी सागर अभयारण्य में भी 3 चीते मौजूद हैं। इस हिसाब से देश में चीतों की कुल संख्या अब 53 है।

बरसे शोले...

रतलाम में गर्मी का ऑल टाइम रिकॉर्ड वर्ष 1951 से दर्ज है। यह मंगलवार को टूट गया है। वहीं, भोपाल में पिछले साल से अधिक पारा रहा है। यहां पिछले साल 42.5 डिग्री दर्ज किया गया था। मंगलवार को शहर में अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री रहा। गर्म हवाओं और तीखी धूप के साथ 5 जिलों में पारा 44 से 45 डिग्री और 9 जिलों में 43 से 44 डिग्री के बीच रहा। शेष प्रदेश में पारा 42 से 43 डिग्री तक पहुंच गया है। इससे प्रदेशभर में आम जनजीवन प्रभावित रहा है। धार, रतलाम सहित कुछ जिलों में लू का असर रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अभी गर्मी में और इजाफा होगा। बुधवार को अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग
खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई निविदा भारत संघ के पक्ष मे वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे बीपी–66–2026 दिनांक 05/05/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र (कटनी–बीना) : पथरिया एवं खुरई में नवीन गुड्स शेड के लिए 01 लोडिंग लाइन का प्रावधान।, **कार्य का अनुमानित लागत :** 4,51,09,562/–, **बयाना राशि रुपये :** 902200, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक :** 29/05/2026, **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तक :** 29/05/2026 **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जेबीपी–67–2026 दिनांक : 06/05/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के सहायक मंडल अभियंता दमोह उपसंभाग के अंतर्गत बांदकपुर, सागौनी एवं करहिया भदोली में पुराने कुएं का पुनर्वास।, **कार्य का अनुमानित लागत :** 50,63,477/–, **बयाना राशि रुपये :** 101300/–, **समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक :** 29/05/2026, **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तक :** 29/05/2026 उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई, है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

हस्ता.
मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रदेश, भोपाल

ई-मेल : mpbse@mp.nic.in, वेबसाइट : www.mpbse.nic.in
फोन : कार्या :- 0755-2551650, फैक्स- 0755-2552061
क्रमांक/867/भवन/2026 भोपाल, दिनांक : 08. 05.2026

शुद्धि पत्र

मण्डल द्वारा आमंत्रित ई-निविदा क्र. 2025_MBBSE_453206_1 अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

म.प्र. माध्यम/125718/2026 प्र. कार्य यंत्री

कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई मेल - ce.tender.wrdmp@gmail.com फोन : 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406
निविदा सूचना क्रमांक- 1221/2026-27/प्रमुख अभियंता/ ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक 08/05/2026**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 08-06-2026 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है ।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	राशि रू. लाख में
1	2026_WRD_505550	टर्न की पद्धति पर बगलीपाठ परियोजना अंतर्गत बांध/वियर एवं 2 नं. बेलेंसिंग रिजर्वायर सहित 5600 हेक्टेयर खरीफ एवं 6400 हेक्टेयर रबी सिंचाई हेतु 8000 हेक्टेयर सी.सी.ए. में सूक्ष्म सिंचाई (होज) प्रणाली का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	बालाघाट	24883.00

G-12735/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, रतलाम

सागौद रोड़, रतलाम 457001 (Email - ccfre.rtm@mp.gov.in, 07412- (Off.) 235131 (Fax) 235131)
क्रमांक / व्यय /2025/567 रतलाम दिनांक 7/05/26

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त रतलाम के अधीन कार्यों हेतु वर्ष 2026-27 (दिनांक 31.03.2027 अथवा आगामी निविदा होने तक जो भी पश्चातवर्ती होगा) लगने वाली निम्नानुसार रोपणी उपयोग सामग्री के लिये ई-निविदा से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट https:\\mptenders.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।
निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 2000.00 तथा सत्यंकार की राशि रू. 3,75,000/- (तीन लाख पिचहत्तर हजार रु. मात्र) है। निविदायें ऑनलाईन ही क्रय की जा सकेंगी एवं ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

अनुमानित मात्रा का विवरण

1. वानिकी कार्यों के उपयोगार्थ सामग्री क्रय हेतु ई-निविदा की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन पद्धति से ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

निविदा प्रपत्र

क्र.	सामग्री / निर्माण कार्य का नाम	आवश्यक अनुमानित मात्रा	अनुमानित राशि (रूपये में)	सत्यंकार की राशि (रूपये में)
	सामाजिक वानिकी वृत्त, रतलाम में वानिकी कार्यों में लगने वाली सामग्री			
1.	वानिकी कार्यों में लगने वाली सामग्री	टेण्डर डाक्यूमेंट अनुसार	1,25,00,000/-	3,75,000/-

विस्तृत सामग्री की जानकारी **https://mptenders.gov.in** पोर्टल पर देखें।
2. निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	विवरण	दिनांक	समय
1	Tender Publishing Date and Time	07-05-2026 17.00 PM	निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https:\\mptenders.gov.in पर दर्शित है।
2	Tender Sale Start Date and Time	07-05-2026 17.30 AM	
3	Bid Submission Start Date and Time	08-05-2026 11.00 AM	
4	Bid Submission Close Date and Time	23-05-2026 12.30 PM	
5	Technical Bid Opening Date and Time	25-05-2026 12.30 PM	
6	Financial Bid Opening Date and Time	26-05-2026 12.30 PM	

G-12762/26 " स्वच्छता ही सेवा " वनमण्डलाधिकारी एवं पदेन वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त, रतलाम (म.प्र.)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955
D-17/5/26

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
संपर्क- 9755600569, 8200502943, 7748022609

अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड
महोली खेजड़ा की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

राशिफल

मेष — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मिथुन — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

कन्या — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

तुला — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

धनु — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

मकर — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कुंभ — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

शब्द पहेली - 6224



बाएँ से दाएँ
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

ऊपर से नीचे
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

शब्द पहेली- 6223 का हल

■	स	ह	का	रि	ता	■	अ	चा	न	क
हा	र	■	य	■	ना	वि	क	■	त	र
थ	■	त	र	जु	मा	■	ल	ता	■	दा
मा	कू	ल	■	■	र	थ	■	क	वि	ता
र	■	घ	■	फ	ना	■	खा	■	र	■
ना	म	र	ख	ना	■	रा	ज	म	ह	ल
■	थ	■	त	■	मो	ह	■	ह	■	प
क	ना	त	■	रा	ह	■	■	क	पा	ल
र	■	ना	प	■	त	म	क	ना	■	पा
ता	ना	■	ली	ड	र	■	थ	■	का	ना
र	च	यि	ता	■	मा	ख	न	चो	र	■

सूडोकु नवताल- 6234

★★★☆☆ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6233 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

खबर संक्षेप

एचपी ने पेश किए 20 से ज्यादा प्रोडक्ट्स एवं सॉल्यूशंस

नई दिल्ली। एचपी इंडिया ने भारत में टेक्नोलॉजी की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्सनल सिस्टम, प्रिंट एवं वर्कफोर्स सॉल्यूशंस से जुड़े 20 से ज्यादा नए प्रोडक्ट्स एवं सॉल्यूशंस पेश किए। इनमें छात्रों एवं क्रिएटर्स से लेकर प्रोफेशनल्स एवं एंटरप्राइजेज तक की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। इस पोर्टफोलिया के साथ ही एचपी ने इंडिया-फर्स्ट ओमनीपैड 12 के माध्यम से नई कैटेगरी में भी कदम रखा है। इसकी मदद से छात्रों और फर्स्ट टाइम यूजर्स कोपीसी जैसी प्रोडक्टिविटी के साथ टेबलेट की फ्लेक्सिबिलिटी मिलेगी।

टाइटन के किया अमालफी कलेक्शन का विस्तार

मुंबई । टाइटन ने 2019 में लांच किए गए अमालफी कलेक्शन को मिली शानदार सफलता के बाद टाइटन के ब्राण्ड स्किन फाइन फ्रेगरेंसेज़ लेकर आए हैं नया युनिसेक्स 'यू डे परफ्यूम-अमालफ़ी रिविएरा' जिसे धूप से सराबोर तटीय सैरगाहों के सार को समेटने के लिए डिजाइन किया गया है। टाइटन के सीईओ मनीष गुप्ता ने कहा कि अमालफी रिविएरा हमारी अमालफ़ी रेंज का स्वाभाविक विस्तार है।

न्यूरोबियन ने लांच की नर्व पेन रिलीफ क्रीम

मुंबई। न्यूरोबियन ने भारत में अपनी नई न्यूरोबियन नर्व पेन रिलीफ क्रीम लॉन्च की है। यह एक टॉपिकल क्रीम है, जिसे हाथों और पैरों में नसों से जुड़े दर्द, झुनझुनी और जलन जैसे लक्षणों से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कंपनी के अनुसार, यह प्रोडक्ट विशेष रूप से उन लोगों के लिए विकसित किया गया है जो सामान्य दर्द निवारक क्रीमों पर निर्भर रहते हैं। भारत में 10 करोड़ से अधिक वयस्क नसों से जुड़ी समस्याओं जैसे दर्द, झुनझुनी और जलन का अनुभव करते हैं।

वनप्लस ने भारत में लांच की नॉर्ड सीई6 सीरीज

बेंगलुरू। वनप्लस ने भारत में अपनी नई स्मार्टफोन सीरीज़ वनप्लस नार्ड सीई6 और वनप्लस नार्ड सीई6 लाइट लांच कर दी है। कंपनी का दावा है कि नई नॉर्ड सीई6 सीरीज फ्लैगशिप-लेवल परफॉर्मेंस, अल्ट्रा-स्मूथ गेमिंग और लंबी बैटरी लाइफ के साथ यूजर्स को प्रीमियम अनुभव देगी। वनप्लस नॉर्डसीई6 की शुरुआती कीमत 29,999 रुपए रखी गई है, जबकि बैंक डिस्काउंट के बाद इसकी प्रभावी कीमत 27,999 रुपए होगी। वहीं, नॉर्डसीई6 लाइट की शुरुआती कीमत 20,999 रुपए है।

एफएमपीसीसीआई के स्वर्ण जयंती वर्ष में वार्षिक साधारण सभा व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

पहले मंत्रियों ने प्रमाण पत्र प्रदान किए, फिर अध्यक्ष खरे सहित समस्त कार्यकारिणी को पदभार ग्रहण कराया

मंत्री काश्यप ने किया उद्योगपतियों से उत्पाद गुणवत्ता सुधारने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार का आह्वान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) का स्वर्ण जयंती वर्ष, वार्षिक साधारण सभा एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भोपाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रह्लाद पटेल ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में चैतन्य काश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उद्योग जगत, व्यापारिक संगठनों और विभिन्न औद्योगिक प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी रही। सभा की शुरुआत में दीपक शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत किया और वार्षिक साधारण सभा के कोरम की जानकारी दी। इसके बाद एपिक प्रोजेक्ट पर संजीव दुबे द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिसमें संगठन की भविष्य की योजनाओं और डिजिटल पहलों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में उद्योग, उद्यमिता, डिजिटल प्लेटफॉर्म और आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों को सशक्त बनाना, नीतिगत सुधारों को बढ़ावा देना तथा श्रमिकों और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमांशु खरे को मंत्रियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर पदभार ग्रहण कराया गया। पूर्व अध्यक्ष डॉ. आर.एस. गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है और अब उन्हें निर्यात संभावनाओं को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

मार्केटिंग प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है: खरे

शपथ ग्रहण समारोह में मंचासीन मुख्य अतिथि और पदाधिकारी

नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमांशु खरे ने अपने संबोधन में कहा कि मार्केटिंग प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। प्राथमिक क्षेत्र को उद्योग और व्यापार के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। अनुभवी एवं सेवानिवृत्त व्यक्तियों की भागीदारी से संगठन को लाभ मिलेगा।

बाधा उत्पन्न करने वाले कई प्रावधानों को समाप्त किया

इस मौके पर मंत्री चैतन्य काश्यप ने उद्योगपतियों से उत्पाद गुणवत्ता सुधारने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ईज ऑफ ड्यूईंग बिजनेस को मजबूत करने के लिए लगातार सुधार कर रही है और उद्योगों में बाधा उत्पन्न करने वाले कई प्रावधानों को समाप्त किया गया है। उन्होंने फेडरेशन से सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि उनके इनपुट नीति निर्माण में सहायक होंगे।

अध्यक्ष हिमांशु खरे को प्रमाण पत्र

श्रमिक और व्यापारी व्यवस्था के बीच अंतर को कम करने की आवश्यकता दिया बल

वहीं मंत्री प्रह्लाद पटेल ने श्रम, व्यापार और आर्थिक सुधारों पर विचार रखते हुए कहा कि श्रमिक और व्यापारी व्यवस्था के बीच अंतर को कम करने की आवश्यकता है। कानूनों को सरल और समान बनाया जा रहा है। दुकानों के पंजीकरण को सरल और कम लागत वाला बनाने पर विचार चल रहा है। औद्योगिक क्लस्टरों को अपनी आवश्यकताओं की सूची प्रस्तुत करनी चाहिए। फेडरेशन को श्रम विभाग की परामर्श समितियों में शामिल किया जाएगा। सौर ऊर्जा और विकास से जुड़े लक्ष्यों को गति दी जा रही है। कार्यक्रम का समापन प्रवीण आचार्य द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

व्यापार जगत के दिग्गज रहे मौजूद

एफएमपीसीसीआई में मीक ने किया मैनेजिंग कमेटी में पदभार ग्रहण

क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने मंगलवार को फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) की मैनेजिंग कमेटी में पदभार ग्रहण किया। यह पहली बार है जब क्रेडाई भोपाल को फेडरेशन की मैनेजिंग कमेटी में प्रतिनिधित्व मिला है।

पदभार ग्रहण

पदभार ग्रहण समारोह एफएमपीसीसीआई के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप और श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। एफएमपीसीसीआई की स्थापना वर्ष 1975 में मध्यप्रदेश के व्यापार, उद्योग और वाणिज्य को एक संगठित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। यह संगठन लंबे समय से प्रदेश के उद्योगों, व्यापारिक संगठनों और उद्यमियों की आवाज को सरकार एवं नीति-निर्माण मंचों तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। नव नियुक्त मैनेजिंग कमेटी सदस्य मनोज मीक ने इस जिम्मेदारी के लिए फेडरेशन के अध्यक्ष हिमांशु खरे सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

पांच दिनों तक पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन में पांडुलिपियों का निवारण एवं संरक्षण विषय पर मंथन

पांडुलिपियां मानव गतिविधियों का महत्वपूर्ण प्रमाण प्रस्तुत करती हैं : ज्ञान भारतम मिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

भारत की समृद्ध पांडुलिपि परंपरा के संरक्षण, दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण को लेकर पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन में किया गया। यह आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की प्रमुख पहल ज्ञानभारतम् मिशन के अंतर्गत किया जा रहा है। कार्यशाला का मुख्य विषय "पांडुलिपियों का निवारण एवं संरक्षण" है, जिसमें देशभर के विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, अभिलेखागार अधिकारी और शोध संस्थान भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपि धरोहर को सुरक्षित रखते हुए उसे आधुनिक तकनीक से जोड़कर भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना है।

प्राचीन ज्ञान परंपरा का अमूल्य स्रोत

इस अवसर पर भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के विशेषज्ञों ने कहा कि पांडुलिपियाँ मानव सभ्यता, ज्ञान और ऐतिहासिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं। इनमें ताड़पत्र, भोजपत्र, ताम्रपत्र और अन्य प्राचीन लेखन माध्यमों में संरक्षित ज्ञान-संपदा शामिल है, जो भारत की वैज्ञानिक, सांस्कृतिक परंपरा दर्शाती है।

ज्ञान भारतम मिशन का विस्तार

ज्ञानभारतम मिशन के अधिकारियों ने बताया कि अब तक लगभग 75 लाख पांडुलिपियों का पंजीकरण किया जा चुका है। मिशन के तहत भाषा, लिपि, डिजिटलीकरण और शोध जैसे क्षेत्रों में व्यापक कार्य किया जा रहा है। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि लगभग 200 पांडुलिपियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़कर अध्ययन को और अधिक वैज्ञानिक बनाया जा रहा है।

डिजिटलीकरण और संरक्षण पर जोर

कार्यक्रम में बताया गया कि पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए रासायनिक और पारंपरिक दोनों तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन्हें नमी, धूल, प्रकाश और कीटों से बचाने के लिए विशेष एसिड-फ्री भंडारण व्यवस्था अपनाई जाती है। साथ ही तापमान और आर्द्रता का संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत ट्रस्ट की विशेषज्ञ डॉ. ममता मिश्रा ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण हमारी पहचान और इतिहास को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

प्राचीन ग्रंथों पर शोध

कार्यक्रम में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के विशेषज्ञों ने 'अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता' जैसे प्राचीन बौद्ध ग्रंथों और वैदिक चिकित्सा ग्रंथों का उल्लेख करते हुए बताया कि भारत की पांडुलिपियाँ न केवल धार्मिक बल्कि वैज्ञानिक ज्ञान का भी विशाल स्रोत हैं। कार्यशाला के दौरान शोधकर्ताओं ने पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के हर्बल गार्डन और शोध केंद्र का भ्रमण भी किया और संरक्षण प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि भारत की पांडुलिपि धरोहर को न केवल संरक्षित किया जाएगा, बल्कि उसे वैश्विक स्तर पर पुनः प्रतिष्ठित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए डॉ. अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियाँ नवीन ज्ञान एवं शोध दृष्टि प्रदान करती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों, विशेषज्ञों और अतिथियों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने पतंजलि हर्बल गार्डन तथा पतंजलि रिसर्च सेंटर का भ्रमण किया। उन्होंने संस्थान द्वारा किए जा रहे शोध, संरक्षण एवं जैव विविधता से जुड़े प्रयासों की सराहना की और इसे भारतीय पारंपरिक ज्ञान एवं आधुनिक अनुसंधान के समन्वय का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बताया।

कैनन इंडिया ने लांच किए नए हाई-स्पीड एशी कलर एमएफडी और डॉक्यूमेंट स्कैनर

नई दिल्ली। कैनन इंडिया ने उद्यमों, लघु एवं मध्यम उद्यमों और सरकारी संगठनों के लिए नए प्रिंटिंग और दस्तावेज़ स्कैनिंग समाधानों को लांच करके अपने व्यावसायिक इमेजिंग पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी ने इमेजफोर्स सी3150 ए3 कलर मल्टीफ़ंक्शन डिवाइस के साथ-साथ इमेजफॉर्मूला डीआर -सी340 और डीआर-सी350 दस्तावेज स्कैनर पेश किए हैं। कैनन इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ, तोशियाकी नोमुरा ने कहाकि इमेजफोर्स सी3150 ए3 कलर एमएफडी का लां उच्च-प्रदर्शन, विश्वसनीय समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जो ग्राहकों को उनके प्रिंटिंग वातावरण को बढ़ाने में मदद करते हैं, जबकि इमेजफॉर्मूला डीआर-सी340 और डीआर-सी350 स्कैनर की शुरूआत दस्तावेज डिजिटलीकरण और सूचना वर्कफ़्लो को गति देने पर हमारे फोकस को मजबूत करती है। नोमुरा ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य भारत में व्यवसायों और संस्थानों की बदलती जरूरतों के अनुरूप अपने बिजनेस इमेजिंग पोर्टफोलियो को मजबूत करना है।

मंडी समितियों को निर्देश जारी

मंडी बोर्ड ने मंडी समिति वर्गीकरण नियमों में संशोधन प्रस्ताव पर आपत्तियां-सुझाव मांगे

फाइल फोटो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने मप्र कृषि उपज मंडी (मंडी समिति वर्गीकरण) नियम, 1981 में प्रस्तावित संशोधन के संबंध में सभी आंचलिक कार्यालयों और मंडी समितियों को निर्देश जारी किए हैं। यह कार्रवाई किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की अधिसूचना के संदर्भ में की गई है।

जारी पत्र के अनुसार, प्रस्तावित संशोधन का प्रारूप उन सभी व्यक्तियों और संस्थाओं की जानकारी के लिए प्रकाशित किया गया है, जिनके इस संशोधन से प्रभावित होने की संभावना है। अधिसूचना पर मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 14 दिन के भीतर प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया जाएगा। संयुक्त संचालक (नियमन) द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी मंडी समितियां इस अधिसूचना को सहज दृष्टिगोचर स्थानों पर प्रदर्शित करें, ताकि संबंधित हितधारकों को इसकी जानकारी मिल सके। इसके साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समयावधि के दौरान प्राप्त होने वाले सभी आपत्ति और सुझाव शीघ्र अथवा ई-मेल के माध्यम से मुख्यालय को भेजे जाएं।

प्रस्तावित संशोधन के तहत आवक और वार्षिक आवक की नई परिभाषाएं जोड़े जाने का प्रस्ताव है। इसमें आवक को मंडी समिति में अधिसूचित कृषि उपज की सभी प्रकार की प्राथमिक आवक के रूप में परिभाषित किया गया है, जबकि वार्षिक आवक का अर्थ पिछले तीन वर्षों की औसत आवक बताया गया है। माना जा रहा है कि इस संशोधन से मंडी समितियों के वर्गीकरण और कृषि उपज के आंकड़ों के निर्धारण में अधिक स्पष्टता और पारदर्शिता आएगी।

बिजनेस न्यूज

डिजिटल धरा थीम पर सिस्टेक रातीबड़ में आयोजित हुआ सागर यूफोरिया 2026

भोपाल । सागर इस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सिस्टेक) रातीबड़ में आयोजित वार्षिक टेक्नो-कल्चरल फेस्ट 'सागर यूफोरिया 2026' इस वर्ष 'डिजिटल धरा' थीम के साथ उत्साह और उमंग के बीच सम्पन्न हुआ। फेस्ट में युवाओं की ऊर्जा, तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक रचनात्मकता और प्रतिभा का अनूठा संगम देखने को मिला। फेस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता, कलात्मक कौशल और नवाचारी सोच को प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना था। आयोजन में 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरे कैंपस में उत्सव जैसा माहौल रहा। फेस्ट के प्रमुख आकर्षणों में रंग धारा, चित्रण, आर्ट एवेन्यू, रोबो रश, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, इको-इको इंस्ट्रुमेंटल, डांस फॉर धरा, वाइब मार्केट, चिल ज़ोन, ऑनलाइन गेमिंग एरीना, वोकल वाणी, रैंप वॉक और रोबो सॉकर जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। वैश्विक सतत विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में योगदान के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ भोपाल, साफिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, द कबाड़ीवाला और द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन को सम्मानित किया गया । यह सम्मान क्रमशः अमृता गुप्ता, धनंजय पांडेय, कवीन्द्र रघुवंशी और डॉ. हिमांशी गुप्ता ने ग्रहण किए। इसके अलावा संस्थान के 65 मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 'सागर रत्न अवॉर्ड्स' से सम्मानित किया गया। सिस्टेक की ग्रुप डायरेक्टर डॉ. ज्योति देशमुख और प्रिंसिपल डॉ. अभिषेक चौबे ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सागर ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि सागर यूफोरिया जैसे आयोजन युवाओं को सामाजिक एवं तकनीकी कौशल विकसित करने के साथ प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं।

90 हजार डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए बढ़ाया हेल्थ और इंश्योरेंस कवरेज

नई दिल्ली। अमेजन इंडिया ने अपने ऑपरेशन नेटवर्क में काम करने वाले लगभग 90 हजार डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए हेल्थ और इंश्योरेंस बेनेफिट्स के विस्तार की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य डिलीवरी एसोसिएट्स और उनके परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा तथा वित्तीय स्थिरता को मजबूत करना है। नई सुविधाओं के तहत डिलीवरी एसोसिएट्स को रूटीन मेडिकल खर्चों के लिए ओपीडी कवरेज, अस्पताल में भर्ती होने पर मेडिकल सपोर्ट और अस्थायी या स्थायी विकलांगता की स्थिति में मुआवजा दिया जाएगा। सभी

लास्ट-माइल प्रोग्राम्स से जुड़े एसोसिएट्स को यह लाभ मिलेगा। कंपनी ने मेडीक्लेम कवरेज को बढ़ाकर 1.5 लाख रुपए तक कर दिया है, जबकि 10,000 रुपए तक के ओपीडी खर्च भी कवर किए जाएंगे। इसके अलावा ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस को बढ़ाकर 10 लाख रुपए तक किया गया है। एसोसिएट्स किसी भी अमेजन लास्ट-माइल डिलीवरी स्टेशन पर आयोजित कैंप में सरकारी पहचान पत्र दिखाकर इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। अमेजन के अनुसार यह पहल हाल ही में घोषित 2,800 करोड़ रुपए (300 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक के निवेश का हिस्सा है। कंपनी का लक्ष्य देश में सुरक्षित, तेज और भरोसेमंद लॉजिस्टिक नेटवर्क का विस्तार करते हुए अपने एसोसिएट्स की सुरक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय कल्याण को बेहतर बनाना है।

सीआईआई 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से एयरटेल के मित्तल सम्मानित

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख उद्योगपति हैं और भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति विश्वास जताते हुए उद्योग जगत से देश में निवेश बढ़ाने और आर्थिक विकास को गति देने का आह्वान किया। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) द्वारा सम्मानित किए जाने पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी संस्थाओं, सहयोगियों और मूल्यों का सम्मान है जिन्होंने भारत के उद्योग जगत को मजबूत बनाने में योगदान दिया है। पूर्व

सीआईआई प्रेसिडेंट मित्तल ने कहा कि सीआईआई एक ऐसा मंच है जो उद्योग, सरकार और समाज को साथ लेकर नीति-आधारित विकास की दिशा में कार्य करता है। उन्होंने युवा उद्यमियों से भी अपील की कि वे सीआईआई जैसी संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाएं और देश की आर्थिक दिशा तय करने में भागीदार बनें। वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए मित्तल ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं रह सकता।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में उद्योग जगत की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है क्योंकि उद्योग करोड़ों लोगों को रोजगार देता है और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने की क्षमता रखता है। उन्होंने उद्योगों से सोने के आयात पर निर्भरता कम करने, ऊर्जा लागत घटाने और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को तेज़ी से बढ़ाने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि "यह पीछे हटने का समय नहीं, बल्कि भारत में और अधिक निवेश करने का समय है। मित्तल ने बताया कि एयरटेल ने वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 31,000 करोड़ रुपए का पूंजीगत निवेश किया, जबकि टॉवर व्यवसाय से जुड़ी सहायक कंपनी को शामिल करने पर यह निवेश करीब 38,000 करोड़ रुपए तक पहुंचता है। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में यह निवेश और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे युवा और आकांक्षी उपभोक्ता अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जहां अवसरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' विज़न को और गति देने तथा भारत में निर्माण, भारत के लिए निर्माण और भारत की सेवा के संकल्प को मजबूत करने पर जोर दिया।

कृषि आदान विक्रेता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की कृषि सचिव से मुलाकात

मध्यप्रदेश में खाद की जबरन टैगिंग पर होगी सख्ती, योगी मॉडल लागू करने के संकेत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कृषि आदान विक्रेता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत के नेतृत्व में कृषि सचिव निशांत बरवड़े से मुलाकात कर ई-विकास प्रणाली में आ रही विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता है तो आगामी खरीफ सीजन में प्रदेश के व्यापारी ई-विकास प्रणाली को पूर्ण सहयोग देंगे।

प्रदेश सचिव संजय रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन ने व्यापारियों को हो रही परेशानियों को

मुलाकात

बिंदुवार तरीके से सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया, जिस पर कृषि सचिव ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में खाद कंपनियों द्वारा की जा रही जबरन टैगिंग का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी टैगिंग को अपराध घोषित किया जाए तथा टैगिंग करने वाली कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की व्यवस्था लागू की जाए। इस पर कृषि सचिव ने आश्वासन दिया कि योगी मॉडल की समीक्षा कर उसे जल्द ही मध्य प्रदेश में लागू करने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल को यह भी आश्वासन मिला कि प्रदेश में वर्तमान 70:30 अनुपात व्यवस्था को बदलकर 30 प्रतिशत सहकारी समिति और 70 प्रतिशत निजी क्षेत्र के पक्ष में करने का प्रयास किया जाएगा। डीलर मार्जिन के संबंध में सचिव ने बताया कि केंद्र सरकार से पत्राचार शुरू कर दिया गया है और व्यापारियों की समस्याएं फर्टिलाइजर सचिव तक पहुंचा दी गई हैं।

होंडा एनएक्स 500 में ई-क्लच तकनीक के साथ एडवेंचर टूरिंग अनुभव हुआ और स्मार्ट, बुकिंग शुरू

गुरुग्राम। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी मिड-साइज़ एडवेंचर टूरिंग बाइक होंडा एनएक्स 500 को अब नई ई-

क्लच तकनीक के साथ अपडेट कर दिया है। कंपनी का कहना है कि यह तकनीक राइडिंग अनुभव को अधिक स्मार्ट, आरामदायक और शहरी व हाईवे दोनों परिस्थितियों के अनुकूल बनाती है। इस लांच पर एचएमएसआई के प्रेसिडेंट एवं सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा कि ई-क्लच तकनीक से लैस एनएक्स 500 राइडिंग कम्फर्ट और कंट्रोल को और बेहतर बनाती है, जबकि होंडा की पारंपरिक "हैंड्स-ऑन" राइडिंग फील को भी बरकरार रखती है। कंपनी ने बताया कि होंडा एनएक्स 500 की बुकिंग देशभर में होंडा बिगबिंग डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी है। इसकी शुरुआती कीमत 7,43,900 रखी गई है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा जिला हरदा (म.प्र.)

क्रमांक 2626/जलप्रदाय शाखा/2026 हरदा दिनांक 12/5/26

// ई-निविदा सूचना //

Tender Notice No. 2026_UAD 505029_1 Date 04.05.2026 कार्य का नामः नगर पालिका को हडिया जल संयत्र अंतर्गत स्थापित 500 KVA जनरेटर की सर्विसिंग / सुधार कार्य हेतु अनुमानित लागत रू. 2,50,000/- अमानत राशि रू. 2,500/-ई-निविदा क्रय दिनांक 05.05.2026 से 19.05.2026 तक क्रय की जा सकती है। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धताः **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा

चिंतन

नीट परीक्षा की शुचिता पर फिर उठे सवाल

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का रद्द होना केवल एक परीक्षा का स्थगन नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा की शुचिता पर उठा बड़ा सवाल है। हरियाणा के गुरुग्राम, बिहार के नालंदा और राजस्थान के सीकर से सामने आए तथ्यों ने पूरे देश को चौंका दिया। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से अधिक प्रश्न हाथ से लिखे गए एक कथित 'क्वेश्चन बैंक' में मिले, जिनमें से करीब 150 सवाल हूबहू नीट परीक्षा में पूछे गए। यह कोई संयोग नहीं हो सकता। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि किसी कोचिंग सामग्री या संभावित प्रश्न बैंक से कुछ प्रश्न मिल जाना सामान्य बात हो सकती है, लेकिन 720 में से लगभग 600 अंकों के प्रश्न एक ही स्रोत से आ जाना सीधे-सीधे संगठित फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली परीक्षा में यह सेंध लगी कैसे? एनटीए वर्षों से दावा करता रहा है कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन, जीपीएस ट्रैकिंग, एआई-आधारित मॉनिटरिंग और 5जी जैमर जैसी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन जब परीक्षा से पहले ही कथित प्रश्नपत्र व्हाट्सएप ग्रुपों में घूमने लगें, तो यह तकनीकी दावों की पोल खोल देता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि खतरा परीक्षा केंद्रों पर बैठा छात्र नहीं, बल्कि वह "घर का भेदी" है जो प्रिंटिंग प्रेस, डेटा सिस्टम या एजेंसी के भीतर बैठकर पूरी व्यवस्था को बेच रहा है। नीट परीक्षा का रद्द होना लाखों छात्रों के लिए मानसिक आघात है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने दो-दो साल तक कोचिंग में दिन-रात मेहनत की, जिन्होंने परिवार की आर्थिक सीमाओं के बावजूद सपनों को जिंदा रखा, आज वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। परीक्षा रद्द होने का अर्थ केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता; इसका मतलब है तनाव, अवसाद, आर्थिक बोझ और भविष्य की अनिश्चितता। ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह पीड़ा और भी बड़ी है, क्योंकि उनके लिए हर अतिरिक्त महीना आर्थिक दबाव लेकर आता है। यह भी सच है कि इस पूरे भ्रष्ट तंत्र को केवल परीक्षा एजेंसी की कमजोरी ने जन्म नहीं दिया। निजी मेडिकल कॉलेजों की करोड़ों की फीस, कोचिंग उद्योग का अरबों का कारोबार और सरकारी सीटों की सीमित संख्या ने एक ऐसा बाजार खड़ा कर दिया है, जहां सफलता को मेहनत से ज्यादा "मैनेजमेंट" से जोड़कर देखा जाने लगा है। जब एक मेडिकल सीट की कीमत करोड़ों में पहुंच जाती है, तब पेपर लीक माफिया के लिए यह सबसे लाभकारी धंधा बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों में लगभग हर बड़ी भर्ती और प्रवेश परीक्षा पर सवाल उठे हैं। कभी एसएससी, कभी रेलवे भर्ती, कभी शिक्षक पात्रता परीक्षा और अब नीट। हर बार जांच समितियां बनती हैं, कुछ गिरफ्तारी होती हैं, लेकिन सिस्टम जस का तस बना रहता है। यदि सरकार वास्तव में परीक्षा माफिया को खत्म करना चाहती है, तो उसे केवल निचले स्तर के दलालों को पकड़ने से आगे बढ़ना होगा। उन अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों और संस्थागत नेटवर्क तक पहुंचना होगा जो इस पूरे खेल को संरक्षण देते हैं। अब समय केवल बयानबाजी का नहीं, कठोर सुधारों का है। परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह विकेंद्रीकृत और पारदर्शी बनाना होगा। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर प्रिंटिंग और वितरण तक हर चरण की स्वतंत्र ऑडिटिंग होनी चाहिए। संवेदनशील जिम्मेदारियों में शामिल कर्मचारियों की जवाबदेही तय हो और दोष सिद्ध होने पर कठोर सजा मिले। साथ ही, परीक्षा प्रणाली को तकनीक पर निर्भर बनाने के साथ-साथ मानव निगरानी और नैतिक जवाबदेही भी मजबूत करनी होगी।

मंथन
मनोज कुमार अग्रवाल

नाजुक वक्त में काबिले गौर है पीएम की सलाह

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है, लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है, जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी ने आमजन से यह सात सूत्रीय अपील की है। जो देश को ऊर्जा संकट से बचा सकती है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हैदराबाद के संबोधन में देशवासियों को ऊर्जा संकट के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा संयमित उपयोग कर कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक किया है। पीएम की इस 7 सूत्री अपील में न सिर्फ आम जन के बीच संकट की हालत में मनोबल और विश्वास बने रहने की प्रेरणा है साथ ही संकट से निपटने का मूलमंत्र भी है। सरकार वैश्विक संकट के इस दौर में नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच बनकर डटी रही आयातित तेल पर भारी दाम वृद्धि को सरकार ने 24 से 30 रुपये प्रति लीटर भार वहन किया है पैट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये से घटित कर तीन रुपये लीटर कर दिया, जबकि डीजल पर उत्पाद शुल्क खत्म कर दिया है। आपको पता है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है। जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है पूर्व तक यह अनुमान था कि होरमुज मार्ग का विवाद जल्द सुलझ जाएगा और स्थिति पूर्ववत सामान्य हो जाएगी लेकिन अब ऐसा नहीं है।

आपको बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण संकीर्ण मार्ग है, जिससे भारत अपनी 90 फ़ीसदी से अधिक एलपीजी और लगभग 40 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। ऐसी विषम परिस्थितियों में, जब दुनिया भर में ईंधन की भारी कमी और कीमतों में आग लगने का अंदेशा था, भारत सरकार ने दूरदर्शिता, कूटनीतिक कुशलता और त्वरित रणनीतिक निर्णयों से देश में ऊर्जा की सुव्यवस्था बनाए रखी बल्कि आम जनता पर बढ़ी कीमतों का भार भी नहीं बढने दिया। संकट का संकेत मिलते ही भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को क्रियान्वित करते हुए न केवल वैकल्पिक स्रोत तलाशे बल्कि घरेलू संसाधनों को भी मजबूत किया। भारत सरकार के कुशल प्रबंधन और कूटनीतिक संबंधों की बदौलत देश ने उस समय भी डीजल पेट्रोल और एलपीजी की कोई दिक्कत नहीं होने दी जब की देशों में बेहद परेशानी और किल्लत खड़ी हो गई थी स्पेन मिस्त्र श्रीलंका दक्षिण कोरिया फिलीपींस जापान पाकिस्तान बांग्लादेश आदि में वहां की सरकारों ने ईंधन राशनिंग, वर्क फ्रॉम होम, फ्यूल पास, स्कूल बंद जैसे अनेक प्रतिबंध भरे कदम उठाए लेकिन भारत सरकार की सूझ-बूझ और प्लानिंग के चलते ईंधन राशनिंग नहीं हुई, स्कूल बसों, वाहनों व परिवहन यातायात की गाड़ियों को मांग के अनुरूप फ्यूल मिलते रहने से कोई स्कूल बंदी नहीं हुई और न ही कोई दफ्तर बन्द करने पड़े। तमाम दफ्तर सामान्य तौर पर कार्यरत रहे जिससे कोई वर्क-फ्रॉम-होम निर्देश पारित करने की नौबत नहीं आने पाई। देश भर में खुदरा ईंधन की स्थिर आपूर्ति बनाए रखी गई। यह सब त्वरित सरकारी हस्तक्षेप से संभव हो पाया है। एलपीजी और घरेलू आपूर्ति संरक्षण व्यवधान के 8 दिनों के भीतर सरकार ने एलपीजी नियंत्रण आदेश जारी किया रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया गया। घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000

टन प्रति दिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया जो लगभग 50 फीसद की वृद्धि है। 9 दिनों के भीतर प्राकृतिक गैस आपूर्ति विनियमन आदेश जारी किया गया। पीएनजी घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी सार्वजनिक परिवहन को 100 फीसदी आवंटन के साथ संरक्षित किया गया। सरकार द्वारा सार्वजनिक आपूर्ति बनाए रखने के लिए औद्योगिक आवंटन को भी सुचारू और युक्तिसंगत बनाए रखा। भारत सरकार द्वारा रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, पश्चिम बंगाल, अफ्रीका, अटलांटिक बेसिन से त्वरित संपर्क स्थापित कर ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था की गई। भारत में एलपीजी की मांग लगभग 90,000 टन की प्रतिदिन की है जिसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल के माध्यम से 70 से 75000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। भारत में घरेलू उत्पादन बढ़कर 54000 टन प्रतिदिन होने से शेष आयात की आवश्यकता घटकर 20,000 टन प्रतिदिन की रह गई है। सरकार द्वारा आठ लाख टन कार्गो पहले ही सुरिक्षत किए जा चुके हैं, जिससे आज हमारे पास चालीस दिनों का अग्रिम भंडार उपलब्ध है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना था। इस कठिन समय में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा की गई पहल के तहत, सरकार ने पनामा नहर जैसे वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करते हुए अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम अफ्रीका से तेल और गैस आयात के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए। इसके साथ ही, सरकार ने देश के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का बुद्धिमानी से उपयोग किया, जो भारत को अल्पावधि के लिए वैश्विक आपूर्ति झटकों से बचाते हैं। सरकार के इस कदम ने न केवल बाजार को स्थिरता प्रदान की, बल्कि ईंधन की कीमतों में अत्यधिक उछाल को रोकने में भी मदद की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने पश्चिम एशियाई देशों, विशेषकर सऊदी अरब, यूएई और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखा इस के चलते होर्मुज संकट के बावजूद भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बनी रहे। भारत की कूटनीतिक सक्रियता का ही परिणाम था कि ईरान ने सशर्त रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने पर सहमति व्यक्त की, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति में पूरी तरह से ठहराव की स्थिति टल गई। संकट काल में सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा के मोर्चे पर भी बड़ी सफलता हासिल की। भारत ने 2030 के लक्ष्य से पहले ही, 2026 में अपनी गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम कर ऊर्जा सुरक्षा को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करता है। सरकार को देश की प्रगति यानी जीडीपी की रफ्तार की गति बनाये रखने के लिए किसी दीर्घकालिक रणनीति के अवलम्बन की आवश्यकता होगी हाल ही मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा विदेशी मुद्रा और आर्थिक संकट से निपटने के लिए देशवासियों से कई महत्वपूर्ण अपीलें कीं। मौजूदा संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने मुख्य सुझाव दिया है। पीएम ने नागरिकों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और सार्वजनिक परिवहन मैट्रो सिटी बस या इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक उपयोग करने को कहा।विदेशी मुद्रा भंडार बचाने के लिए, पीएम ने देशवासियों से कम से कम एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की।उन्होंने कोरोनकाल की तरह ही 'वर्क फ्रॉम होम' की व्यवस्था फिर से अपनाने को कहा, ताकि यात्रा कम हो और ईंधन बचे। यह न सिर्फ जरूरी है वरन देश के हर नागरिक को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संकट से निपटने का संकल्प भी पैदा करने का प्रयास है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नीट परीक्षा

बाल मुकुन्द ओझा

सपने व हौसले तोड़ रहीं पेपर लीक की घटनाएं

देशभर में परीक्षाओं में पेपर लीक के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेपर लीक किसी राज्य विशेष का मामला नहीं है, अपितु यह देश की युवा आबादी के भविष्य से जुड़ा ज्वलंत विषय है। आज प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं में शुचिता बनाए रखना किसी कठिनतम चुनौती से कम नहीं है। सरकारी नौकरी पाने का सपना हर शिक्षित युवा देखता है। इसके लिए वह सालों तक कड़ी मेहनत और रात दिन पढ़ाई करके परीक्षा में इस उम्मीद और विश्वास से बैठता है कि उसे सफल होना है, लेकिन पेपर लीक की घटनाएं ऐसे अभ्यर्थियों का सपना और हौसला तोड़ देती हैं। पेपर लीक के कारण आयोग्य उम्मीदवार बाजी मार कर शासनतंत्र का हिस्सा बन जाता है। भर्ती परीक्षाओं में सरकारी लापरवाही का खामियाजा बेरोजगारों को वर्षों से भुगतना पड़ रहा है। ताज़ा प्रकरण नीट यूजी 2026 परीक्षा से जुड़ा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा को रद्द कर दिया है। केंद्र सरकार ने मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। 22 लाख से अधिक कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया था। राजस्थान के सीकर से नीट यूजी 2026 पेपर लीक का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि इस गेस पेपर के कई सवाल असली परीक्षा से मिल रहे थे। बताया जा रहा है कि 720 नंबर की परीक्षा में करीब 600 नंबर के सवाल पहले से छात्रों तक पहुंच गए थे। यह कथित क्वेश्चन बैंक एक एमबीबीएस छात्र ने अपने दोस्त को भेजा था, जिसके बाद यह अलग-अलग लोगों तक फैल गया। राजस्थान एसओजी ने इस मामले में एक्शन लेते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इससे पूर्व साल 2021 की सब-इंस्पेक्टर और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा को राजस्थान हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने माना कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े स्तर पर धांधली और सिस्टमेटिक पेपर लीक हुआ था। मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग यानी आीपीएससी के एक सदस्य की गिरफ्तारी भी हुई थी। अब ये परीक्षा दोबारा करवाई जा रही है। इसी बीच नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में भारी हंगामा मच गया है। परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया है। प्रदर्शन और आंदोलन भी शरू हो गया है। नेताओं ने बयान बाज़ी शरू कर दी है। अच्छे भविष्य के लिए लाखों युवाओं के लिए सरकारी नौकरियां किसी सपने से कम नहीं होती। सालों की मेहनत करने के बाद मिलने वाला एक मौका उनकी जिंदगी बदल सकता है। लेकिन क्या हो जब उनकी मेहनत पर पेपर लीक का दाग लग जाए? पेपर लीक की इस महामारी में सरकारी कर्मचारी शिक्षक अपराधी माफिया, कोचिंग सेंटर, आदि शामिल हैं। विभिन्न प्रदेशों में दर्जनों संगठित गिरोह सक्रीय है जिन्होंने पेपर लीक का ठेका ले रखा है। इन गैंगों ने मोटी राशि वसूलकर पेपर बेचने का आपराधिक कार्य किया। अनेक सरगना और और परीक्षार्थी पुलिस की पकड़ में है जिनसे गहरी पूछताछ की जा रही है। पेपर लीक की समस्या से जूझ रहे कई राज्यों में से राजस्थान भी एक है। राजस्थान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक होने का सिलसिला कई सालों से चल रहा है। पिछले कांग्रेस शासनकाल में यह कार्य धड़ल्ले से चला। पेपर लीक प्रदेश के युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। इससे न सिर्फ भविष्य निर्माण के कीमती वर्ष बर्बाद हो रहे हैं बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक बोझ पड़ रहा है। प्रदेश में पेपर लीक होने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिस वजह से एग्जाम को रद्द करना पड़ता है और ऐसे छात्रों के भविष्य पर भी असर पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पूर्व आरएस भर्ती 2013 में प्री-एग्जाम का रिजल्ट आने के बाद पता चला कि पेपर पहले ही बाहर था, जिसकी वजह से पूरी परीक्षा रद्द हुई। कांस्टेबल भर्ती 2018 और 2022 दोनों ही बार पुलिस की अपनी ही परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। जेईएन सिविल भर्ती 2020 में पेपर लीक का मामला इतना बढ़ा कि बोर्ड के अध्यक्ष को अपने पद से इस्तीफा तक देना पड़ गया था। लाइब्रेरियन भर्ती 2018 में नकल गिरोह के तार शेखावाटी तक फैले मिले और परीक्षा को बीच में ही निरस्त करना पड़ा। एलडीसी भर्ती 2013 में पेपर आउट होने की वजह से जो भर्ती चंद महीनों में होनी थी, उसे पूरा होने में 3 साल लग गए। आरपीएमटी 2014 में सवालों में भारी गड़बड़ी और लीक के आरोपों के बाद इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम को भी रद्द करना पड़ा था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई

संकलित
दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

दो अनमोल हीरे



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

सटाका

आज की पाती

पश्चिम बंगाल में हिंसा क्यों

हाल ही में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव परिणाम आया है, और इसके बाद यहां हिंसा का सिलसिला शुरू हो गया। चुनाव के बाद यहां हिंसा का सिलसिला पुराना है, वर्ष 2011, 18, 19, 21 और अब 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद भी ऐसा हो रहा है। इस हिंसा का कारण कहीं हारे हुए राजनीतिक दलों का बौखलाना तो नहीं? अगर ऐसा है तो यह सरासर गलत है और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला है। लेकिन सवाल तो यह है कि इतनी सुरक्षा के बाद भी यहां हिंसा क्यों हो रही है? यहां से समय-समय पर हिंसा की ऐसी खबरें सुर्खियों में आती हैं जो लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करती हैं, साथ ही वहां की कानून व्यवस्था की भी पोल खोलती हैं। इस हिंसा पर त्वरित रूप से रोक लगनी चाहिए। *- प्रवीण अग्रवाल, राजनांदगांव*

ट्रेंड

हिमंत व मंत्रियों को शुभकामनाएं

मैं असम के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर हिमंत विश्व सरमा को और मंत्रियों के रूप में शपथ ग्रहण करने पर रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नियोग को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार असम के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेगी।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री

युवाओं के सपने कुचले

नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज़्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग व सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला-पेपर लीक, सरकारी लापरवाही व शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। **-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

विश्वास पर बड़ा आघात

जब परीक्षाओं की शुचिता से समझौता होता है, तो यह केवल एक चूक नहीं, बल्कि उन लाखों अभ्यर्थियों के साथ विश्वासघात है जिन्होंने अनुशासन के साथ पढ़ाई की, सुख-सुविधाओं का त्याग किया और तैयारी के लिए रातों की नींद गंवाई।
-नवीन पटनायक, नेता प्रतिपक्ष, ओडिशा

निजी स्कूल मनमानी न करें

निजी स्कूलों को फीस संरचना का पूरा विवरण सार्वजनिक करना होगा। फीस और अन्य शुल्कों में मनमानी तथा अनुचित वृद्धि पर पूरी तरह रोक रहेगी। अभिभावकों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वर्दी और किताब किसी भी दुकान से खरीद सकेंगे।
-सम्राट चौधरी, सीएम बिहार

करंट अफेयर

अब कैमरून करेंगे 'फेमा' का नेतृत्व

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कैमरून हैमिल्टन को संघीय आपात प्रबंधन एजेंसी (फेमा) का नेतृत्व करने के लिए नामित किया। पूर्व नौसेना सील हैमिल्टन की यह एक आश्चर्यजनक वापसी है। उन्हें पिछले साल फेमा के अस्तित्व का बचाव करने के बाद इसके कार्यवाहक प्रमुख के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। उन्हें नामित करने के साथ ही ट्रंप प्रशासन ने फेमा को भंग करने के अपने वादों से पीछे हटने के संकेत देना शुरू कर दिया है। फेमा एक ऐसी एजेंसी है जिसकी राष्ट्रपति द्वारा कड़ी आलोचना की गई है। हैमिल्टन ने तर्क दिया था कि फेमा को समाप्त करना देश के हित में नहीं है और अब उन्हें नामित किया जाना इस बदलाव के नवीनतम संकेत हैं। हैमिल्टन की नियुक्ति हो जाने के बाद वह ट्रंप और आपात प्रबंधन पर गृह सुरक्षा सचिव मार्कवेन मुलिन के मुख्य सलाहकार होंगे तथा ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में फेमा के पहले स्थायी प्रशासक होंगे। ट्रंप ने सोमवार को ही डेविड कमिंस को परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) का प्रमुख नामित किया। कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने के कारण टीएसए को पिछले कुछ महीनों से उथल-पुथल का सामना करना पड़ रहा है और देश भर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा कतारें लंबी होती जा रही हैं।

ऑफ बीट

'डिजिटल डिटॉक्स' क्या है, क्या इससे सेहत बेहतर हो सकती है



क्या आप हर समय स्क्रीन देखते रहते हैं? आज के समय में ईमेल भेजने से लेकर खाना ऑर्डर करने तक, लगभग हर काम के लिए लोग तकनीक पर निर्भर हैं। लेकिन लगातार ऑनलाइन जुड़े रहना शारीरिक और मानसिक थकान का कारण बन सकता है। इसी वजह से कुछ लोग डिजिटल डिटॉक्स अपना रहे हैं। इसका मतलब है एक निश्चित अवधि तक मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाना। यह अवधारणा ऑनलाइन तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसके समर्थक एनालॉग लाइफस्टाइल के स्वास्थ्य लाभों का प्रचार कर रहे हैं। कुछ लोग बेहतर स्वास्थ्य और खुशी पाने के उद्देश्य से महंगे डिजिटल रिट्रीट कार्यक्रमों में भी हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि सवाल यह है कि क्या 'डिजिटल डिटॉक्स' वास्तव में असरदार है या सेहत की बात करने वाला एक और चलन भर है। इसी तरह डिजिटल डिटॉक्स का उद्देश्य तकनीक से कुछ समय के लिए दूरी बनाना, कम व्यवधानों के साथ जीवन का अनुभव करना और ऑफलाइन रिश्तों को मजबूत करना है। ऑस्ट्रेलिया में युवा औसतन रोजाना नौ घंटे स्क्रीन देखते हैं। शोध बताते हैं कि वयस्क भी इससे बहुत पीछे नहीं हैं। 45 से 64 वर्ष आयु वर्ग के ऑस्ट्रेलियाई प्रतिदिन करीब छह घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप

छात्रा ने ब्लेड से हाथ की काटी नस, मौत

भोपाल। भोपाल के अशोका गार्डन इलाके में बीए की छात्रा ने ब्लेड से हाथ की नस काटकर जान दे दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अशोका गार्डन थाना पुलिस के मुताबिक ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय ख्याति जैन बीए की छात्रा थी। उसके माता-पिता का करीब 10 साल पहले तलाक हो चुका था और वह अपनी मां के साथ रहती थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को उसकी मां किसी काम से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान ख्याति ने ब्लेड से हाथ की नस काट ली। अधिक खून बहने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कमरे की तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के बयान अभी दर्ज नहीं हो सके हैं।

अस्पताल अटेंडर ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल। खजूरी सड़क थाना क्षेत्र के भैंसाखेड़ी निवासी 23 साल के राकेश मेहरा ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह एक अस्पताल में अटेंडर का काम करता था। पुलिस के अनुसार राकेश ने सोमवार सुबह अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या की। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भाजपा सरकार किसानों को बना रही सशक्त

औबेदुल्लागंज। विधायक सुरेंद्र

पटवा ने मंगलवार को कहा कि किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत भाजपा सरकार किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि हमारी भाजपा सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य मिले, खेती लाभदायक बने और किसान आत्मनिर्भर बन सकें। हमारी सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है।

नाले में मिला अज्ञात युवक का नर कंकाल

औबेदुल्लगंज। थाना औबेदुल्लागंज अंतर्गत शासकीय छात्रावास के पीछे नाले में मिला एक अज्ञात युवक का नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र करीब 20-25 वर्ष है। मृतक के शरीर पर गहरे नीले रंग का शर्ट काले रंग का पेंट है। चेहरे पर हल्की दाढ़ी कद करीबन 5 फिट 7 इंच लगभग है, जिसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है।

युवती से दोबारा दुष्कर्म कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

भोपाल। निशातपुरा इलाके में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद युवक और उसकी बहन पर केस दर्ज किया है। निशातपुरा थाना टीआई मनोज पटवा के मुताबिक गैस राहत कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय युवती ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2020 में आरोपी सलमान अहमद ने शादी का वादा कर दुष्कर्म किया था। युवती ने आरोपी पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। जब युवती ने उस पर शादी का दबाव बनाया तो 10 जून 2024 को वह अपनी बहन असमा के साथ युवती के घर पहुंचा। असमा ने युवती को समझाते हुए शादी कराने का भरोसा दिलाया। इसके बाद असमा बाहर चली गई और सलमान ने दोबारा शारीरिक संबंध बनाए। घटना के बाद आरोपी फिर अपने शादी से मुकर गया। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट में परिवाद दायर किया।

शुभांक

कल्याण:	4983		
दिन:	579	14	590
रात:	259	69	135
तारा:			
दिन:	789	44	158
रात:	126	97	458

एपीके फाइल और ई-सिम तकनीक के जरिए लोगों के बैंक खातों से उड़ाते थे रकम

नर्मदापुरम पुलिस की बड़ी कार्रवाई... साइबर ठगी करने वाले दो अंतरराज्यीय आरोपी को झारखंड के देवघर से किया गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद किए
- 17 मार्च को फरियादी के खाते से अपराधियों ने ऑनलाइन माध्यम से 3 लाख 9 हजार 917 रुपए निकाले थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नर्मदापुरम जिले की बनखेड़ी थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा दो अंतरराज्यीय साइबर ठगों को झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी एपीके फाइल और ई-सिम तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों के बैंक खातों से ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार फरियादी छोटेलाल कुशवाह निवासी ग्राम डूमर, थाना बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम ने 17 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बैंक खाते से अज्ञात साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन माध्यम से 3 लाख 9 हजार 917 रुपए निकाल लिए हैं। शिकायत के बाद बनखेड़ी थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक साई थोटा के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और साइबर विश्लेषण के आधार पर पुलिस टीम 2 मई को झारखंड रवाना हुई। टीम ने देवघर जिले में आरोपियों के ठिकानों पर चार दिनों तक भेष बदलकर निगरानी की और 7 मई की देर रात दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उमेश दास (30) निवासी ग्राम बिल्ली, मधुपुर जिला देवघर तथा उत्तम कुमार दास (23) निवासी ग्राम गुनियासोल, मधुपुर जिला देवघर के रूप में हुई है।

ऐसे करते थे साइबर ठगी

प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी लोगों के मोबाइल फोन पर एपीके फाइल भेजते थे। जैसे ही कोई व्यक्ति उस फाइल को डाउनलोड और इंस्टॉल करता था, आरोपी उसके मोबाइल की संवेदनशील जानकारी तक पहुंच बना लेते थे। इसके बाद आरोपी पीड़ित के मोबाइल नंबर की ई-सिम तैयार कर लेते थे, जिससे बैंक खाते से जुड़े ओटीपी और बैंकिंग अलर्ट सीधे आरोपियों तक पहुंचने लगते थे। इसी तकनीक का इस्तेमाल कर आरोपियों ने फरियादी के खाते से अलग-अलग खातों में 3 लाख 9 हजार 917 रुपए ट्रांसफर कर लिए।

क्या होती है एपीके फाइल

एपीके यानी एंड्रॉयड पैकेज किट, एंड्रॉयड मोबाइल में एप्लीकेशन इंस्टॉल करने वाली फाइल होती है। साइबर अपराधी फर्जी और हानिकारक एपीके फाइल बनाकर वॉट्सएप, सोशल मीडिया, टेलीग्राम और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से लोगों को भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति फाइल इंस्टॉल कर आवश्यक अनुमति देता है, मोबाइल में मौजूद एसएमएस, ओटीपी, बैंकिंग संदेश, संपर्क सूची, गैलरी और अन्य निजी जानकारी अपराधियों तक पहुंच जाती है।

कजलीखेड़ा इलाके में प्रॉपर्टी डीलर के सूने मकान से लाखों की चोरी

भोपाल में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अवधपुरी के बाद अब कजलीखेड़ा इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रियंका नगर निवासी प्रमोद कापसे प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। वे 6 मई को मकान में ताला लगाकर शिवाजी नगर स्थित ससुराल गए थे। मंगलवार सुबह पड़ोस में रहने वाली रुबीना खान ने फोन कर बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जब प्रमोद कापसे घर पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि घर से दो मंगलसूत्र, सोने की चेन, कान के झाले, पांच अंगूठियां, लॉकेट, पैंडेंट, चांदी की पायल, नथ और 30 हजार रुपए नकद चोरी हो गए हैं। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी गए माल की कुल कीमत का आकलन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले अवधपुरी इलाके में भी करीब 15 लाख रुपए की चोरी की वारदात सामने आई थी।

लाइसेंसी रायफल का किया इस्तेमाल, करीब से निकली गोली, बेटा सुरक्षित

पारिवारिक विवाद के चलते पिता ने अपने ही बेटे को मारी गोली, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना पुलिस ने अपने ही बेटे पर गोली चलाने वाले आरोपी पिता को घटना के कुछ घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने घरेलू विवाद और पुरानी रंजिश के चलते अपने पुत्र पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी रायफल, जिंदा कारतूस और कार जब्त की है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी राज चौरसिया ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पिता शांति स्वरूप उर्फ बंटी चौरसिया आए दिन परिवार के साथ विवाद और मारपीट करते थे। पारिवारिक विवाद के चलते आरोपी पिछले करीब दो माह से परिवार से अलग किराए के मकान में रह रहा था, लेकिन वह समय-समय पर घर आकर झगड़ा करता था। शिकायत के अनुसार 11 मई 2026 की रात करीब 10:45 बजे राज चौरसिया एकतापुरी ग्राउंड के पास स्थित घर की बालकनी में खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहा था। उसी दौरान आरोपी पिता वहां पहुंचा और पुत्र को जान से मारने की नीयत से अपनी लाइसेंसी 315 बोर रायफल से गोली चला दी। गोली फरियादी के पास से निकल गई। शोर मचाने पर आरोपी मौके से कार लेकर फरार हो गया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी 315 बोर रायफल, तीन जिंदा कारतूस और कार जब्त की

आशोका गार्डन थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी पिता शांति स्वरूप

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी पकड़ाया

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने आरोपी की लोकेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए शांति स्वरूप उर्फ बंटी चौरसिया (53) निवासी सुभाष कॉलोनी, थाना अशोका गार्डन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी 315 बोर रायफल, तीन जिंदा कारतूस और सफेद रंग की कार जब्त की है।

हॉकी से हमला कर दो युवकों के सिर फोड़े

बागसेवनिया इलाके में मामूली विवाद के बाद कुछ युवकों ने हॉकी और डंडों से हमला कर दो युवकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बागमुगालिया निवासी 25 वर्षीय अनिकेत बाठोरे अपने दोस्तों के साथ कलारी के पास बैठा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज की। विवाद बढ़ने पर आरोपी निखिल ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। कुछ देर बाद आरोपी हॉकी और डंडे लेकर पहुंचे और हमला कर दिया।

पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष, दो महिलाओं पर चाकू से हमला, गंभीर रूप से घायल

पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की

ऐशबाग थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से चाकू और लाठी-डंडों से हमला किया गया। घटना में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आचार्य नरेंद्र देव नगर में रहने वाले हरष मीणा और नरेंद्र सिंह राजपूत के परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चलता आ रहा था। सोमवार देर रात दोनों पक्षों के बीच एक बार फिर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गई। आरोप है कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर चाकू और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। करीब आधे घंटे तक चले विवाद में हरष मीणा की बहन भावना को चाकू लगने से गंभीर चोट आई। वहीं दूसरे पक्ष की महिला सदस्य रेखा भी चाकूबाजी में घायल हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

इन पर किया मामला दर्ज

टीआई संदीप पवार ने बताया कि हरष मीणा की शिकायत पर नरेंद्र राजपूत और रेखा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं नरेंद्र सिंह राजपूत की शिकायत पर हरष मीणा, जीवन, लक्ष्मी, राधा, भावना, राहुल सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्रकरण कायम किया गया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

डीजीपी को वीआईपी सुरक्षा की चिंता, बोले-

आपात स्थिति से निपटने के लिए जवानों को किया जाए प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें सुरक्षा अधिकारी और जवान

डीजीपी कैलाश मकवाणा सोमवार को विशेष शाखा प्रशिक्षण संस्थान में विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा से संबंधित विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा ड्यूटी में तैनात जवानों और व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारियों को हर तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाए, ताकि किसी भी परिस्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। चार दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 मई से 15 मई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों और इकाइयों से आए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, समन्वित और प्रभावी बनाना है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को सुरक्षा से जुड़ी मानक कार्यप्रणाली, सुरक्षा समन्वय व्यवस्था, आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई, भीड़ नियंत्रण, मार्ग सुरक्षा, संभावित खतरों के आकलन तथा आधुनिक तकनीकी सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही व्यवहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने का अभ्यास भी कराया जाएगा।

कैलाश मकवाणा

तकनीकी दक्षता की आवश्यकता पर जोर

उद्घाटन सत्र में पुलिस मुख्यालय, गुप्तचर शाखा, मुख्यमंत्री सुरक्षा शाखा, बम निष्क्रिय दस्ता, श्वान दल तथा अन्य विशेषज्ञ इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने सहभागिता की। विशेषज्ञों ने बदलते सुरक्षा परिदृश्य में सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता और तकनीकी दक्षता की आवश्यकता पर जोर दिया। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि वर्तमान समय में विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा केवल पारंपरिक व्यवस्था तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि इसमें आधुनिक तकनीक, बेहतर समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा ड्यूटी में तैनात प्रत्येक अधिकारी और जवान को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि वह किसी भी आपात स्थिति में तत्काल निर्णय लेकर प्रभावी कार्रवाई कर सके।

भेल में नई भर्ती आर्टिजनों के वेतन पुनरीक्षण की मांग को लेकर ऐबू-निफ्टू ने सौंपा ज्ञापन

प्रतिनिधिमंडल ने जीएम एचआर टीयू सिंह एवं एजीएम एचआर बंछोर से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल भोपाल में नई भर्ती कामगारों (आर्टिजनों) के हितों को लेकर ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन (ऐबू) संबद्ध निफ्टू (निफ्टू) द्वारा प्रबंधन के समक्ष मांग उठाई गई।

यूनियन के इकाई महासचिव एवं निफ्टू के प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण गिरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जीएम एचआर टी.यू.सिंह एवं एजीएम एचआर आईआर सुरेखा बंछोर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के कोषाध्यक्ष विशाल वाणी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित कुमार एवं सह-कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता शामिल रहे।

यूनियन का प्रतिनिधिमंडल जीएम एचआर टीयू सिंह को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए।

यूनियन ने ज्ञापन में मांग की है कि नई भर्ती आर्टिजनों को नियुक्ति के बाद एक वर्ष की अस्थायी सेवा अवधि के दौरान दी जाने वाली समेकित मासिक राशि (कंसोलिडेटेड वेजेस) का शीघ्र पुनरीक्षण किया जाए तथा इसे आर्टिजन ए2 ग्रेड के बेसिक पे के बराबर किया जाए। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को अलग-अलग दरों का भुगतान किए जाने से असमानता की स्थिति बन रही है। यूनियन ने प्रबंधन से इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है।

बिजली समस्याओं का मौके पर होगा समाधान, ग्रामों में कल लगेंगे विशेष शिविर

औबेदुल्लागंज। संभाग में 14 मई को संपर्क अभियान के विशेष शिविर मप्र मक्षेविविकं द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान ओर सेवाएं घर बैठे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संपर्क अभियान 2026 के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पिपलानी खुर्द में, गौहरगंज वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम बगासपुर में, मंडीदीप ग्रामीण वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम पोलहा, तथा चिकलोद अंतर्गत चिकलोद कलां में शिविरों का आयोजन होगा। इन शिविरों में उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन से जुड़ी विभिन्न सेवाएं जैसे नए कनेक्शन के आवेदन, नाम तथा भार परिवर्तन, अस्थाई कनेक्शन, मात्र 5 रुपए में कनेक्शन योजना, स्थाई विच्छेदन के आवेदन, अनापत्ति प्रमाण पत्र का और ई-केवाईसी का मौके पर निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार शिविर में उपभोक्ताओं को आने वाली परेशानी जैसे वोल्टेज समस्या, बिल अधिक आना, मीटर तेज चलना, मीटर परिवर्तन, ट्रांसफार्मर संबंधी समस्या,सर्विस केबल बदलने संबंधित आदि समस्याओं का निराकरण तुरंत किया जाएगा।

गौहरगंज तहसील के कई क्षेत्रों में जोरों पर हो रहा अवैध उत्खनन

ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गौहरगंज तहसील के कई क्षेत्रों में अवैध उत्खनन का कार्य जारी है। तामोट के पास सरई ग्राम, नूरगंज रोड, गौरगंज तहसील के आसपास बड़ी मात्रा में अवैध उत्खनन किया जा रहा है। तामोट, नूरगंज, गौहरगंज के निवासियों ने बताया कि यहां से प्रतिदिन सैकड़ों डंपर मिट्टी और कोपरा का अवैध उत्खनन किया जाता है। क्षेत्र में एसडीएम और तहसीलदार का कार्यालय भी है इसके बावजूद अवैध उत्खनन जोरों पर चल रहा है।

ग्रामवासियों ने एसडीएम और तहसीलदार के कार्यालयों में अवैध उत्खनन की कई बार शिकायत कर चुके हैं, इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने फोन पर बताया कि अवैध उत्खनन की शिकायतें तामोट, नूरगंज क्षेत्र के एवं गौरगंज क्षेत्र के ग्रामीणों ने की है, मैं इसकी जांच करवा रहा हूं। वहीं तहसीलदार निलेश सरवटे ने बताया कि अवैध उत्खनन की शिकायते मिली है मैं कार्रवाई करूंगा।

तामोट के पास अवैध उत्खनन करते हुए।

मुख्य मार्ग पर दुकान होने से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा खतरे में, प्रशासन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

औबेदुल्लागंज में आबादी क्षेत्र से शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर मातृशक्ति, बुजुर्ग और युवाओं का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के मुख्य बाजार में संचालित शराब दुकान के विरोध में स्थानीय नागरिकों का आक्रोश फूट पड़ा है। मंगलवार को मातृशक्ति, बुजुर्ग और युवाओं ने दुकान को आबादी क्षेत्र से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

धरने पर बैठी महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्र के समीप होने के कारण रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग का उपयोग बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग करते हैं। दुकान के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने और शराबियों की भीड़ के कारण यहां हमेशा भय का माहौल बना रहता है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्हें अक्सर अभद्र टिप्पणियों और असहज स्थितियों का सामना करना पड़ता है।

शराब की दुकान हटाने को लेकर प्रदर्शन करते हुए लोग।

प्रशासनिक उदासीनता से बढ़ा आक्रोश

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर शासन-प्रशासन को कई बार लिखित आवेदन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रशासन की इसी उदासीनता से क्षुब्ध होकर नागरिकों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। स्थानीय मातृशक्ति ने चेतावनी दी है कि जब तक दुकान हटाने का स्पष्ट आदेश जारी नहीं होता, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा।

शराब दुकान विरोध के मुख्य कारण

- मुख्य मार्ग होने से स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए असुरक्षित रास्ता।
- बाजार क्षेत्र की वजह से महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि।
- सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा, युवाओं और आने वाली पीढ़ी के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा।
- लगातार हो रही दुकान हटाने की मांग, पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर प्रशासन द्वारा नहीं की गई कोई भी कार्रवाई।

आंदोलन के प्रमुख सहभागी

इस आंदोलन में नगर की सुरक्षा और सामाजिक वातावरण को बचाने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे हैं। धरने पर मुख्य रूप से वचन लोधी, आरती यादव (अध्यक्ष, नारी शक्ति), मुन्नी साहू, अभिषेक सेन सहित बड़ी संख्या में नगर के युवा और मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

धरना स्थल पर मौजूद युवाओं ने कहा कि शराब दुकान के कारण क्षेत्र का सामाजिक ताना-बाना बिखर रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए दुकान को तुरंत शिफ्ट किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने साफ कर दिया है कि यदि शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो इस शांतिपूर्ण आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा।

कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में 157 लोगों ने पेश किए शिकायती आवेदन

बड़े तालाब के एफटीएल में बनाया वाहन पार्किंग यार्ड तालाब में कोपरा, मुरम डालकर बनाया जा रहा रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल और पचास मीटर के दायरे में कामर्शियल गतिविधियां की जा रही हैं। भौंरी निवासी महेश सिंगरौली और गिराधारी सिंगरौली ने तालाब के एफटीएल और 50 मीटर दायरे में खेती की जमीन पर अवैध रूप से कामर्शियल वाहन पार्किंग यार्ड बनाया है। इसके साथ तालाब के 50 मीटर दायरे में कोपरा और मुरम डालकर रास्ता भी बनाया जा रहा है। यह शिकायत मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में महेश केसवानी ने दर्ज कराई। एडीएम प्रकाश नायक ने मामले की जांच बैरागढ़ एसडीएम को सौंपी है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में 157 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। आवेदक ने बताया कि भौंरी में तालाब किनारे अवैध वाहन पार्किंग यार्ड, पक्की बाउंड्री बनाकर करोबार किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। तालाब के अंदर कोपरा, मुरम, गिट्टी डालकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भारी वाहन आसानी से आ जा सकें।

जनसुनवाई में लोगों ने शिकायती आवेदन पेश किए।

330 क्विंटल फसल, 250 क्विंटल गेहूं खरीदा, घर में खुले में पड़ा गेहूं

कोलार के कालापानी निवासी किसान उमेश पाटीदार ने बताया कि उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 330 क्विंटल का पंजीयन कराया था। लेकिन तुलाई सीमा 250 क्विंटल तय की गई है। ऐसे में गेहूं की तुलाई नहीं हो पा रही है, गेहूं घर में खुले में पड़ा है, जिससे बारिश होने पर वह भीग सकता है।

सड़क किनारे साइन बोर्ड हटाएं, रिकॉर्डिंग माइक पर प्रतिबंध की मांग

शिवनगर फेस दो निवासी विजय सिंह चंदेल ने शिकायत करते हुए बताया कि दुकानों के बाहर स्टैंडिंग साइन बोर्ड रखने से सड़के छोटी हो गई हैं, जिससे वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। इसी तरह इलाके में फेरी लगाने वाले छोटे रिकॉर्डिंग माइक का प्रयोग करते हैं, जिससे अशांति बनी रहती है। इस पर रोक लगाने की मांग की है।

मंजूरी के बाद निर्माण कार्य होगा आरंभ

पीएम आवास योजनाः दीपड़ी राजेंद्र नगर में बनेंगे आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे कई प्रोजेक्ट समय पर पूरे नहीं हो पाए हैं, लेकिन अब नगर निगम ने नए आवासीय प्रोजेक्ट की तैयारी तेज कर दी है। शहर के दीपड़ी और राजेंद्र नगर क्षेत्र में 1856 नए आवास बनाए जाने की योजना तैयार की गई है। इसके लिए नगर निगम ने डीपीआर बनाकर राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेज दिया है। मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक दोनों क्षेत्रों में बनने वाले आवास आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएंगे।

मंजूरी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया होगी शुरू

दीपड़ी और राजेंद्र नगर क्षेत्र में जमीन चिन्हित कर ली गई है। डीपीआर में आवासों के साथ सड़क, पेयजल, सीवरेज, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी प्रावधान किया गया है ताकि हितग्राहियों को बेहतर आवासीय वातावरण मिल सके। सरकार से स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर निर्माण एजेंसी तय की जाएगी। कई प्रोजेक्ट अब तक पूरे नहीं हालांकि शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कई पुराने प्रोजेक्ट अब भी अधूरे हैं। कई स्थानों पर निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है, जबकि कुछ परियोजनाओं में हितग्राहियों को अब तक मकानों का कब्जा नहीं मिल सका है।

खबर संक्षेप

जीएमसी में राष्ट्रीय फोरेंसिक दिवस मनाया

- डॉ. भानु ने 40 वर्ष के कार्यकाल के अनुभव साझा किए
- इंडियन एकेडमी ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन का स्थापना दिवस भी मनाया

भोपाल। राजधानी स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय फोरेंसिक मेडिसिन दिवस मनाया गया। यह इंडियन एकेडमी ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन का स्थापना दिवस भी है। इस अवसर पर भोपाल फोरेंसिक मेडिसिन रिसर्च सोसाइटी द्वारा जीएमसी के पूर्व अधिष्ठाता एवं फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ भानु दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ भानु दुबे ने फोरेंसिक मेडिसिन के भूतकाल, वर्तमान एवं आने वाले भविष्य विषय व्याख्यान दिया। यह व्याख्यान विशेष रूप से विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए था। डॉ भानु ने अपने 40 वर्ष के कार्यकाल के अनुभव साझा किए। कहा कि फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ का प्रथम कर्तव्य मानवता को न्याय दिलाने में सहायता करने का है। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. कविता एन सिंह भी उपस्थित थीं।

आरिफ नगर में ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा कलेक्शन में लगे वाहनों की स्थिति खुद जांची

गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पहुंचीं निगमायुक्त कचरा कलेक्शन में लगे मैजिक किए चैक

गीला-सूखा कचरा वाहनों में देखा, प्लांट में अलग-अलग कचरे की प्रोसेसिंग यूनिटों में गईं, कर्मचारियों से की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी के तहत निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने मंगलवार को शहर के आरिफ नगर स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन और कचरा प्रोसेसिंग व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कचरा कलेक्शन में लगे मैजिक वाहनों की स्थिति देखी और गीले तथा सूखे कचरे के पृथक्करण की व्यवस्था की जांच की। कमिश्नर सबसे पहले आरिफ नगर स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पहुंचीं, जहां घर-घर से कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की जांच की गई। उन्होंने वाहनों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने की व्यवस्था देखी और संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली। कई वाहनों में सफाई व्यवस्था और कचरे के पृथक्करण को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का भी दौरा किया। यहां अलग-अलग प्रकार के कचरे की प्रोसेसिंग यूनिटों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली समझी। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि रोजाना कितना कचरा पहुंच रहा है और उसका किस तरह निष्पादन किया जा रहा है। साथ ही प्लांट में स्वच्छता और मशीनों के संचालन की स्थिति भी देखी। कमिश्नर ने कर्मचारियों से कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए केवल कागजी तैयारी नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। 3उन्होंने कचरा पृथक्करण, समय पर संग्रहण और प्रोसेसिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने किया औचक निरीक्षण।

स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26

आयुक्त जैन ने ट्रांसफर स्टेशन में खड़े कचरा वाहनों में कमियां देखीं, ड्राइवर से की चर्चा

ट्रांसफर स्टेशन में खडे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के वाहनों में गीला-सूख कचरा अलग-अलग रखने की व्यवस्था को लेकर उन्होंने ड्राइवर से पूछताछ की। वाहनों की स्थिति भी उन्होंने खुद परखी। दरअसल कई मैजिक ऐसे हैं जो कंडम हो रहे हैं और कचरा कलेक्शन के काम में लगे हैं।

कचरा वाहनों का निरीक्षण करतीं निगमायुक्त।

थिंक गैस ने बहाल की सिटी गैस आपूर्ति

भोपाल। राजधानी के गायत्री विहार फेज-1 एवं रामेश्वर एक्सटेंशन क्षेत्र में हाल ही में एक निजी ठेकेदार द्वारा बिना पूर्व सूचना के की जा रही खुदाई के दौरान थिंक गैस द्वारा स्थापित सिटी गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के कारण गैस रिसाव हुआ तथा आसपास की सोसाइटीज़ एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पीएनजी आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित हुई। थिंक गैस की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक मरम्मत कार्य करते हुए कम समय में गैस आपूर्ति बहाल कर दी। थिंक गैस ने भोपाल जिले में घरेलू उपयोग के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) तथा परिवहन क्षेत्र के लिए कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की आपूर्ति हेतु मजबूत पाइपलाइन नेटवर्क स्थापित किया है। पाइपलाइन मार्ग पर स्पष्ट रूट मार्कर, चेतावनी संकेतक एवं आपातकालीन संपर्क बोर्ड लगाए जाने के बावजूद, संबंधित ठेकेदार ने खुदाई कार्य शुरू करने से पहले थिंक गैस को सूचित नहीं किया और न ही घटना के बाद कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रही सहभागिता

डॉ. कैलाशनाथ काटजू मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान में मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस

काटजू अस्पताल में नर्सेस दिवस मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित डॉ. कैलाशनाथ काटजू मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाया गया। संस्थान की नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे के अनुसार इस अवसर पर संस्थान की नर्सिंग अधिकारियों एवं स्टाफ नर्सों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत-संगीत एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से सभी ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संस्थान के चिकित्सकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने नर्सिंग स्टाफ के समर्पण, सेवा भावना एवं मरीजों की देखभाल में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। डॉ. रचना दुबे ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं, जो दिन-रात अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर मरीजों को बेहतर उपचार एवं देखभाल प्रदान करती हैं। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नर्सिंग स्टाफ ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। संस्थान प्रशासन ने सभी नर्सिंग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मीरा अग्निहोत्री, अधीक्षक डॉ बलराम उपाध्याय सभी चिकित्सक एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थिति रहे।

नर्सेस के समर्पण भाव की सराहना

मप्र वन विभाग की जारी रिपोर्ट में सामने आया बालाघाट का वन्यजीव परिदृश्य

बालाघाट बाघ, तेंदुओं के लिए एक बड़ा आवास क्षेत्र, यहां स्तनधारी जीवों की कुल 24 प्रजातियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर एवं दक्षिण बालाघाट वन मंडल का वन क्षेत्र मध्य भारत भूभाग का एक महत्वपूर्ण भाग है, जो कान्हा और पेंच टाइगर रिजर्व के मध्य एक महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारे के रूप कार्य करता है एवं बाघों के आवागमन और उनकी आनुवंशिक विविधता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह बात डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया ने मप्र वन विभाग के सहयोग से एक वैज्ञानिक रिपोर्ट में कही गई है जिसका विमोचन मंगलवार को पीसीसीएफ शुभरंजन सेन एवं एचओएफएफ, मप्र वन विभाग डॉ. समिता राजोरा, मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक एल. कृष्णमूर्ति, एपीसीसीएफ गौरव चौधरी, वन संरक्षक (सीसीएफ), बालाघाट रवि सिंह, महासचिव एवं सीईओ डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया संकेत भाले, निदेशक सेंट्रल इंडिया लैंडस्केप डब्ल्यू डब्ल्यूएफ तथा डॉ. दीप्ति गुप्ता, कंजर्वेशन साइंस स्पेशलिस्ट, सेंट्रल इंडिया लैंडस्केप, डब्ल्यू डब्ल्यूएफ द्वारा किया गया।

केवल दक्षिण बालाघाट के दो परिक्षेत्रों में ही 18 बाघ और 27 तेंदुए

नवंबर 2021 से फरवरी 2022 के बीच किए गए अध्ययन में बालाघाट क्षेत्र में स्तनधारियों की 24 प्रजातियां दर्ज की गई हैं, जो यहां की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाती हैं। केवल दक्षिण बालाघाट के दो वन परिक्षेत्रों में ही अलग-अलग, 18 बाघ और 27 तेंदुए कैमरा ट्रैप में दर्ज किए गए। इससे स्पष्ट होता है कि बालाघाट बड़े मांसाहारी वन्यजीवों, विशेष रूप से बाघ और तेंदुओं, के लिए एक महत्वपूर्ण आवास है। वहीं खुर वाले वन्यजीवों की संख्या मध्य भारत के कुछ संरक्षित क्षेत्रों जैसे संजय-डुबरी टाइगर रिजर्व, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के समान है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है, कि बालाघाट में वन्यजीव संरक्षण को भी प्राथमिकता देते हुए संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की योजनाएं महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं।

एआई आधारित मॉक इंटरव्यू प्लेटफार्म, जॉब जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

बीयू और अनलॉक्स के बीच विद्यार्थियों के समग्र विकास और बेहतर करियर के लिए हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय और अनलॉक्स (यूएनएलओएक्स) के बीय विद्यार्थियों के समग्र विकास, कौशल उन्नयन तथा रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमओयू किया गया है। समझौता ज्ञापन का आदान- प्रदान बीयू के कुलगुरु प्रो एसके जैन और अनलॉक्स के यश अनिल माली द्वारा किया गया। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर बीयू के कुलसचिव डॉ एसबी सिंह ने किए हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यावहारिक अनुभव, तकनीकी दक्षता एवं प्रोफेशनल स्किल्स से सशक्त बनाना है। यह पहल विद्यार्थियों को करियर के लिए तैयार और भविष्य के लिए तैयार बनाने पर केंद्रित रहेगी। समझौते के तहत विवि के विद्यार्थियों को एआई आधारित मॉक इंटरव्यू प्लेटफार्म, एटीएस-फ्रेंडली रिज्यूमे बिल्डर, जॉब एवं इंटर्नशिप पोर्टल, करियर रेडीनेस टूल्स तथा लिंक्डइन एवं प्रोफेशनल प्रोफाइल ऑप्टिमाइजेशन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए उद्योग विशेषज्ञ द्वारा समय-समय पर बूटकैंप, कार्यशालाएं, वेबिनार और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बीयूआईटी के डायरेक्टर प्रो.नीरज गौर, एमओयू कोऑर्डिनेटर डॉ. रूपाली शेवलकर, प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ.सुनीता गोंड, डॉ रचना कुल्हारे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बीयू और अनलॉक्स के बीच एमओयू।

गोबर, स्याही पोतने वाले वाले आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

धार्मिक अपशब्द पर भड़का मुस्लिम समाज, कमिश्नर से मिले शहरकाजी

शहरकाजी ने कहा- पुलिस कमिश्नर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को अयोध्या बाइपास स्थित एक होटल के कमरे में मिले मुस्लिम युवक और हिंदू युवती के पकड़े जाने के बाद युवक को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोबर और स्याही डालकर उसका वीडियो वायरल किया था। एक युवक ने इस दौरान धार्मिक अपशब्द भी कहे। यह घटना गोविंदपुरा पुलिस के जवानों की मौजूदगी में हुई। वीडियो वायरल होने के बाद मुस्लिम समाज इस कृत्य को लेकर भड़क गया है।

मंगलवार को मुस्लिम समाज ने कजियात पहुंचकर शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी। जिसके बाद शहरकाजी ने पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से मिलकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग रखी। उन्होंने शहर के लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस कमिश्नर ने कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की पोस्ट डालने से परहेज किया जाए।

प्रदर्शन कर नाराजगी जताते मुस्लिम धर्मावलंबी।

बाजारों में कैसे सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था, राहगीरों को हो रही दिक्कत

60 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में विकसित कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में 800 ट्रांसपोर्टर्स कर रहे हैं कारोबार

25 साल में एक दर्जन बैठकें, फिर भी पुराने शहर में जमे ट्रांसपोर्टर्स, कोकता इलाके में नहीं हो रहे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर की संकरी सड़कों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की कोशिशें बीते 25 साल से चल रही हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसका बड़ा कारण प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों इतवारा, न्यू इतवारा रोड, मंगलवारा, बुधवारा, चौक बाजार, जुमेराती, घोड़ा नक्कास और पीरगेट जैसे इलाकों में अब भी बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट कंपनियां और भारी वाहनों की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। जबकि इन्हें कोकता में शिफ्ट किया जाना था, जो अब तक नहीं हुए। कोकता स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में 60 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया गया, जहां करीब 800 ट्रांसपोर्टर्स के लिए प्लॉट और सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके बावजूद करीब 400 से ज्यादा ट्रांसपोर्टर अब भी पुराने शहर के घनी आबादी वाले इलाकों से कारोबार चला रहे हैं।

इतवारा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े लोडिंग वाहन।

महापौर का तर्क- जल्द ही जिला प्रशासन और ट्रांसपोर्टर्स की बैठक करेंगे

महापौर मालती राय का कहना है कि पुराने शहर से ट्रांसपोर्टर्स को कोकता में शिफ्ट करने के लिए जल्द ही जिला प्रशासन, पुलिस और ट्रांसपोर्टर्स के बीच संयुक्त बैठक होगी, ताकि पुराने शहर से ट्रांसपोर्ट गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से कोकता शिफ्ट करने की कार्ययोजना बनाई जा सके।

सुबह-शाम भारी वाहनों की आवाजाही बनी मुसीबत

सबसे ज्यादा समस्या सुबह और शाम के समय सामने आती है, जब बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोगों के बीच भारी वाहन भी प्रवेश कर जाते हैं। इससे न केवल ट्रैफिक बाधित होता है, बल्कि दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। कई जगहों पर लोडिंग-अनलोडिंग सड़क पर ही होने से हालात और बिगड़ जाते हैं।

2011 से हो रही हैं कोशिशें

वर्ष 2011 में नगर निगम और जिला प्रशासन ने पुराने शहर से ट्रांसपोर्टरों को हटाने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद अलग-अलग स्तर पर कई बैठकें हुईं, लेकिन निर्णय जमीन पर नहीं उतर सके। ट्रांसपोर्टरों का तर्क रहा कि कोकता में अभी भी कई बुनियादी सुविधाओं की कमी है, वहीं कारोबारियों का कहना है कि पुराने बाजारों से दूरी बढ़ने पर व्यापार प्रभावित होगा।

नीट परीक्षा रद्द होते ही फूटा छात्रों का गुस्सा

लगातार पेपर लीक की घटनाओं ने हमारी मेहनत और भरोसे को तोड़ दिया

एजेंसी ▶▶ जयपुर/ नई दिल्ली

नीट यूजी परीक्षा 2026 रद्द होने के बाद छात्रों में निराशा, गुस्सा और भविष्य को लेकर चिंता साफ दिखाई दे रही है। कई छात्रों ने कहा कि लगातार पेपर लीक की घटनाओं ने उनकी मेहनत और भरोसे को तोड़ दिया है। जयपुर में नीट की तैयारी करने वाले छात्र अमित मीणा ने बताया कि इस साल उन्होंने नीट की परीक्षा दी थी। वह एसटी कैटेगरी से आते हैं और उन्हें उम्मीद थी कि इस बार उनके 500 से ज्यादा नंबर आ सकते थे। अमित ने कहा कि वह पिछले दो साल से तैयारी कर रहे हैं। उनके पिता किसान हैं और खेती करके ही उन्होंने उनकी पढ़ाई का खर्च उठाया है। परीक्षा रद्द होने से उन्हें बड़ा झटका लगा है। इसी तरह झारखंडए जम्मू कश्मीर के भी छात्रों के बयान आ रहे हैं। निराशा साफ दिखाई दे रही थी।

राजस्थान में प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं

देशभर में प्रदर्शन

दिल्ली में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन-नारेबाजी

हर साल पेपर लीक से भविष्य बर्बाद

जयपुर में रहने वाली एक छात्रा ने कहा कि पेपर लीक होने की वजह से मेहनती छात्रों का चयन प्रभावित हो रहा है। उसने बताया कि 2024 में पेपर लीक हुआ, 2025 में पेपर बहुत कठिन था और इस बार फिर से पेपर लीक का मामला सामने आ गया। छात्रा ने कहा कि उसके माता-पिता बहुत मेहनत करके पैसे जुटाते हैं और एक फैसले से पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है।

एनटीए की व्यवस्था पर छात्रों ने उठाए सवाल

कोटा में पढ़ाई कर रही छात्रा ओजस्वनी विजय ने कहा कि यह बहुत बड़े स्तर की समस्या है, इसलिए इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। अगर एनटीए दोबारा परीक्षा कराता है तो उसे यह गारंटी देनी चाहिए कि इस बार किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होगी। कोटा में रहकर पढ़ाई करने वाले एक छात्र ने कहा कि 2 महीने के भीतर फिर से परीक्षा की तैयारी करना बेहद मुश्किल है। छात्र ने बताया कि वे परीक्षा देकर रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब दोबारा परीक्षा देने का दबाव बढ़ गया है।

दिल्ली में भी छात्रों का जबरदस्त प्रदर्शन

एनएसयूआई ने की मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग

देशभर में आयोजित की गई मेडिकल की नीट परीक्षा के पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोपों के बीच इस एग्जाम को रद्द कर दिया गया है। एनटीए के इस फैसले के बाद अब नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। नीट यूजी पेपर लीक मामले में सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सरकार की लापरवाही से टूटा पढ़ाई से मन, पैसा खर्च और परिणाम नहीं मिला

अलवर की छात्रा साक्षी ने कहा कि वह जयपुर में किराए के कमरे में रहकर तैयारी करती है और पिछले एक साल से पढ़ाई कर रही थी। सरकार की लापरवाही की वजह से परीक्षा रद्द हो गई। साक्षी ने कहा कि अब पढ़ाई से मन हटने लगा है। वह सरकार के प्रति काफी नाराज नजर आई। धौलपुर की छात्रा सुनैना तोमर ने बताया कि नीट की तैयारी में हर महीने 10 हजार रुपए से ज्यादा खर्च होता है।

गुवाहाटी में शपथ ग्रहण समारोह.... सरमा ने सीएम पद की ली शपथ

सहयोगी पार्टियां बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट व एजीपी भी मंत्रिमंडल में शामिल की

असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की

हिमंता ने 2016 से झंडा बुलंद किया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में नए मंत्रिमंडल का शपथग्रहण मंगलवार को हुआ। भाजपा नेता हिमंत बिस्व सरमा ने लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ 4 और नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। अन्य जिन नेताओं ने शपथग्रहण में हिस्सा लिया, उनमें भाजपा की सहयोगी पार्टी- बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) के नेता भी शामिल रहे।

इसके अलावा हिमंत कैबिनेट में एक छह बार की महिला विधायक को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। यह पहली बार नहीं है जब हिमंत ने असम में भाजपा का झंडा बुलंद करने की जिम्मेदारी संभाली और उसे अंजाम तक पहुंचाया। वह ये काम 2016 से ही करते आ रहे हैं। पर, उन्हें मुख्यमंत्री बनने का पहला मौका 2021 में मिला था।

सीएम की शपथ लेते सरमा

2021 में जीत के साथ मिला सीएम पद

2021 के विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने स्टार प्रचारक के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। सरमा ने अपनी पारंपरिक जालुकबारी सीट से 1 लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। लगातार दूसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद पार्टी ने सर्वानंद सोनोवाल की जगह उन्हें कमान सौंपी और 10 मई 2021 को वे असम के 15वें मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था जब भाजपा ने किसी अन्य पार्टी से आए नेता को मुख्यमंत्री का पद सौंपा था। भाजपा के लिए सरमा की अहमियत कितनी ज्यादा है, इसका अंदाजा सिर्फ इसी बात से लगा सकते हैं कि उनकी भूमिका असम तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली आलाकमान और अमित शाह के सबसे भरोसेमंद बनकर उभरे हैं। वे पार्टी के लिए अलग-अलग राज्यों में प्रचार तंत्र से लेकर चुनावी तैयारियों तक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

अतुल बोरा सबसे अमीर मंत्री

अतुल बोरा असम के एक प्रमुख नेता और असम गण परिषद (एजीपी) के अध्यक्ष हैं। उनका जन्म 7 अप्रैल 1960 को असम के गोलाघाट जिले के बोराही गांव में हुआ था। उन्होंने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एमए (परास्नातक) और कानून की डिग्री (एलएलबी) हासिल की है।छात्र जीवन में उन्होंने असम आंदोलन में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया था। वे ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) के आयोजन सचिव, महासचिव और बाद में अध्यक्ष भी रहे।

विधायक का सफर

वे पहली बार 1996 में गोलाघाट से विधायक चुने गए । 2016 से लगातार बोकाखाट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने सर्बानंद सोनोवाल और सरमा दोनों के मंत्रिमंडलों में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया है।

संपत्ति और आपराधिक मामले

उनके चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनकी कुल घोषित संपत्ति लगभग 6.87 करोड़ है। लगभग 19.88 लाख की देनदारी है। उन पर एक आपराधिक मामला दर्ज है, जो लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात (आईपीसी की धारा 409) से संबंधित है और जिस पर अभी आरोप तय नहीं हुए हैं।

अजंता न्योग सबसे पढ़ी-लिखी

अजंता न्योग असम भाजपा का प्रमुख महिला चेहरा हैं। वे राज्य की सबसे लंबे समय तक विधायक रहने वाली महिला और असम की पहली महिला वित्त मंत्री होने का गौरव रखती हैं। उनका जन्म 1964 में गुवाहाटी में हुआ था। अजंता की मां रेवती भी विधायक रहीं। अजंता का विवाह नेता और पूर्व मंत्री कर्मश्री नगेन न्योग से हुआ था। 1996 में उल्फा उग्रवादियों ने उनके पति की हत्या कर दी थी। वे एक उच्च-शिक्षित नेता हैं। उन्होंने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से एमए, एलएलबी और 2001 में एलएलएम की डिग्री हासिल की है। उन्होंने कुछ वर्षों तक गुवाहाटी उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में प्रैक्टिस भी की।

राजनीतिक करियर: पति की मृत्यु के बाद उन्होंने कांग्रेस से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। 2020 में वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गईं। वे गोलाघाट से लगातार अजेय रही हैं। 2001 में पहली बार विधायक बनने के बाद, वे 2006, 2011, 2016, 2021 में विजयी रहीं और यह उनका लगातार छठा कार्यकाल है।

रामेश्वर तेली

रामेश्वर तेली असम में भाजपा के प्रमुख नेता हैं। वे विशेष रूप से असम के चाय बागान समुदाय के एक कद्दावर नेता माने जाते हैं। उनका जन्म 14 अगस्त 1970 को असम के दुलियाजान में हुआ था। उनके पिता का नाम बुधू तेली और माता का नाम दुलका तेली है। उनके पिता एक ड्राइवर थे और तेली का बचपन काफी संघर्षपूर्ण रहा। किशोरावस्था में वे स्नैक्स के लिए ब्रेड खरीदने हेतु रतालू और फर्न बेचा करते थे। उन्होंने 1989 तक 10वीं कक्षा की शिक्षा प्राप्त कर ली। वे पहली बार 2001 में दुलियाजान से विधायक चुने गए।

राजनीतिक करियर: 2014 से 2024 तक उन्होंने लोकसभा में डिब्रूगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और बाद में अगस्त 2024 में राज्यसभा के सांसद भी बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। अब उन्होंने सरमा के मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली है।

वित्तीय और कानूनी जानकारी: 2026 के हलफनामे के मुताबिक, उनकी कुल घोषित संपत्ति लगभग 3.17 करोड़ रुपये है। उनका कानूनी रिकॉर्ड बिल्कुल साफ है और उन पर कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

चरण बोरो

चरण बोरो असम के राजनीतिक दल बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट पार्टी के कद्दावर नेता हैं। वे मजबत निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं। उन्होंने पिछली सरकार के मंत्रिमंडल में परिवहन मंत्री के रूप में कार्य किया था। 46 वर्षीय चरण के एक उच्च-शिक्षित नेता हैं। उन्होंने 2003 में गुवाहाटी विश्वविद्यालय से गणित में मास्टर डिग्री हासिल की है।

वित्तीय और कानूनी स्थिति

उनके चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास लगभग 6.18 करोड़ की कुल घोषित संपत्ति है। इसके उलट, उनके ऊपर लगभग 4.37 करोड़ की देनदारी भी है। आपराधिक मामले में उनका रिकॉर्ड बिल्कुल साफ है और उनके खिलाफ कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने बताया

अफवाहों को किया खारिज

न तेल की किल्लत, न लॉकडाउन देशभर में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत के आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश में ईंधन की कमी और संभावित लॉकडाउन को लेकर चल रही तमाम अटकलों और अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। सीआईआई समिट में पुरी ने स्पष्ट किया कि भले ही पिछला कुछ समय चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन भारत ने इस संकट को अवसर में बदल दिया है। उन्होंने देश के ऊर्जा भंडार और तेल की कीमतों को लेकर स्थिति साफ की है। पुरी ने कहा कि हमें ऐसी अफवाहों को खत्म करने की जरूरत है। कोई लॉकडाउन नहीं लगने जा रहा है। ये सब सिर्फ 'मिथक' हैं और इनकी सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है।

कंपनियों को 1.98 लाख करोड़ रुपए का घाटा

आम आदमी की जेब का ख्याल रखते हुए सरकार ने पिछले 4 साल से पेट्रोल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। पुरी ने कहा कि लोग चुनाव के बाद दाम बढ़ने की बातें करते थे, लेकिन 2022 के बाद कई चुनाव हुए और कीमतें स्थिर रहीं। आज तेल कंपनियां हर दिन 1,000 करोड़ का नुकसान उठा रही हैं। कुल घाटा 1,98,000 करोड़ तक पहुंच गया है। यह देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रहा है, लेकिन हमने दुनिया के अन्य देशों की तरह इसका बोझ जनता पर नहीं डाला।

देश में पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस उपलब्ध

- कच्चा तेल : 60 दिनों का पर्याप्त स्टॉक
- एलएनजी : 60 दिनों का बैकअप
- रसोई गैस : 45 दिनों का स्टॉक
- इंटरनेशनल एनर्जी : 76 दिनों का भंडार

एलपीजी की किल्लत नहीं, उत्पादन बढ़ाया गया

युद्ध से पहले भारत की 60 फीसदी रसोई गैस 'होर्मुज जलडमरूमध्य' के रास्ते आती थी। युद्ध के कारण सप्लाई बाधित न हो, इसके लिए भारत ने अपनी घरेलू उत्पादन क्षमता को 36,000 एमटी से बढ़ाकर 54,000 एटी कर दिया है। पुरी ने साफ कहा कि देश में कहीं भी गैस या तेल की कोई कमी नहीं है।

जीवनशैली में बदलाव का संदेश: मंत्री ने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने जनता को आगाह किया है कि युद्ध का असर भारत पर पड़ रहा है यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो हमें अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव सोचने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रिफाइनर और पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है। पुरी के बयान ने उन अफवाहों पर विराम लगा दिया है।

खबर संक्षेप

हत्या मामले में पूर्व विधायक मिश्रा दोषी करार

प्रयागराज। विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट के जज योगेश कुमार तृतीय ने हत्या मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत 4 लोगों को दोषी ठहराया है।



मिश्रा भदोही जिले के विधायक थे और जेल में बंद हैं। यह हत्याकांड साल 1980 का है, जब प्रयागराज कचहरी परिसर के भीतर ही दिनदहाड़े हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। मिश्रा 3 बार सपा और एक बार निषाद पार्टी से विधायक रह चुके हैं।

यमुना में युवक-युवतियां किशोर डूबे, 4 की मौत

यमुना। यहां के बल्केश्वर घाट पर मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। भीषण गर्मी में यमुना में डुबकी लगाने के लिए कूदे 6 युवक-युवतियां संग एक किशोर डूब गया। सभी को एक साथ डूबते हुए देख घाट पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थाना पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंच गई। 4 के मौत की खबर है।

सीआईआई के कार्यक्रम में बोले मांडविया

केंद्र सरकार गरीबों की समर्थक और श्रम व उद्योगों की हितैषी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने मौजूदा सरकार को गरीब समर्थक और उद्योगों का हितैषी बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में चार नई श्रम संहिताएं पूरी तरह से अमल में आ गई हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2026 के दौरान केंद्रीय श्रम मंत्री ने कहा कि श्रम और उद्योगों को एक दूसरे के पूरक होना चाहिए और प्रभावी समन्वय के लिए बदलाव के अनुकूल व्यवहार करना चाहिए। मांडविया ने बताया कि चार नई श्रम संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को एक आसान ढांचे में लाया गया है। सरकार 5 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस महीने की शुरुआत में नए नियम जारी कर चार नई श्रम संहिताओं को पूरी तरह अमल में ले आई है। ये चार श्रम संहिताएं हैं- वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और पेशेवर सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता 2020।

अदालत की 'सुप्रीम' टिप्पणी

महिला करियर बनाना चाहे तो यह क्रूरता या परित्याग नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया कि एक योग्य महिला का अपने करियर को आगे बढ़ाने, अपने बच्चे के लिए एक स्थिर और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने का फैसला क्रूरता या परित्याग के रूप में नहीं देखा जा सकता। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि एक महिला दंत चिकित्सक के अपने पेशेवर करियर को आगे बढ़ाने के प्रयास को क्रूरता और परित्याग करार देना फैमली कोर्ट का सामंती दृष्टिकोण है, जो पिछड़ा और अति रूढ़िवादी है। यह मामला एक अलग रह रहे पति-पत्नी द्वारा दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सामने आया। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने निचली अदालतों के पिछड़े निष्कर्षों को रद्द करते हुए कहा कि पत्नी की पेशेवर पहचान निहित वैवाहिक वीटो के अधीन नहीं है। पीठ ने महिला की इस दलील पर भी ध्यान दिया कि वह अब सुलह की कोई उम्मीद नहीं रखती है।

बंगाल में नई नियुक्ति पर राहुल नाराज

जितनी बड़ी चोरी की, उतना बड़ा इनाम दिया, लगाए गंभीर आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार की ओर से राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल को मुख्य सचिव नियुक्त करने के बाद सियासी विवाद तेज हो गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस नियुक्ति को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। राहुल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप दोहराया। उन्होंने लिखा भाजपा-ईसी के चोर बाजार में जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम।


राहुल गांधी

सुवेंदु अधिकारी

अग्रवाल राज्य के वरिष्ठ सिविल सेवक: सुवेंदु

सीएम सुवेंदु अधिकारी ने अग्रवाल की नियुक्ति पर कहा कि वे सिर्फ एक पूर्व सीईओ नहीं हैं, बल्कि वह राज्य के सबसे वरिष्ठ सिविल सेवक भी हैं। उन्होंने विरोधियों पर निशाना साधते हुए स्पष्ट किया कि अगर किसी को कोई परेशानी है, तो वे दूसरों से बात करे। सीएम ने बेहद सख्त लहजे में कहा कि भाजपा की सरकार पूरी तरह से कानून और नियमों के दायरे में रहकर काम कर रही है। मनोज 1990 बैच के अनुभवी आईएएस अधिकारी हैं। वरिष्ठता के आधार पर ही उन्हें मुख्य सचिव का यह अहम पद सौंपा गया है।

तमिलनाडु विधानसभा में विजय ने जीत लिया दूसरा मुकाम

प्रभाकर निर्विरोध स्पीकर तो रविशंकर डिप्टी स्पीकर बने

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के 17वें विधानसभा सत्र के लिए टीवीके के जेसीडी प्रभाकर को निर्विरोध विधानसभा का स्पीकर चुना गया। रविशंकर डिप्टी स्पीकर बने हैं। सीएम चंद्रशेखर जोसेफ विजय के नेतृत्व में नई बनी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) की गठबंधन सरकार 234 सदस्यों वाले सदन में 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। नई विधानसभा के पहले सत्र से पहले चोलावंदन के विधायक करुप्पैया को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हुआ है। कई विधायकों ने सदस्यता ग्रहण की।

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें शपथ दिलाई

स्पीकर को बधाई देते विजय

प्रोटेम स्पीकर उन्हें आसंदी तक ले गए

प्रोटेम स्पीकर करुप्पैया और विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन, स्पीकर जेसीडी प्रभाकर को सदन में स्पीकर की कुर्सी तक ले गए। मुख्यमंत्री विजय और उदयनिधि स्टालिन समेत ट्रेजरी और विपक्ष दोनों बेंच के नेताओं ने कार्यवाही के दौरान नए चुने गए स्पीकर और डिप्टी स्पीकर को बधाई दी।

उदयनिधि ने फिर सनातन को खत्म करने की बात कही

तमिलनाडु में नेता प्रतिपक्ष और डीएमके विधायक उदयनिधि स्टालिन ने एक बार फिर सनातन धर्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सनातन, जिसने लोगों को बांटने का काम किया, उसे खत्म कर देना चाहिए।

हाईकोर्ट ने टीवीके विधायक को विस जाने से रोका, सुको पहुंचा मामला

फ्लोर टेस्ट से पहले टीवीके को बड़ा झटका लगा है। मद्रास हाई कोर्ट ने तिरुपत्तूर सीट से एक वोट से जीतने वाले टीवीकेविधायक आर श्रीनिवास सेतुपति के विधानसभा कार्यवाही में शामिल होने पर रोक लगा दी।

आरजी कर मामले पर बड़ी खबर

कलकत्ता हाईकोर्ट में जस्टिस मंथा सुनवाई से बाहर हो गईं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

यहां चर्चित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में सोमवार को नया मोड़ सामने आया। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस राजशेखर मंथा की बेंच ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट में मामलों की संख्या अधिक है और इस संवेदनशील केस को पर्याप्त समय देने वाली बेंच के सामने सुनवाई होना न्यायहित में होगा। हाईकोर्ट से संकेत मिला है कि राज्य सरकार इस मामले को लेकर न्यायिक आयोग गठित कर सकती है। सीबीआई ने इस केस में अपनी स्टेटस रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। पिछली सुनवाई में जस्टिस मंथा की बेंच ने कहा था कि जरूरत पड़ने पर सीबीआई दोषी और अन्य संदिग्धों से पूछताछ कर सकती है। इस जांच को आगे बढ़ाने के लिए एजेंसी किसी भी व्यक्ति से पूछताछ करने के लिए स्वतंत्र है।

रणनीतिक साझेदारी होगी और मजबूत

15 से 20 मई के बीच यूरोप और यूएई समेत पांच देशों का दौरा करेंगे पीएम मोदी

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और यूरोप के बीच साझेदारी को और मजबूत करेगी, खासकर व्यापार और निवेश के क्षेत्र में। हाल ही में हुए भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के बाद यह सहयोग और भी आगे बढ़ेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 15 मई से 20 मई के बीच संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वह 15 मई को अपनी यात्रा की शुरुआत संयुक्त अरब अमीरात से करेंगे। वहां वे यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मिलेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय मुद्दों और ऊर्जा सहयोग पर बात करेंगे और दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार देश है और बीते करीब 25 वर्षों से भारत के लिए निवेश का सबसे बड़ा स्रोत भी बना हुआ है। इसके अलावा खाड़ी क्षेत्र के इस अहम देश में प्रवासी भारतीयों की संख्या 45 लाख है। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री भारतीयों के कल्याण के मामले को लेकर भी यूएई के दिग्गज नेताओं के साथ चर्चा करेंगे।

संयुक्त अरब अमीरात से शुरू करेंगे यात्रा

नॉर्वे में नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

दो दिन स्वीडन के गोथेनबर्ग में रहेंगे पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी

इसके बाद पीएम 17 से 18 मई के बीच स्वीडन के गोथेनबर्ग जाएंगे। यह यात्रा स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टरसन के निमंत्रण पर हो रही है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी पीएम क्रिस्टरसन के साथ बातचीत करेंगे, ताकि दोनों देशों के रिश्तों के सभी पहलुओं का रिव्यू किया जा सके और दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए सहयोग के नए रास्ते तलाशे जा सकें। साथ ही ग्रीन ट्रांजिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नई टेक्नोलॉजी, स्टार्ट-अप, मजबूत सप्लाई चेन, डिफेंस, स्पेस, क्लाइमेट एक्शन और लोगों के बीच संबंधों में भी सहयोग किया जा सके।

यात्रा का दूसरा पड़ाव नीदरलैंड होगा

पीएम की विदेश यात्रा का दूसरा पड़ाव नीदरलैंड होगा। जहां वे 15 से 17 मई तक रहेंगे। यह यात्रा नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन के आमंत्रण पर हो रही है। इस दौरान पीएम मोदी नीदरलैंड के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मुलाकात करेंगे और पीएम रॉब जेटन के साथ बातचीत करेंगे। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पहले से मजबूत हो रहे सहयोग को और आगे बढ़ाना है। इसमें रक्षा, सुरक्षा, नवाचार, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, और पानी से जुड़ी रणनीतिक साझेदारी जैसे कई क्षेत्र शामिल हैं। 2017 के बाद यह उनका नीदरलैंड का दूसरा दौरा होगा। जिसमें वह नीदरलैंड के किंग एलेग्जेंडर और क्वीन मैक्सिमा से भी शिष्टाचार भेंट करेंगे। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में जारी उच्च स्तरीय गतिविधियों, संबंधों की गति में तेजी देखने को मिलेगी। यूरोप में नीदरलैंड भारत का एक बड़ा और प्रमुख व्यापारिक साझेदार देश है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच 27.8 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ है। भारत नीदरलैंड के लिए चौथा बड़ा निवेशक है, जिसमें 55.6 बिलियन डॉलर की एफडीआई भी शामिल है।

अंतिम चरण में इटली जाएंगे

इसके बाद अंतिम चरण में पीएम 19 से 20 मई तक इटली जाएंगे। यह यात्रा इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के आमंत्रण पर हो रही है। इस दौरान वे इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मटेरेला से मुलाकात करेंगे और पीएम मेलोनी के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और यूरोप के बीच साझेदारी को और मजबूत करेगी, खासकर व्यापार और निवेश के क्षेत्र में। हाल ही में हुए भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के बाद यह सहयोग और भी आगे बढ़ेगा।

नॉर्वे की यात्रा करेंगे पीएम मोदी

इसके बाद पीएम मोदी 18 से 19 मई तक नॉर्वे की यात्रा करेंगे। जहां वह 19 मई को ओस्लो में आयोजित किए जाने वाले तीसरे इंडिया-नॉर्डिक सम्मेलन में शिरकत करेंगे। नॉर्डिक सम्मेलन में फिनलैंड, आइसलैंड और डेनमार्क के राष्ट्राध्यक्ष भी शिरकत करेंगे। नॉर्डिक सम्मेलन में वे कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। यह पीएम मोदी की पहली नॉर्वे यात्रा होगी और पिछले 43 वर्षों में भारत के किसी पीएम की यह पहली आधिकारिक नॉर्वे यात्रा होगी। वे नॉर्वे के राजा हेराल्ड वी और क्वीन सोनजा से भी मिलेंगे और पीएम जोनास गहर स्टोर के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। पीएम मोदी भारत-नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इस आयोजन की मदद से दोनों पक्षों को अपने संबंधों में हुई प्रगति के अलावा उन्हें भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। जिसमें भारत-ईएफटीए ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट मुख्य रूप से शामिल है।

खबर संक्षेप

पाक में आत्मघाती हमला, 9 की मौत

पेशावर। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में मंगलवार को एक आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोटक लदे

वाहन में धमाका करने से दो सुरक्षा अधिकारियों समेत कम से कम 9 लोग मारे गए और 33 अन्य घायल हो गए। यह घटना अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मारवत जिले में हुई। जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक से लदे अपने तिपहिया ऑटो रिक्शा में नौरंग बाजार के फाटक चौक पर धमाका कर दिया। मरने वाले 9 लोगों में दो यातायात पुलिसकर्मी और एक महिला थे।

थाईलैंड घूमने गए 5 भारतीयों में से 1 की मौत

फुकेट। थाईलैंड के फुकेट घूमने गए 4 भारतीय नागरिक एक कैफे में भोजन के दौरान अचानक बेहोश

हो गए। इस घटना में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य का अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने घटना की पुष्टि की है। वहीं, भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, दूतावास थाई अधिकारियों के संपर्क में है और घटना पर करीब नजर रख रहा है, जिसमें 9 मई 2026 को फुकेट में चार भारतीय पर्यटक बेहोश हो गए थे और बाद में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

एलओसी पर 1 आतंकी मारा गया, घुसपैठ नाकाम

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना के जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को

नाकाम कर दिया। इस दौरान एक घुसपैठिया आतंकवादी मारा गया। नागरोटा स्थित सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि लगातार निगरानी के दौरान शाम करीब 4 बजे कृष्णा घाटी सेक्टर, पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास भारतीय क्षेत्र के लगभग 300 मीटर अंदर संदिग्ध गतिविधि देखी गई। जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और किसी भी तरह की सेंध नहीं लगने दी।

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की मदद करने पर भारत का चीन पर तंज

आतंकी ढांचे को बचाने की कोशिश करने वाले देशों की छवि हो रही धूमिल

हमें पहले से ही पता था, नई रिपोर्ट से हमारी जानकारी सच साबित हुई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह 'सटीक, लक्षित और संतुलित' कार्रवाई थी। इसका एकमात्र मकसद पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकवाद के ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करना था।

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को कथित समर्थन देने के मुद्दे पर चीन को कड़ा संदेश दिया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि जो देश खुद को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें यह सोचना चाहिए कि आतंकवादी ढांचे को बचाने की कोशिशों का उनकी अंतरराष्ट्रीय साख और प्रतिष्ठा पर क्या असर पड़ता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान यह टिप्पणी की। उनसे चीन के उस बयान को लेकर सवाल पूछा गया था, जिसमें पहली बार यह स्वीकार किया गया कि मई 2025 में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने पाकिस्तान को जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान की थी। जायसवाल ने कहा कि हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं जो उन बातों की पुष्टि करती हैं, जिनकी जानकारी पहले से थी। जो देश खुद को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें यह जरूर सोचना चाहिए कि आतंकवादी बुनियादी ढांचे को बचाने के प्रयासों का उनकी प्रतिष्ठा और वैश्विक छवि पर क्या प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह 'सटीक, लक्षित और संतुलित' कार्रवाई थी। इसका एकमात्र मकसद पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकवाद के ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करना था।

ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री पीएम से करेंगे मुलाकात

भारत-नेपाल के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक रिश्ते

रणधीर जायसवाल, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

जिम्मेदार देशों को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन का बिना नाम लिए उस पर सीधा और करारा प्रहार किया है। रणधीर जायसवाल ने सख्त लहजे में कहा कि जो देश खुद को बहुत जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्हें खुद इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को बचाने की कोशिश करने वालों का समर्थन करने से उनकी अपनी इज्जत और साख पर कोई असर नहीं पड़ता है? भारत ने दुनिया को यह साफ कर दिया है कि आतंकवाद को बचाने वालों का साथ देने वाले देशों की नीयत पर हमेशा बड़े सवाल उठते रहेंगे।

13 भारतीय जहाज फारस की खाड़ी में फंसे

विदेश मंत्रालय ने बताया कि 11 भारतीय समुद्री जहाज इस खतरनाक रास्ते से सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। हालांकि, स्थिति अभी भी पूरी तरह से सामान्य नहीं हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि 13 अन्य भारतीय जहाज अब भी उसी क्षेत्र यानी फारस की खाड़ी में मौजूद हैं और अपनी आगे की सुरक्षित यात्रा के लिए इंतजार कर रहे हैं।

कल से भारत में होगी ब्रिक्स 2026 के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक

भारत 14 और 15 मई 2026 को ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की एक बहुत ही बड़ी और अहम बैठक की मेजबानी करने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर खुद करेंगे। इस बैठक में ब्रिक्स के सभी सदस्य और साझीदार देशों के विदेश मंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आएंगे। ये सभी बड़े नेता भारत के पीएम नरेंद्र मोदी से भी खास मुलाकात करेंगे। बैठक के पहले दिन सभी देशों के विदेश मंत्री दुनिया और अपने क्षेत्र के अहम मुद्दों पर बहुत ही विस्तार से बातचीत करेंगे। दूसरे दिन एक खास सत्र का आयोजन होगा। इस सत्र का विषय ब्रिक्स एट 20, बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी रखा गया है। इसके बाद दुनिया की शासन व्यवस्था में सुधार लाने पर भी चर्चा होगी। बैठक में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची शामिल होंगे। चीनी विदेश मंत्री वांग यी शामिल नहीं होंगे।

बांग्लादेश के साथ रिश्ते सुधर रहे

बांग्लादेश को लेकर भारत ने साफ कर दिया है कि दोनों देशों के रिश्ते बहुत ही अच्छी और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि हमारी सरकार बांग्लादेश के साथ रिश्तों को बहुत अहमियत देती है। उन्होंने याद दिलाया कि कुछ समय पहले ही बांग्लादेश के विदेश मंत्री ने भारत का एक अहम दौरा किया था। इसके अलावा, जब हाल ही में बांग्लादेश में चुनाव हुए और वहां एक नई सरकार बनी, तो उसके शपथ ग्रहण समारोह और जश्न में भारत की तरफ से एक स्पीकर ने भी खास तौर पर हिस्सा लिया था। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत और बांग्लादेश के बीच वर्तमान में यही सकारात्मक स्थिति बनी हुई है। भारत सरकार अपने इस अहम पड़ोसी देश के साथ लगातार अच्छे और मजबूत संबंध बनाए रखने की दिशा में बहुत तेजी से काम कर रही है।

नेपाल ने दिया भारतीय विदेश मंत्री को आने का न्योता

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत और नेपाल के बीच कई तरह के गहरे और मजबूत रिश्ते हैं। ये रिश्ते केवल राजनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि व्यापार और संस्कृति से भी जुड़े हैं। जब नेपाल में चुनाव हुए और वहां नई सरकार का गठन हुआ, तो भारत के प्रधानमंत्री ने खुद वहां के नए नेता से फोन पर लंबी बात की थी। नेपाल सरकार की तरफ से भारत के विदेश मंत्री को वहां आने का आधिकारिक न्योता मिला है। विदेश मंत्री भारत से नेपाल कब जाएंगे, इसकी सटीक तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं। दोनों देशों के अधिकारी आपस में बात करके और दोनों पक्षों की सुविधा के अनुसार जल्द ही यात्रा की तारीखें तय कर लेंगे। भारत नेपाल के साथ अपनी पुरानी दोस्ती को लगातार आगे बढ़ा रहा है।

यूएन में गणित की प्रदर्शनी में बोले जयशंकर

आज के तकनीकी युग की बुनियाद बनने वाला कोड भारत ने सदियों पहले खोजा

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में प्रदर्शनी देखते विदेश मंत्री एस. जयशंकर

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गणित में भारतीय सभ्यता के योगदान को दर्शाने वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक प्रगति की वैश्विक कहानी को लंबे समय तक एक संकीर्ण नजरिये से देखा गया है। अब इतिहास को लेकर गलत धारणाओं को सुधारने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से 'शून्य से अनंत- गणित में भारतीय सभ्यता का योगदान' के नाम से यह प्रदर्शनी आयोजित की गई है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने इसे इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए जयशंकर ने कहा कि जब दुनिया संयुक्त राष्ट्र में साझा मानव विरासत की बात कर रही है, तब यह समझना जरूरी है कि आधुनिक इतिहास में वैज्ञानिक प्रगति की कहानी को बहुत लंबे समय तक सीमित समय और सीमित भौगोलिक नजरिये से देखा गया है। उन्होंने इसको ऐतिहासिक और अपनी तरह की पहली गणित प्रदर्शनी बताया, जिसे संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित किया गया है। जयशंकर ने कहा, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक बदलावों के साथ अब सांस्कृतिक संतुलन भी बदल रहा है।

बौद्धिक जड़ें भारत की धरती में

जयशंकर ने कहा कि यहां मौजूद लोग केवल दीवार पर लिखे अंकों को नहीं देख रहे हैं, बल्कि उस सभ्यता को देख रहे हैं, जिसकी बौद्धिक जड़ें भारत की धरती में हैं। यह केवल अतीत की नहीं, बल्कि भविष्य की भी विरासत है। तकनीक के लोकतंत्रीकरण के साथ-साथ इतिहास का लोकतंत्रीकरण भी जरूरी है। जब तक अतीत की गलत धारणाओं को ठीक नहीं किया जाएगा, तब तक भविष्य की चुनौतियों को सही तरीके से नहीं समझा जा सकेगा। यह प्रदर्शनी दर्शकों को हजारों वर्षों की यात्रा पर ले जाती है, जहां वे देख सकते हैं कि भारतीय सभ्यता से निकली गणितीय खोजें किस तरह दुनिया में फैलीं और आज भी आधुनिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। जयशंकर ने कहा कि गणित के वैश्विक प्रसार की कहानी आपसी जुड़ाव की कहानी है। लेकिन हर विचार की शुरुआत कहीं न कहीं से होती है। आज के तकनीकी युग की बुनियाद बनने वाला कोड भारत में सदियों पहले ही सोचा जा चुका था।

प्रदर्शनी में प्राचीन गणितीय विचार

यह विशेष प्रदर्शनी भारत से निकले उन प्राचीन गणितीय विचारों को दिखाती है, जो बाद में पूरी दुनिया में फैले। इनमें शून्य, दशमलव प्रणाली, बीजगणित, कलन विधि, ग्रहों के मॉडल, खगोलीय गणना, क्रमचय-संचय (कॉम्बिनेटरिक्स), द्विआधारी (बाइनरी) गणना और ज्यामिति जैसे विषय शामिल हैं। इसमें 'बौधायन-पाइथागोरस प्रमेय' को भी प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में महान भारतीय विद्वानों आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कर से लेकर केरल का खगोल विज्ञान और गणित विद्यालय तक की परंपरा को भी सम्मान दिया गया है। जयशंकर ने कहा कि यह प्रदर्शनी याद दिलाती है कि गणित एक सार्वभौमिक भाषा है और इसका प्रसार पूरी दुनिया के हित में रहा है।

पाकिस्तान का अमेरिका के साथ डबल गेम

ईरानी विमानों को अपने एयरबेस में दी थी जगह, पहले माना, अब इनकार

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अपने एयरबेस पर ईरानी सैन्य विमानों को खड़ा होने की अनुमति दी थी, ताकि उन्हें संभावित अमेरिकी हवाई हमलों से बचाया जा सके। पाकिस्तान ने इस खबर को भ्रामक और सनसनीखेज करार दिया है। इससे पहले पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर यह बात स्वीकार की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में

उपग्रह तस्वीर में दिखे ईरानी विमान

मौजूद ईरानी विमान किसी सैन्य रणनीति या सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे। ये विमान युद्धविराम के दौरान आए थे और बातचीत प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों, सुरक्षा टीमों और प्रशासनिक कर्मचारियों की आवाजाही के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। लेकिन इसी बयान ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

होर्मुज में ईरान ने बढ़ाया नियंत्रण

नौसेना ने 500 किमी का दायरा बढ़ाया कहा- ये पूरा सैन्य घेरा रणनीति का भाग

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि रणनीतिक रूप से बेहद अहम स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अब पहले से कहीं अधिक बड़ा हो गया है और इसे एक विशाल सैन्य और ऑपरेशनल क्षेत्र के रूप में पुनर्परिभाषित किया गया है। ईरान ने दावा किया है कि यह समुद्री मार्ग अब केवल एक संकीर्ण जलडमरूमध्य नहीं रहा, बल्कि यह लगभग 500 किमी तक फैला एक व्यापक क्षेत्र बन चुका है, जो ईरान की नई नौसैनिक रणनीति का भाग है। ईरानी नौसेना के राजनीतिक उप

होर्मुज जलडमरूमध्य

प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने बताया कि पहले स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को होर्मुज और हेन्गम जैसे छोटे द्वीपों के आसपास एक सीमित क्षेत्र के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब यह क्षेत्र जस्क और सिरिक से लेकर क़ेश्म द्वीप और ग्रेटर टुंब तक फैला हुआ एक विशाल सैन्य गलियारा बन चुका है।

आर्थिक सहयोग मजबूत करने पर दोनों देशों ने जताई प्रतिबद्धता

पीयूष गोयल ने भारत-चिली सीईपीए पर हुई प्रगति की समीक्षा की, निवेश बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को चिली के विदेश मंत्री फ्रांसिस्को पेरेज मैककेना और चिली प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ नाश्ते पर चर्चा की। गोयल ने कहा कि भारत और चिली ने मिलकर कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीईपीए) पर प्रगति को लेकर बातचीत की। उन्होंने इस दौरान द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

लैटिन अमेरिका में प्रभाव बढ़ा रहा भारत

फ्रांसिस्को पेरेज मैककेना और पीयूष गोयल

भारत लैटिन अमेरिका में अपने व्यापारिक प्रभाव को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें चिली खनिज, ऊर्जा, कृषि और सेवा जैसे क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में उभर रहा है। प्रस्तावित सीईपीए से बाजार पहुंच में और सुधार होने, व्यापार बाधाओं में कमी आने और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सरकार ने भारत को वैश्विक विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के प्रयासों को भी तेज कर दिया है। पिछले सप्ताह, गोयल ने व्यापार और निवेश के नए अवसरों की खोज के लिए वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई बैठकें की थीं।

साझा विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध

गोयल ने कहा कि भारत चिली के साथ अपनी सौहार्दपूर्ण और दीर्घकालिक साझेदारी को महत्व देता है और हम साझा विकास और समृद्धि के लिए अपने आर्थिक सहयोग और जनता-से-जनता संपर्कों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों देश निर्यात को मजबूत करने, निवेश आकर्षित करने के लिए तैयार हैं।

द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर होगी चर्चा

मालदीव की विदेश मंत्री का तीन दिवसीय दौरा, प्रतिनिधिमंडल संग पहुंची भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मालदीव गणराज्य की विदेश मंत्री इरुथिशम एडम तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर मंगलवार शाम 5 बजकर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भारत पहुंची। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि एडम 12-14 मई तक भारत में होंगी। बुधवार शाम 4 बजे हैदराबाद हाउस में उनकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात होगी। इसके बाद इसी दिन यानी 13 मई को वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ वाणिज्य भवन में अहम बैठक होगी।

भारत के निमंत्रण पर आईं

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पदभार संभालने के बाद यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। उन्हें भारत आने का न्योता विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिया था। यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाना है। इरुथिशाम जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी, जिससे मंत्रियों को द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और आपसी हितों के खास मुद्दों पर चर्चा करने का मौका मिलेगा। इरुथिशम के साथ विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. इब्राहिम जुहुरी और सहायक निदेशक अमीनाथ गुरैशा भी आए।

भारत का करीबी सहयोगी है मालदीव

हाल ही में विदेश मंत्री बनीं इरुथिशम को लंबा राजनयिक अनुभव है। इससे पहले वो यूनाइटेड किंगडम में मालदीव की उच्चायुक्त रह चुकी हैं। मालदीव भारत को अपना सबसे करीबी सहयोगी मानता है। दोनों देश मजबूत सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक रिश्तों से जुड़े हैं। 2024 में शुरुआती तनाव के बाद मालदीव ने अपने रिश्तों को सहज बनाने की पूरी कोशिश की है। राष्ट्रपति मुइज्जू प्रशासन ने भारत के साथ द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

साइबर धोखाधड़ी की पहचान सक्रिय रूप से पहले ही हो सकेगी

म्यूल खातों पर लगेगी रोक, आई4सी-आरबीआईएच के बीच एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत कार्यरत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) और रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) ने साइबर-सक्षम वित्तीय धोखाधड़ियों से निपटने और बैंकिंग तथा डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम में म्यूल खातों पर लगाम लगाने के लिए सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी हैं। इस एमओयू का उद्देश्य धोखाधड़ी-जोखिम खुफिया जानकारी साझा करने, विश्लेषणात्मक सहायता और परिचालन समन्वय के क्षेत्रों में सहयोग को सुविधाजनक बनाना है, ताकि धोखाधड़ी की पहचान सक्रिय रूप से पहले ही हो सके और ऐसी धोखाधड़ी की रोकथाम के तंत्र को मजबूत किया जा सके।

साइबर अपराध के खिलाफ नागरिकों को 'नेक्स्ट जेन शील्ड' मिलेगी

बैंकों में लागू म्यूलहंटरडॉट एआई को और अधिक मजबूत किया जाएगा

आई4सी और आरबीआईएच के अधिकारी एमओयू करते हुए

साइबर धोखाधड़ी को एआई की ताकत से रोकेंगे: शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार साइबर सुरक्षित भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। म्यूल खाते साइबर अपराधों को रोकने में बड़ी बाधा हैं। साइबर धोखाधड़ी से लड़ने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ताकत को उजागर करते हुए आज गृह मंत्रालय के अधीन आई4सी ने आरबीआईएच के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

खुफिया जानकारी संदिग्ध रजिस्ट्री से साझा करेंगे

इस एमओयू के तहत, आई4सी और आरबीआईएच म्यूल खातों से संबंधित खुफिया जानकारी तथा संदिग्ध पहचानकर्ताओं को आई4सी की संदिग्ध रजिस्ट्री से साझा करने के लिए सहयोग करेंगे, ताकि बैंकों में लागू एआई-संचालित धोखाधड़ी पहचान प्रणालियों जैसे म्यूलहंटरडॉटएआई को और मजबूत किया जा सके। आरबीआईएच इन डेटासेट्स का उपयोग एआई-संचालित धोखाधड़ी-जोखिम मूल्यांकन मॉडलों के प्रशिक्षण और सुधार के लिए करेगा, जिसमें म्यूलहंटरडॉटएआई भी शामिल है।

क्या होते हैं म्यूल खाते

म्यूल खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिनका उपयोग साइबर अपराधी धोखाधड़ी से कमाए गए अवैध पैसे को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने या छिपाने के लिए करते हैं। ये खाते किसी और के नाम पर होते हैं, लेकिन उन्हें नियंत्रित कोई और (अपराधी) करता है, ताकि असली अपराधी पुलिस की पकड़ से बच सकें।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात	12	8	4	16
बेंगलुरु	11	7	4	14
हैदराबाद	12	7	5	14
पंजाब	10	6	3	13
चेन्नई	11	6	5	12
राजस्थान	11	6	5	12
कोलकाता	10	4	5	9
दिल्ली	11	4	7	8
मुंबई	11	3	8	6
लखनऊ	11	3	8	6

ऑरेंज कैप

हेनरिक क्लासेन
508 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

शबनीम इस्माइल ने की संन्यास से वापसी

महिला टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। लौरा वोल्वार्ड्ट की कप्तानी में घोषित टीम में 37 साल की शबनीम इस्माइल को जगह मिलना चौंकाने वाला है। शबनीम को विश्व कप की टीम में जगह देना क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका का एक चौंकाने वाला फैसला है।

दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में संन्यास ले चुकीं 37 साल की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को टी20 विश्व कप 2026 की टीम में जगह दी है। इसके लिए शबनीम को संन्यास तुड़वाकर वापसी कराई गई है।

विश्व कप 12 जून से

विश्व कप 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप 1 में शामिल है। इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड, और पाकिस्तान शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका 13 जून को मैनचेस्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

दुनिया की बड़ी लीग में लगातार सक्रिय शबनीम

शबनीम इस्माइल को दक्षिण अफ्रीका टीम में जगह देने की कई वजहें हैं। पहला, इस्माइल बेशक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रही हैं, लेकिन दुनिया की बड़ी लीग में लगातार सक्रिय हैं। वह संन्यास के बाद से महिला बिग बैश लीग, महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग और महिला द हंड्रेड में 92 टी20 मैच खेल चुकी हैं। इस वजह से उनके पास फॉर्म और फिटनेस दोनों है। दूसरा, वह दक्षिण अफ्रीका की सफल और बेहतरीन तेज गेंदबाज रह चुकी हैं। उन्होंने 113 मैचों में 123 विकेट लिए हैं। विश्व कप इंग्लैंड में होने वाला है। वहां शबनीम की गति और अनुभव टीम के काम आ सकता है। इसी वजह से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें संन्यास से वापसी कराते हुए टीम में जगह दी है।

न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला रविवार को खेला गया था। मैच के दौरान न्यूजीलैंड की तरफ से ओवर फेंकने की गति धीमी रही। इस वजह से टीम पर जुर्माना लगाया गया है। समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद अमेलिया केर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड एक ओवर पीछे रही थी। इस वजह से टीम पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की हेलेन पैक ने यह सजा सुनाई। आईसीसी ने कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। यह हर उस ओवर के लिए जो उनकी टीम निर्धारित समय में नहीं फेंक पाती है। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित समय पर एक ओवर पीछे रही थी, इसलिए 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। कप्तान केर ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा मान ली।

- इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में धीमी गति से ओवर फेंकने का मामला

हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर आउट, रबाडा और होल्डर ने चटकाए 3-3 विकेट

लगातार पांचवीं जीत के साथ टॉप पर जीटी, सनराइजर्स को 82 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को मंगलवार को 82 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत के साथ आईपीएल अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। साइ सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों से गुजरात ने 5 विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर आउट हो गए। कैगिसो रबाडा ने शीर्ष क्रम की बखिया उधेड़ते हुए 28 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि जैसन होल्डर ने 20 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस जीत के साथ गुजरात 12 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। आरसीबी 11 मैचों में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

गुजरात की सबसे बड़ी जीत

गुजरात टाइटंस की आईपीएल के इतिहास में रनों की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले गुजरात की सबसे बड़ी जीत इसी सीजन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आई थी। उस मुकाबले में गुजरात ने राजस्थान को 77 रनों से हराया था।

82 रन - गुजरात टाइटंस (बनाम हैदराबाद)
77 रन - गुजरात टाइटंस (बनाम राजस्थान)
62 रन - गुजरात टाइटंस (बनाम मुंबई)

एसआरएच ने मात्र 60 रन पर गंवाए 7 विकेट

जीत के लिए 169 रन के लक्ष्य के जवाब में सनराइजर्स ने 7 विकेट 60 रन पर गंवा दिए थे। रबाडा ने अपने 4 ओवर में 3 विकेट चटकाते हुए सनराइजर्स को लगातार झटके दिए। वहीं मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर ही मैडन डालते हुए ट्रेविस हेड का अहम विकेट लिया, जिन्होंने निशांत सिंधू को आसान कैच थमाया। सिराज ने तीन ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 1 विकेट लिया। अभिषेक शर्मा (छह) को भी रबाडा ने ही रवाना किया। चौथे ओवर में ईशान किशन (11) ने विकेट के पीछे कैच थमाया। रबाडा ने अपने आखिरी ओवर में आर स्मरण को मिड आन पर शुभमन गिल के हाथों लपकवाया तब सनराइजर्स का स्कोर चार विकेट पर 32 रन था। हेनरिच क्लासेन 11 रन बनाकर होल्डर का शिकार हुए, जिनका कैच विकेट के पीछे जोस बटलर ने लपका।

सुदर्शन और वॉशिंगटन ने खेली अर्धशतकीय पारी

इससे पहले साई सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से गुजरात टाइटंस ने पांच विकेट पर 168 रन बनाए। सुदर्शन ने 44 गेंद में 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 61 रन बनाए। वहीं सुंदर ने 33 गेंद में सात चौकों और एक छक्के के साथ 50 रन की पारी खेली। सनराइजर्स के लिए प्रफुल्ल हिंगे ने 3 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए जबकि कप्तान पैट कमिंस ने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट चटकाया।

रबाडा ने की बोल्ट और जॉनसन की बराबरी

एक सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड मोहम्मद शमी के नाम है। हालांकि 16-16 विकेट मिचेल जॉनसन ने 2013 तो ट्रेंट बोल्ट ने 2020 में पावरप्ले में झटके थे। अब कागिसो रबाडा ने जॉनसन और बोल्ट की बराबरी कर ली है। रबाडा के इस सीजन पावरप्ले में 16 विकेट हो गए हैं।

स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटंस	रन	गेंद	4	6
सुदर्शन का हिंगे बो हुसैन	61	44	5	2
गिल का क्लासेन बो हिंगे	5	7	1	0
बटलर का ईशान को हिंगे	7	11	1	0
सिंधू का क्लासेन बो कमिंस	22	14	3	1
सुंदर का ईशान को साकिब	50	33	7	1
जैसन होल्डर नाबाद	11	10	0	0
राहुल तेवतिया नाबाद	4	1	1	0

अतिरिक्त : 4 रन
योग : 20 ओवर में 168/5 रन
गेंदबाजी : कमिंस 4-0-20-1, रेड्डी 3-0-27-0, हिंगे 3-0-17-2, मलिंगा 4-0-46-0, हुसैन 4-0-37-2, शिवांग 2-0-19- 0

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
ट्रेविस हेड का सिंधू बो सिराज	0	4	0	0
अभिषेक शर्मा बो रबाडा	6	4	0	1
ईशान का बटलर बो रबाडा	11	7	1	1
रविचंद्रन का गिल बो रबाडा	9	15	1	0
क्लासेन का बटलर बो होल्डर	14	16	2	0
अरोड़ा का बटलर बो कृष्णा	16	13	3	0
रेड्डी का सुंदर बो होल्डर	2	4	0	0
कमिंस का सिराज बो कृष्णा	19	9	1	2
शिवांग का बटलर बो होल्डर	4	6	0	0
हिंगे स्ट बटलर बो राशिद	3	8	0	0
एशान मलिंगा नाबाद	0	3	0	0

अतिरिक्त : 2 रन
योग : 14.5 ओवर में 86 रन
गेंदबाजी : सिराज 3-1-11-1, रबाडा 4-0-28-3, होल्डर 4-0-20-3, कृष्णा 3-0-23-2, राशिद 0.5-0-3-1

नाइट राइडर्स की बॉलिंग ब्रिगेड से टकराएगी आरसीबी की बैटिंग आर्मी

एजेंसी ▶▶| रायपुर

प्लेऑफ की दहलीज पर खड़ी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम को अगर अंतिम चार में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित करनी है तो उसके बल्लेबाजों को बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजों के सामने आक्रामक प्रदर्शन करना होगा।

आरसीबी फिलहाल 14 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, लेकिन मंगलवार को होने वाले मैच के बाद इस स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद या गुजरात टाइटन्स काबिज हो जाएंगे, जिनके पास भी 14 अंक हैं।

आरसीबी ने किया अब तक अच्छा प्रदर्शन : आरसीबी ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके बल्लेबाज अपेक्षित खेल नहीं दिखा पाए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई थी और उसने बमुश्किल जीत हासिल की थी। उसकी टीम आगे फिर से इस तरह की परिस्थिति से नहीं गुजरना चाहेगी। पिछले मैच में वह क्रुणाल पंड्या के अर्धशतक और अंतिम ओवर में भुवनेश्वर कुमार के छक्के से ही लक्ष्य तक पहुंच पाई थी।

आरसीबी के सामने केकेआर की मजबूत गेंदबाजी : अब उसके बल्लेबाजों का सामना केकेआर के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण से होगा जिसमें सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे रहस्यमयी स्पिनर शामिल हैं। उन्हें कार्तिक त्यागी, वैभव अरोड़ा और अनुकूल रॉय जैसे घरेलू गेंदबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है। गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से केकेआर ने शुरू में लड़खड़ाने के बाद लगातार चार जीत दर्ज की हैं। केकेआर की टीम अभी भी 10 मैचों में 9 अंकों के साथ तालिका में आठवें स्थान पर है और यहां थोड़ी सी चूक भी उसे प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर होने के करीब पहुंचा देगा।

खबर संक्षेप

फाइनल में लक्ष्य, चार मुक्केबाजों को कांस्य

ताशकंद। भारत के लिए एशियाई अंडर 17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मंगलवार का दिन चुनौतीपूर्ण रहा जब लक्ष्य फोगाट अकेले फाइनल में पहुंचे जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 75 किलोवर्ग में लक्ष्य ने कोरिया के सियुंगमिन ली को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में नरेंद्र नेल्ला (46 किलो) को उजबेकिस्तान के अब्दुल्लाह नूरालीव ने 5-0 से हराया।

विरोध प्रदर्शन के कारण हुआ नुकसान : पूनिया

गोंडा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया का मानना है कि

जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन से जो व्यवधान पैदा हुआ उससे भारत के कई खिलाड़ियों का करियर प्रभावित हुआ, जिसमें वह खुद भी शामिल हैं। दीपक ने कहा कि पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती में अनिश्चितता के लंबे दौर ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर नहीं मिला, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। दीपक ने कहा, 'विरोध प्रदर्शन और अन्य घटनाओं के कारण 2023 के बाद कई टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए थे और हमें पहले की तरह विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के मौके भी नहीं मिले।'

धीमे ओवर पर गिरी गाज 12 लाख का जुर्माना

धर्मशाला। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल के अनुसार, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम, धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें आगे कहा गया है, 'धीमी ओवर गति से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

प्रीमियर लीग

टॉटेनहम और यूनाइटेड के बीच मुकाबला रहा ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लंदन

फुटबॉल प्रीमियर लीग में टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। इस ड्रॉ के साथ ही टॉटेनहम 38 अंकों के साथ 17वें नंबर पर आ गया है। वहीं, लीड्स यूनाइटेड 14वें स्थान पर है। फ्रांसीसी फुटबॉलर मैथिस टेल पहले मुकाबले में हीरो बने, लेकिन उन्होंने अपनी गलती से टीम के लिए परेशानी भी खड़ी कर दी। टेल ने मैच के 50वें मिनट में पहला गोल दागा और टॉटेनहम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने अपने ही बॉक्स में गेंद को खतरनाक तरीके से क्लियर करने का प्रयास किया और इसी कोशिश में उनका पैर एथन अमपाडू को लग गया। वीएआर जांच के बाद लीड्स यूनाइटेड को पेनल्टी मिल गई, जिसका पूरा फायदा इंग्लिश फुटबॉलर कैल्वर्ट लेविन ने उठाया।

गोलकीपर किंस्की ने टीम की हार को टाला

मैच के अंतिम पलों में गोलकीपर किंस्की ने सीन लॉन्गस्टाफ के जबरदस्त शॉट का बेहतरीन बचाव करते हुए टीम की हार को टाला। पहले हाफ के अंत में टॉटेनहम के पास बढ़त बनाने का चांस था। लीड्स के गोलकीपर कार्ल डार्लो ने गेंद को ज्यादा देर तक अपने पास रखा, जिसके कारण स्पर्स को फ्री-किक मिली। हालांकि, रिचर्डसन और पेड्रो पोरो इस मौके का भी फायदा उठाने में नाकाम रहे।

भोपाल लेपर्ड्स ने अकीरा क्रिकेट अकादमी को 248 रन से हराया

भोपाल। ओल्ड कैंपियन मैदान में चल रही 14वीं स्वर्गीय अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता रमेश शर्मा गुट्टू भैया ट्रॉफी के अंतर्गत मंगलवार को भोपाल लेपर्ड्स ने अकीरा क्रिकेट अकादमी को 248 रनों से हरा दिया। भोपाल लेपर्ड्स के अयान के 133, विकास शर्मा के 120 अंकुश सिंह के 88 रन के सहारे टीम ने 437 रन का लक्ष्य खड़ा किया। अकीरा के पीयूष राज सक्सेना और आर्यन सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए। इशांत शर्मा को दो विकेट प्राप्त हुए। जवाब में अकीरा 33 ओवर में 189 रन पर आउट हो गई। कप्तान पीयूष राज सक्सेना ने सबसे अधिक 42, कार्तिकेय सोलंकी ने 29, कुणाल पटेल ने 23

और अर्पण गुप्ता ने 25 रन बनाए। भोपाल लेपर्ड्स के कनिष्क दुबे ने चार, अंकुश सिंह ने तीन और देवेंद्र ठाकुर ने दो विकेट लिए। अंकुश सिंह को 88 रन और 3 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया, उन्हें सरगम विश्वकर्मा और पीयूष बघेल ने पुरस्कृत किया। कल पहला सेमीफाइनल मैच नर्मदापुरम और भोपाल लेपर्ड्स के बीच खेला जाएगा।

टेस्ट सीरीज: बांग्लादेश से बुरी तरह हारा पाकिस्तान, नजमुल की शानदार बल्लेबाजी

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट मैच को 104 रन से अपने नाम किया। दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी के लिए बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

इस जीत के साथ मेजबान टीम ने दो मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का अगला मैच 16 मई से सिलहट में खेला जाएगा। बांग्लादेश के पास पहली पारी के आधार पर 27 रन की बढ़त थी। अगली पारी में मेजबान टीम ने 9 विकेट खोकर 240 रन बनाए और पाकिस्तान को जीत के लिए 268 रन का लक्ष्य दिया। बांग्लादेश की तरफ से इस पारी में कप्तान नजमुल ने सर्वाधिक 87 रन बनाए, जबकि मोमिनुल हक ने 56 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में महज 163 रन पर सिमट गई।

पहली पारी में बांग्लादेश ने बनाए 413 रन

मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी बांग्लादेशी टीम पहली पारी में 413 रन पर सिमट गई। इस पारी में कप्तान नजमुल हुसैन ने 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ 101 रन की पारी खेली, जबकि मोमिनुल हक ने 91 रन टीम के खाते में जोड़े। मुशफिकुर रहीम ने 71 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से मोहम्मद अब्बास ने सर्वाधिक 5 विकेट हासिल किए, जबकि शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट निकाले। हसन अली और नोमान अली को 1-1 विकेट हाथ लगा।

टीटी नगर स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 का शुभारंभ

खेल गतिविधियों के साथ फिटनेस और जीवन कौशल भी सीखेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

टीटी नगर स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 का शुभारंभ सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को कर दिया। कार्यक्रम में खेल और युवा कल्याण विभाग के अपर सचिव अजय श्रीवास्तव, संचालक अंशुमान यादव, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, विभागीय अधिकारी गण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि खेल मैदान से व्यक्तित्व निर्माण तक समग्र विकास हमारा लक्ष्य है। इस वर्ष शिविर को पारंपरिक प्रशिक्षण से आगे बढ़ाते हुए समग्र व्यक्तित्व विकास के दृष्टिकोण से नया स्वरूप और नया नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि आरोह का अर्थ है निरंतर आगे बढ़ना, यानि शिखर की ओर निरंतर प्रगति करना। इसी भावना के साथ यह शिविर युवाओं को खेल कौशल के साथ जीवन कौशल भी सिखाएगा। मंत्री सारंग ने कहा कि आरोह में खेल प्रशिक्षण के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास केंद्रित गतिविधियां शामिल की गई हैं। हमारा उद्देश्य एक ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण करना है जो शारीरिक रूप से सशक्त, मानसिक रूप से संतुलित और सामाजिक रूप से जागरूक हो। मंत्री सारंग ने कहा कि शिविर में विभिन्न आयामों में प्रदेश भर में विद्यार्थियों के लिए गतिविधियों आयोजित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मलखंभ और रस्साकस्सी की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

खेल मैदान से व्यक्तित्व निर्माण तक समग्र विकास लक्ष्यः सारंग

मलखंभ और रस्साकस्सी की प्रस्तुतियों ने बढ़ाया उत्साह

इस वर्ष आरोह में होने वाली प्रमुख गतिविधियां

इस वर्ष आरोह में खेल गतिविधियां, फिटनेस एवं स्वास्थ्य जागरुकता, व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन गतिविधियां, सामाजिक एवं पारिवारिक जुड़ाव, नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता सहित करियर मार्गदर्शन गतिविधियों को शामिल कर विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

मानव संग्रहालय में 30 दिवसीय बाल रंगमंच कार्यशाला शुरू

भोपाल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के संयुक्त नेतृत्व में 30 दिवसीय 'प्रोडक्शन ओरिएंटेड चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप' का शुभारंभ मानव संग्रहालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम संग्रहालय की अंतरंग प्रदर्शनी वीथि संकुल स्थित सभागार में आयोजित हुआ।

बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ाने पर रहेगा फोकस

मानव संग्रहालय परिसर में 'प्रोडक्शन ओरिएंटेड चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप' का शुभारंभ करते हुए बच्चे व अतिथि।

कार्यशाला में अभ्यास करते बच्चे, इनसेट में अभिनेता राजीव वर्मा।

कार्यशाला का उद्देश्य

बच्चों में रचनात्मकता, अनुशासन, टीम भावना और अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों, अभिभावकों, रंगकर्मियों और कला प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वल से हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी एवं फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा के निदेशक संजय कुमार श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सूर्य कुमार पाण्डेय ने की। स्वागत भाषण में डॉ. पी. शंकर राव ने कहा कि रंगमंच बच्चों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। संजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि थिएटर बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक समझ विकसित करता है। मुख्य अतिथि राजीव वर्मा ने कहा कि बाल रंगमंच बच्चों की सृजनात्मक ऊर्जा को सामने लाने का प्रभावी माध्यम है।

देव सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी ने पंछियों के लिए वितरित किए सकोरे

ताकि पंछी न रहें प्यासे...

भोपाल। देव सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए सकोरे (जल पात्र) वितरित किए गए। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि अपने-अपने घरों की छतों, आंगन एवं आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए प्रतिदिन स्वच्छ पानी भरकर रखेंगे, ताकि इस तपती गर्मी में हमारे नन्हे पंखों वाले साथी भी राहत पा सकें।

इस नेक पहल में संस्था की अध्यक्ष रीतु माहेश्वरी के साथ पूनम लड्ढा, रमाजी, सुशीला जी, ममता, किरण, निर्मलाजी, प्रियांशी, मधु एवं संस्था के अनेक सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर समाज को पर्यावरण और जीवों के प्रति संवेदनशील रहने का सुंदर संदेश दिया। आइए, हम सभी एक छोटा-सा प्रयास करें- अपने घर की छत पर एक सकौरा पानी का रखें और पक्षियों के जीवन की रक्षा में सहभागी बनें।

ये सकोरे सिर्फ मिट्टी के बर्तन नहीं, कई जिंदगियों के लिए जीवन की डोर है

संस्था बीइंग रेस्पॉन्सिबल का मानना है कि वो बोल नहीं सकते.. इसलिए उनकी प्यास सुनाई नहीं देती। वो मांग नहीं सकते.. इसलिए उनकी तकलीफ दिखाई नहीं देती, लेकिन, उनका दर्द उतना ही सच्चा है, जितना कि हमारा। बेजुबान हैं तो क्या हुआ, प्यास उन्हें भी लगती है...थीम पर यही एहसास, पिछले कई वर्षों से एक खूबसूरत पहल को जिंदा रखे हुए है। इस वर्ष भी संस्था ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 200 से अधिक मिट्टी के सकोरे और दाने वितरित किए हैं, ताकि पक्षियों और जानवरों को इस भीषण गर्मी में थोड़ी राहत मिल सके। ये सकोरे सिर्फ मिट्टी के बर्तन नहीं हैं.. ये उम्मीद हैं, राहत हैं, और कई जिंदगियों के लिए जीवन की डोर हैं।

डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करतीं पूनम।

भोपाल की कवयित्री पूनम को फरीदाबाद में डॉक्टरेट की उपाधि

भोपाल। मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड, मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद दिल्ली एनसीआर के तत्वावधान में मानद डॉक्टरेट अवार्ड सम्मान समारोह का भव्य आयोजन बीते दिनों फरीदाबाद के दशमेश प्लाजा स्थित कैसल ऑफ आर्ट ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। जिसमें भोपाल म. प्र. की कवयित्री पूनम गुप्ता को हिन्दी साहित्य सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं विशिष्ट सेवा के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता मैजिक एंड आर्ट विश्वविद्यालय के चेयरमैन, कुलाधिपति डॉ. सी.पी. यादव ने की। मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र सैनी सीपीआर मास्टर ट्रेनर ऑफ अमेरिका तथा कैप्टन डॉ. सुरेश कुमार सैनी इंडियन आर्मी ऑफिसर द्वारा की गई।

- हिन्दी साहित्य सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं विशिष्ट सेवा के लिए दिया पुरस्कार

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रसार कार्यक्रम

अमोदा पहुंची मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों ने किया खगोलीय अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आंचलिक विज्ञान केन्द्र द्वारा मंगलवार को रायसेन जिले की गौहरगंज तहसील के अमोदा गांव में विज्ञान प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों और आम लोगों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरुकता बढ़ाना और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान "ऊर्जा" विषय पर आधारित मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें विज्ञान से जुड़े कई रोचक मॉडल और प्रयोग दिखाए गए। विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल तरीके से समझा। इसके साथ ही रोचक विज्ञान प्रदर्शन और खगोलीय अवलोकन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। दूरबीन की सहायता से प्रतिभागियों ने आकाशीय पिंडों को देखा, जिससे बच्चों और युवाओं में खगोल विज्ञान के प्रति खास उत्साह देखने को मिला।

मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों को जानकारी देते हुए।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते बच्चे।

विज्ञान के बारे में जानकारी देते हुए।

जलवायु परिवर्तन से निपटने युवा आगे आएं

विश्व पृथ्वी दिवस पर आरएनटीयू में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से 4 और 5 मई को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का विषय "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" रखा गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, पुनर्चक्रण और सतत विकास के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. टी. रवि किरण के जागरुकता व्याख्यान से हुई। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण और सतत जीवनशैली के महत्व पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते मंत्री सारंग।

सफलता अपने लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए होनी चाहिए: सारंग

भोपाल। देश में 1947 के बाद पुलों और कारखानों के निर्माण की बात तो बहुत हुई, लेकिन व्यक्ति निर्माण की बात कम हुई, जबकि व्यक्ति निर्माण के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि सफलता केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए होनी चाहिए। यह बात एमसीयू में प्रतिभा-2026 के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि खेल, युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कही। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मंत्री सारंग ने विश्वविद्यालय परिसर में एक अत्याधुनिक ओपन जिम खुलवाने की घोषणा भी की। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां भी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक हैं।

डिजाइन शिविर 4.0 का दूसरा दिन

युवाओं ने सीखी रचनात्मकता आत्मविश्वास और बुनाई कला

शिविर में बुनाई की कला सीखते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में आयोजित डिजाइन शिविर 4.0 का दूसरा दिन उत्साह, प्रेरणा और रचनात्मक गतिविधियों से भरपूर रहा। स्कूली विद्यार्थियों एवं डिजाइन के प्रति रुचि रखने वाले प्रतिभागियों ने विभिन्न सत्रों में भाग लेते हुए सीखने और अनुभव का अनूठा संगम देखा।

दिन की शुरुआत 'अर्न योरसेल्फ' विषय पर आयोजित प्रेरणादायक सत्र से हुई, जिसे श्रीकृष्ण बिरहमान ने संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, आत्म-विकास और जीवन में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। उनके संवादात्मक एवं ऊर्जावान सत्र ने प्रतिभागियों को नई सोच और दृष्टिकोण प्रदान किया।

पुस्तक 'शिनाख्तः अग्निगर्भ में जलती पंखुरियां' का लोकार्पण

नालंदा के स्मारकों से उपजे उपन्यास 'अग्निगर्भ में जलती पंखुरियां' का विमोचन एवं विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. वीणा सिन्हा जब नालन्दा के स्मारकों के सामने खड़ी होती हैं तब वे उसे एक ऐतिहासिक स्मारक के रूप न देखते हुए इतिहास में स्त्री विमर्श को देखती हैं। इसी पर आधारित वरिष्ठ गायनेकोलॉजिस्ट एवं स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत अपर संचालक डॉ. सिन्हा के चर्चित उपन्यास 'अग्निगर्भ में जलतीं पंखुरियां' पर केंद्रित पुस्तक 'शिनाख्तः अग्निगर्भ में जलती पंखुरियां' का लोकार्पण एवं विमर्श मंगलवार को दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय में हुआ। आशा पारस फॉर पीस एंड हारमनी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समीक्षकों एवं आलोचकों ने उपन्यास की विवेचना एवं चर्चा कर अपनी बात रखी। उपन्यास की समीक्षा पर आधारित पुस्तक में देश भर से 21 लेखकों ने साहित्यिक एवं शोध आलेख लिखे हैं। प्रो आशा शुक्ला, डॉ वीणा सिन्हा एवं रतनमणि लाल द्वारा विमोचित पुस्तक का संपादन किया गया है।

'अग्निगर्भ में जलती पंखुरियां' पुस्तक का विमोचन करते हुए अतिथि।

साहित्य, संवेदना और विचारों का हुआ विशेष संगम

पुस्तक के औपचारिक लोकार्पण के पश्चात विमर्श में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार, आलोचक एवं विद्वानों ने विशिष्ट वक्तव्य सहित साहित्यिक विमर्श किया। संबोधित करते डॉ वीणा सिन्हा ने कहा कि आज हम जो भी बने हुए इतिहास की स्मृतियों से बने हुए हैं। नालन्दा के धरोहर एक काल खंड की कहानी कहते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त गजलकार अपर्णा पात्रीकर ने कहा कि लेखिका ने ऐतिहासिक स्मारकों के काल में उपस्थित होकर स्त्रियों के इर्द गिर्द घटनाओं को महसूस किया और कहानी को इतिहास के साथ पिरोते हुए लिखा है।

वैदिक युग काल में स्त्रियों की भूमिका पर चर्चा की

मप्र लेखिका संघ की पूर्व अध्यक्ष एवं साहित्यकार कुमकुम गुप्ता ने वैदिक युग काल में स्त्रियों की भूमिका पर प्रकाश डालते उपन्यास की महिला पात्रों के संघर्ष पर अपनी बात कही। युवा फिल्मकार सुदीप सोहनी के अनुसार कहानी वीभत्स रस से शांत रस की ओर इतिहास की दृष्टि से यात्रा करवाती है। कुमार सुरेश ने कहा कि लेखिका एक वक्ता एवं दृष्टा की तरह काल खंड की झांकी को प्रस्तुत करती हैं। कवि एवं लेखक राग तेलंग ने कहा कि यह उपन्यास तर्क एवं भावनाओं के परे ले जाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930